उत्पन्न होता है और वह इक्कीस बारशासकों का विनाश करता है। इसके पश्चात् मनुष्य के ऐसे रूप का वर्णन मिलता है जो क्रमशः अपने सद्व्यवहारों के कारण भी जाना जाता है। दाशरथी राम हमारे मर्यादा-पुरूषोत्तम हैं जिनमें मानव-जीवन की समग्र मर्यादाओं का विकसित रूप संपन्न है। जहाँ आदर्श पिता, पुत्र, राजा आदि समग्र आदर्शों की पूर्ण प्रतिष्ठा होती है। तब श्रीकृष्ण रूप धारण किया जाता है जिसमें 'बलराम' रूप में अवतरण पाया जाता है। 'बलराम' में हम बल के ऊपर अधिक आग्रह रखने वाले मानव रूप का साक्षात्कार करते हैं जो प्रत्येक समस्या के समाधान के लिए अनियंत्रित बल का ही आश्रयण करता है। 'बुद्ध' में कृपा की अधिकता दृष्टिगत होती है। यहाँ मानव कृपा के आधिक्य से इतना संपन्न रहता है कि वह शत्रु के ऊपर बल का प्रयोग न कर, कृपा, करूणा तथा मैत्री जैसे उपायों द्वारा उसे अपने वशीभूत करता है। इससे उसकी आत्मशक्ति का विकास होता है। परंतु जब ऐसा करने पर भी मनुष्य की समस्या नहीं सुलझती, तब कल्कि के रूप में 'अकृप' रूप का साक्षात्कार करते हैं। दुर्दान्त एवं उद्दण्ड प्राणी कृपा-करूणा के कोमल साधनों से पराक्रांत नहीं होता। दुर्दान्त काद मन हिंसा की सहायता चाहता है और उद्दण्ड का स्वभाव करूणा की पीठी दवाई से ठीक नहीं होता। फलतः कल्कि के अवतार में हम प्राणियों के वर्तमान युग की समस्याओं का समाधान रूप पाते हैं।

इस प्रकार अन्तः प्रविष्ट होकर विचार करने पर आवतारवाद विकासवाद के वैज्ञानिक तथ्य के ऊपर आधारित नितांत सत्य तथा बहुमूल्य देन है, इसमें संशय के लिए स्थान नहीं होना चाहिए। विकासवाद का तत्त्व भारतवर्ष में सुदूर प्राचीन काल में विवेचित किया गया था जिसके मूल स्त्रोत वेद हैं। यह तो सर्वमान्य सिद्धांत है कि वेदों का परिबृंहण इतिहास-पुराण में है और इसी सिद्धांत का एक पोषक साधन यहाँ उपस्थित किया गया।

सन्दर्भ-ग्रन्थ-सूचीः-

1. श्रीमद् भागवद्गीता
2. पुराण विमर्श- आचार्य बलदेव उपाध्याय
3. संस्कृत साहित्य का इतिहास-वाचस्पति गैलोला
4. पुराणपर्यालोचनम् (गवेषणात्मक एवं समालोचनात्मक भाग)- डॉ. कृष्णमणि त्रिपाठी
5. अग्निपुराण-श्री तारिणीश झा, डॉ. घनश्याम त्रिपाठी

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 17) ISSN : 0975-1769

व्यपदेशिवदकेस्मिन् परिभाषाविचारः

-डॉ. मधुकेश्वरभट्टः
सहाचार्यः, केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
नवदेहली-110058

[अस्मिन् लेखे व्यपदेशिवदेकस्मिन् परिभाषायाः आवश्यकता, परिभाषासिद्धि-प्रकारः, परिभाषायाम् एकस्मिन् पदप्रयोजनम्, अनया अशास्त्रीयस्यापि अतिदेशः, तत्र कैयटाशयः, कैयटमतनिराकरणं कथमकारि इति विषयाः कूपत् न्यरूपिषत।]

अनियमे नियमकारिणी परिभाषा। परिभाषा हि द्विविधा तत्रादौ सूत्रात्मिकाः याः पाणिनिना उच्चारिताः अन्याश्च याः पाणिनिना साक्षान्नोच्चारिताः। अत एव परिभाषेन्दुशेखरे नागेशेन एवं स्पष्ट्यकारि प्राचीनवैयाकरणतन्त्रे वाचनिकान्यत्र पाणिनीयतन्त्रे ज्ञापकन्यायसिद्धानि भाष्यवार्तिकयोरुपनिबद्धानि यानि परिभाषारूपाणि तानि व्याख्यायन्ते[1] इति। तासु परिभाषासु अन्यतमा परिभाषा व्यपदेशिवदेकस्मिन् इति। दक्षस्यापत्यं पुमान् दाक्षिः इत्यत्र दक्ष इति अदन्तात् प्रातिपदिकात् अत इञ्[2] सूत्रेण इञ्-प्रत्यये दक्ष+ङस्+इ इति स्थिते सुब्लुकि यचि भम्[3] इत्यनेन भत्वात् यस्येति च[4] इत्यनेन अकारलोपे ततः तद्धितेष्वचामादेः[5] इति सूत्रेण आदिवृद्धौ दाक्षि इति सिद्धे पुनः सुबुत्पत्तौ प्रथमैकवचने दाक्षिः इति रूपं सिध्यति। वासुदेववाचकात् अ शब्दात् अस्यापत्यम् इः इत्यादौ अदन्तप्रातिपदिकाभावादिञ् न स्यात् यतो हि अत इञ्[6] सूत्रे येन विधिस्तदन्तस्य[7] सूत्रेण तदन्तविधौ अत इति विशेषणत्वात् प्रातिपदिकं विशेष्यमिति कृत्वा सूत्रार्थः एवं फलति षष्ठ्यन्तह्रस्वान्ताकारान्तप्रातिपदिकात्

---

1. परिभाषेन्दुशेखरः
2. अष्टाध्यायी 4-1-95
3. तत्रैव 1-4-18
4. तत्रैव 6-4-148
5. तत्रैव 7-1-117
6. तत्रैव 4-1-95
7. तत्रैव 1-1-72

अपत्यार्थे इञ् स्यादिति। प्रकृते अशब्दे अदन्तत्वाभावात् इञ् प्रत्ययो न स्यात्। अतः परिभाषारब्धा व्यपदेशिवदेकस्मिन्। निमित्तसद्भावात् विशिष्टोपदेशः- मुख्यो व्यवहारो यस्यास्ति स व्यपदेशी। यस्तु व्यपदेशहेत्वभावादविद्यमानव्यपदेशोसहायः सः तेन तुल्यं वर्तते। कार्यं प्रतीत्येकस्मिन्नसहायेपि तत्कार्यं कर्तव्यमित्यर्थः। अत्र एकस्मिन्- असहाये, व्यपदेशिवत् - मुख्यव्यवहारवत् कार्याणि क्रियेरन् इत्ययं सामान्योर्थः लभ्यते। व्यपदेशः-विशिष्टः अपदेशः अस्यास्तीति व्यपदेशी तेन तुल्यं व्यपदेशिवत्। अस्याः परिभाषायाः स्वीकारे दक्षस्यापत्यं दाक्षिः इत्यत्र यथा दक्षशब्दात् इञ् - प्रत्ययो भवति तद्वत् अ इति असहायवर्णादपि दाक्षिवत् मुख्यकार्यं प्रवर्तते। तेन अस्यापत्यम् इः इति रूपसिद्धिर्भवति।

परिभाषायाम् एकस्मिन् पदप्रयोजनम्

परिभाषायाम् एकस्मिन् ग्रहणात् असहायस्य एव ग्रहणम्। तेन सभासन्नयन इत्यत्र अकारः असहायो नास्ति किन्तु ससहाय एव अतः वृद्धाच्छः[1] इति सूत्रेण छ-प्रत्ययो न। एवमेव दरिद्रा धातावपि रेफोत्तरस्य इकारस्य वर्णानां मध्ये उच्चारितत्वात् नान्तत्वम्। अतः इकारान्तलक्षणोच् प्रत्ययो न भवति नो चेत् एरच्[2] इति सूत्रेण अच्-प्रत्ययः स्यात्। अत एव हरि+सु-हरिषु इत्यादौ पदत्वं न। यतः ससहायत्वात् तदादितदन्तधर्मः केवलं सु इत्यस्मन्नतिदेष्टुमशक्यत्वात्। तस्मात् सु इत्यस्य पदसंज्ञाभावे सात्पदाद्योः[3] सूत्रेण षत्वनिषेधो न।

परिभाषासिद्धिः

प्रकृतपरिभाषा लोकन्यायसिद्धा। तद्यथा लोकेपि बहुपुत्रसत्वे नैकस्मिन् ज्येष्ठत्वकनिष्ठत्वादिव्यवहारोयं मे ज्येष्ठः कनिष्ठो मध्यमः इति किन्त्वेकपुत्रसत्वे एव। अतः न केवलमियं शास्त्रीयकार्यस्यैवातिदेशं करोति, अपित्वशास्त्रीयातिदेशमपि। अशास्त्रीयातिदेशस्य फलम् अशास्त्रीयातिदेशेनैव इयाय रूपसिद्धिः। अत्र इण्- गतौ धातोः लिटिप्रथमपुरुषैकवचनविवक्षायां तिपि परस्मैपदानां णलतुस्थलथुसणल्वमाः[4] इति तिपः स्थाने णलादेशः। ण् ल् अनयोः अनुबन्धलोपे इ+अ इत्यवस्थायां लिटि धातोरनभ्यासस्य[5] इति सूत्रेण द्वित्वे इ इ+अ इति जीते पूर्वोभ्यासः[6] सूत्रेण

---

1. अष्टाध्यायी 4-1-114
2. तत्रैव 3-3-56
3. तत्रैव 8-3-14
4. तत्रैव 3-4-82
5. तत्रैव 6-1-8
6. तत्रैव 6-1-4

अभ्याससंज्ञायाम् अचो ञ्णिति[1] इति सूत्रेण वृद्धौ अयादेशे च इ आय इति जाते अभ्यासस्यासवर्णे[2] सूत्रेण अभ्यासस्य इवर्णस्य इयङादेशेनुबन्धलोपे इयाय इति रूपं सिध्यति। अत्र इ+ उ इत्यवस्थायामिकारस्यद्वित्वमिष्टम्, परन्तु एकाचो द्वेप्रथमस्य[3] इति सूत्रे एकोच् यस्मिन् इति व्याख्यानात् इकारः न कस्यापि अल्समुदायस्य अच्, अपि तु एक एव अच् स्वतन्त्ररूपेण। अतः द्वित्वं न स्यात् इत्याशङ्कायां प्रकृतपरिभाषया एकाच्त्वरूप - अशास्त्रीयातिदेशात् इकारोपि एकाच् इति मत्वा तस्य द्वित्वं क्रियते तस्मात् इयाय इति रूपं सिध्यति। एवमेव भवति इत्यादौ भू-धातोः लटि तिपि शपि भू+अ+ति इति जाते भकारोत्तरवर्तिनः ऊकारस्य गुणः कर्तव्यः, परन्तु यस्मात्प्रत्यय-विधस्तादिप्रत्ययेङ्गम्[4] इति सूत्रेण भू+अ इत्यत्राङ्गसंज्ञा। अतः भूमात्रस्याङ्गसंज्ञाभावे गुणो न भवेत्, इष्यते च गुणः। अतः प्रकृतपरिभाषया अशास्त्रीयातिदेशात् व्यपदेशिवद्भावेन भू इत्यस्याङ्गत्वं विधाय गुणस्ततश्चावादेशे भवति इति रूपसिद्धिः। पूर्वोक्तरीत्या इयान् इत्यादावपि अशास्त्रीयातिदेशः। इदम् शब्दात् इदं परिमाणमस्येत्यर्थे किमदम्भ्यां वो घः[5] इति सूत्रेण वतुप्-प्रत्यये, अनेनैव सूत्रेण वकारस्य घादेशे इदम्+घत् इति जातेआयनेयीनीयियः फढखछघां प्रत्ययादीनाम्[6] इति सूत्रेण घस्य इयादेशे इदम्+इयत् जाते इदङ्किमोरीश्की[7] सूत्रेण इदमः ईशादेशे अनुबन्धलोपे ई+इयत् इत्यत्र यस्येति च[8] सूत्रेण ईलोपे इयत् - इति प्रत्ययमात्रस्य प्रातिपदिकत्वात् स्वादिकार्ये इयान् इति रूपम्। प्रकृते इयदितिप्रत्ययमात्रमस्ति, तस्य कार्यकालपक्षे प्रातिपदिकसंज्ञा इष्यते अतः अनया परिभाषयात्र तद्धितान्ततदादित्वाशास्त्रीयधर्म-मतिदिश्य प्रातिपदिकत्वं साध्यते। एवञ्चोपर्युक्तविवरणेन ज्ञायते यदनया परिभाषया अशास्त्रीयधर्मस्याप्यतिदेशो भवतीति।

इयाय इत्यत्र कैयटमतम् -

इयाय इत्यत्र द्वित्वसिद्ध्यर्थं मुख्यव्यवहारस्य सादृश्यं नावश्यकमिति। तत्तु अर्थस्य त्यागोपादानाभ्याम् इयाय इत्यादौ इकारे एकाच्त्वनिर्देशादेव द्वित्वसिद्धिः। इण्-धातौ अर्थविशिष्टः इ-धातुः अस्ति। तस्मिन् यदा एकाच्त्वव्यवहारः आवश्यकः

---

1. अष्टाध्यायी 7-1-115
2. तत्रैव 6-4-78
3. तत्रैव 6-1-1
4. तत्रैव 1-4-13
5. तत्रैव 5-2-40
6. तत्रैव 7-1-2
7. तत्रैव 6-3-90
8. तत्रैव 6-4-148

तदानीं तत्रार्थस्य त्वागः कर्तव्यः। एवमच्त्वव्यवहारकाले अर्थस्य त्यागेन तथा च एकाच्त्वव्यवहारे अर्थस्योपादानेन इकारे एकाच्त्वव्यपदेशो भवति। तेन इयाय इत्यादौ अर्थवान् धातुः इ, तस्य इ – वर्णरूपी एकः अच् अवयवः। एतादृशार्थकरणेन एकाच् – व्यपदेशो भवति, इवर्णश्च व्यपदेशी अतः द्वित्वसिद्धिर्जायते इति कैयटाशयः।

कैयटमतखण्डनम्

अत्र नागेशः– इयाय इत्यत्र द्वित्वसिध्यर्थं मुख्यव्यवहारस्य सादृश्यं नावश्यकमिति कैयटोक्तिः न साध्वी। भाष्यविरोधापत्तिः। भाष्यकारेण एकपदा ऋक् इत्यादिस्थले व्यपदेशिवद्भावमकृत्वा मुख्यव्यवहारः एवोक्तः, तद्वत् इयाय इत्यादिस्थलेपि अर्थाधारेण एकाच्त्वस्य मुख्यव्यवहार एव। वेदे यत् तत् इत्याद्यः ऋचः सन्ति तासां वाचकः एकपदा इति शब्दः। एकपदा इत्यत्र बहुव्रीहिः आश्रीयतेएकं पदं यस्याम् ऋचि। इह शङ्का जायते यत् अत्र तु केवलमात्रपदमस्ति अतः कथंकारम् एकपदा ऋक् इति वक्तुं शक्येतएवमाशङ्कायां भाष्यकारः समाधत्ते–अत्र एकपदं स्वस्मिन्नेव वर्तते अतो व्यपदेशिवद्भावस्यावश्यकता एव नास्ति। मुख्यव्यवहारसत्वात् एकपदा ऋक् इत्यत्र अर्थेन युक्तो व्यपदेशः इति भाष्यकारेणावादि। ऋक्त्वादेरर्थशब्दोभयवृत्तित्वेन तस्याः शब्दमात्ररूपं पदमेकोवयव इत्यर्थः। एवं प्रकारेण इयाय इत्यादिस्थले शब्दस्य त्यागोपादानाभ्याम् एकाच् शब्दस्य मुख्यव्यवहार एव इति नागेशभट्टः अभिप्रैति।

अनुशीलितग्रन्थसूची

1. अष्टाध्यायी संपादकः प्रो. गोपालदत्तपाण्डेयः, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी
2. परिभाषेन्दुशेखरः, विश्वनाथ मिश्रः, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी
3. परिभाषेन्दुशेखरः, संपादकः श्रीपादसत्यनारायणमूर्तिः, राष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठम्
4. महाभाष्यम्, संपादकः गुरुप्रसादशास्त्री, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्।

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 17) ISSN : 0975-1769

चिरंजीव दाश का अनुवाद लालित्य

–अजय कुमार मिश्रा
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
भोपाल परिसर, भोपाल (म.प्र.)

[अस्मिन् शोधपत्रे लेखकेन अनुवादेन लालित्यं कथमायाति इति चर्चितम्। वर्तमानकाले चिरंजीवदासस्य कृतस्य अनुवादस्य कावश्यकता वर्तते तेन च जनाः कथं लाभान्विताः भविष्यन्ति इत्यादयः विषयाः विचारिताः।]

प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी, प्रो. रामकरण शर्मा. प्रो कमलेशदत्त त्रिपाठी तथा प्रो. **अभिराज** राजेन्द्र मिश्र जैसे संस्कृत भाषा तथा साहित्य के दिग्गजों तथा अशोक वाजपेयी जैसी प्रखर हिंदी साहित्यकारों और समीक्षकों द्वारा भारतीय साहित्य की संघीय (फेडरल) संस्कृति के कई उन्मेषकों में एक अति महत्त्वपूर्ण लेकिन हिन्दुस्तानी अदब के संस्कृत क्षितिज से कमोबेश ओझल रचनाकार सुकवि चिरंजीव दाश की नदीष्ण रचनाधर्मिता पर गौर फरमाया जाना शुभ का संकेत है। इससे उत्कल के गुमनाम संस्कृत विद्वान् प्रकाश में आएगें। लेकिन इसमें स्फूर्तिदायक तोष का अनुभव तभी और सही अर्थों में किया जा सकता है जब इनकी समग्र रचनाओं का एक व्यवस्थित स्तबक पाठक समाज को हाथ लग सके। यह पहल इसीलिए भी आवश्यक जान पड़ता है कि आज यहाँ भूमंडलीकरण के इस दौर तथा तकनीकी क्रांति की वजह से **पुरुषार्थ चतुष्ट्य अर्थ** और **काम** में ही मानो समाने को आतुर है जिसमें भारतीय साहित्य के अनिवार्य तत्त्व धर्म और मोक्ष हाशिए पर ही खिसकता नज़र आता है। और वैसे घातक दौर में जब **पोस्टमोर्डनिज़्म** के कुछ ख़तरनाक तत्त्वों के फलसफ़ा के तहत साहित्य के कई सरोकारों तथा मान्यताओं पर खतरे के मनहूस बादल मँडरा रहे हों। ऐसी संगोष्ठी से प्रादेशिक साहित्य की ऊर्जस्विता और भास्वरित होगी जो आज समय की युगीन माँग है क्योंकि किताबें पाठकों के हाथों से फिसलती नज़र आ रही है।

आचार्य दाश ने कालिदास तथा जयदेव आदि की मूल संस्कृत रचनाओं

का अनुवाद मूल के साथ तरोताजा, ललित, सरस और सरल हिंदी अनुवाद किया है। उसे बड़ा ही अभ्यर्हणीय पहल माना जाना चाहिए क्योंकि जयदेव रचित **गीतगोविंद** को तो समान्यत: समूची दुनिया जानती है। लेकिन **लीलाशुक विल्वमंगलाचार्य** रचित कृति **श्रीकृष्णाकर्णमृत** (अन्य नाम **कृष्णकर्णामृत**) जो बंगाल के वैष्णव संप्रदाय में विशेष रूप से लोकप्रिय रही है उसको समग्र वैष्णव वाङ्मय में यथोचित ढ़ग से स्थान नहीं मिल सका है। आचार्य दाश अनूदित प्रस्तुत रचना मूल कृति के पाठकीयता के क्षितिज को उत्तरोत्तर परिवर्धित तथा संवर्धित करेगा। यहाँ यह तथ्य भी साफ़ कर देना बिल्कुल जायज़ होगा कि आचार्य दाश अन्य अधिसंख्य अनुवादकों की तरह ही संस्कृत के क्लासिक्स रूपी मधुमक्खी के छत्ते पर भौरों की तरह ही नहीं मँडराते हैं अपितु साहित्य कानन के उस प्रसून कृति की भी खोज ख़बर लेना नहीं भूलते जो मिट्टी की परतों में अंकुरित होते हुए, पुष्पित तथा पल्लवित होकर अंतत: अपने उस रचना गुच्छ का सौन्दर्यहार बन कर एकाकीपन का ही शिकार हो जाते हैं। रचना के ऐसे गुमनाम लेखक दास ने उम्दा तर्जुमा कर इसे लोकप्रिय बनाने की दिशा में बड़ा ही सार्थक पहल किया है। ओजस्वी एवं बहुचर्चित हिंदी कवि अशोक वाजपेयी ने भी आचार्य चिरंजीव दास अनूदित भर्तहरि कृत वैराग्य-**शतक** के मनभावन हिंदी अनुवाद पर हिंदी साहित्य के छायावादी कवियों के प्रभाव का जिक्र किया है। इनके अनुवाद पर कहीं-कहीं गजाननमाधव मुक्तिबोध के दार्शनिक अंदाज की रहस्यमयता का भी भाव बड़ा ही सहज रूप में अनुभव किया जा सकता है।

प्रस्तुत शोध पत्र में मेरा यह भरसक प्रयास हैं कि आचार्य चिरंजीव दाश जी द्वारा अनूदित संस्कृत **क्लासिक्स** का यथोचित मूल्यांकन प्रस्तुत किया जा सके क्योंकि दरिदा जैसे पाश्चात्य विचारकों ने भी किसी रचना के अनुवाद धर्मिता को भी मूल पाठ से किसी भी मायने में कम नहीं आँका है। ग़ौरतलब़ है कि भारतीय परंपरा के संस्कृत टीकाकारों ने भी अपनी मूल संस्कृत व्याख्या/ टीका-टिप्पणी से इसकी क्लासिक्स के विविध अर्थों को उत्तरोत्तर अन्वेषित और उन्मीलित करते रहे हैं। इसलिए आचार्य दाश की कालजयी अनुवाद की रचना धर्मिता का तहक़ीक़ात सर्वथा अपेक्षित जान पड़ता है। यह तथ्य अलग हैं कि इनकी रचना संसार को लेकर छत्तीसगढ़ में व्यक्तिगत तौर पर अकादेमी तो ज़रूर बनायी गई है। लेकिन आधुनिक युग के इस महत्त्वपूर्ण लेकिन सर्वथा अनालोचित रचनाकार को भारतीय साहित्य के मुख्यधारा से जोड़ा जाना सर्वथा प्रासांगिक है। सूचनीय है कि पंडित दाश ने अपने सरकारी कामकाज़ के उत्तदायित्वों अनुवाद प्रोद्यौगिकी की दुनिया में एक अहम पहचान दिया है।

ध्वन्यांकन तथा दृश्यांकन के विविध माध्यमों के इस संक्रमण के दौर में साहित्य विशेषकर नाट्य-साहित्य, वह भी दूरदर्शन के नाना चैनल्स के कारण हाशिए पर ही खिसकता नज़र आता है। इसमें व्यवसायिक शिक्षा की होड़ में तो इस जले पर नमक छिड़कने का काम करता मालुम पड़ता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि अनुवाद रचना की जो औद्योगिक धर्मिता है उसके माध्यम से न केवल भारतीय साहित्य अपितु दुनिया के अदब को भी एक दूसरे के पास लाया जा सकता है। लेकिन इसमें पोस्ट्रमोर्डनिज़्म तथा ग्लोबलाइजेशन ने मँडराते खतरों से भी बचे रहने की ज़रूरत है। संस्कृत-हिंदी के गंगा-यमुना संस्कृति के एक भूले-बिसरे नदीष्ण विद्वान्-कवि आचार्या चिरंजीव दाश वाकई में कालजयि तथा युगीन रचनाकार माने जा सकते हैं। हो सकता है कि उस कथन से बहुत सारे पाठक/ समीक्षक समाज सहमत न हों क्योंकि उनके अनुवाद रचना के कलेवर का समुचित संचयन ठीक ढंग से प्रकाश में, नहीं आ सका है। इसके लिए जितना समालोचक उत्तरदायी हैं, संभवतः उतना ही साहित्यिक/ सांस्कृतिक अकादेमियाँ भी जिम्मेदार माने जा सकते हैं। संघीय साहित्य की मोल-जोल की संस्कृति को और तभी अधिक बल मिलेगा जब आज का अनुवाद उद्योग अपने रचना संसार के कल-कारखाानों की चिमनियों में कवि दाश जैसे और अन्य रचनाकारों अनुवादकों की लेखनी की लोहे को प्रज्ज्वलित करे। ऐसे सार्थक प्रयास से जहाँ संस्कृत क्लासिक्स का हिंदी भाषा में पाठक को लोक संस्करण की किताब हाथ लगेगी वहीं संस्कृत भाषा तथा साहित्य की जींवतता को लेकर जो मिथक फैलाने का प्रयास किया जा रहा हैं, उसका भी थोड़ा समाधान अन्वेषित किया जा सकता है क्योंकि इससे संस्कृत क्लासिक्स को आम बोलचाल की भाषा का पतवार अपने आप मिल जाएगा और जनमानस के बीच इसकी पाठकीयता भी मुखरित होगी।

ग़ौरतलब़ है कि आचार्य चिरंजीव दाश ने संस्कृत के अनेक क्लासिक्स को अपने अनुवाद का आयाम बनाया है वहीं उन महत्त्वपूर्ण लेकिन आमतौर पर अचर्चित संस्कृत रचनाओं से भी इसके अनुवाद संसार का बड़ा ही अभ्यहरणीय श्रीवृद्धि की है। इनके विषय में न केवल साहित्य के सामान्य पाठक, अपितु संस्कृत समाज के अधिसंख्य पाठक भी कमोबे़श काकस्नान ही किया होगा। संस्कृत-हिंदी भाषा के अन्य दिग्गजों की तरह ही आचार्य दाश भी जहाँ कालिदास के प्रख्यात गीति काव्य 'मेघदूत' पर मँडराने से अपने आप को नहीं रोक सके हैं वहीं छायावादी रूझान वाले कवि-अनुवादक आचार्य दाश ने उनके 'ऋतुसंहार' को भी अपने जीवत हिंदी पद्यानुवाद से और लोकजन्य बनाने का यथासंभव प्रयास किया है। अनुवादक ने 'मेघदूत' के अपने अनुवाद में जो एक

सारगर्भिता भूमिका लिखी है उसमें अवगाहन से भान होता है कि यह एक अभिनव साहित्य रूपी जल क्रीड़ा है क्योंकि ऐसी जानकारी इसके सामान्य संस्करण की किताबों में सामान्यत: पढ़ने को नहीं मिल जाती है। साथ ही साथ इसमें जो मेघ के मार्ग का खाक़ा खींचा गया है, वह साक्षात् मानस पटल पर सद्य: अंकित होता लगता है।

विल्हण का मात्र पचास श्लोक वाला गेय लघुकाव्य 'चौरपंचाशिका' जो कश्मीर तथा दक्षिण भारत में 'विल्हण काव्य' नामक कविता में भी समाविष्ट मिलती है। इसके विषय में कहा जाता है कि कवि को अपने राज्याक्षय राज्य को राजकुमारी को पढ़ाने के क्रम में जो आँखे चार हो गयीं थीं उसी प्रेम प्रसंग की घटनाओं का अंकन किया गया है। इस रचना से जुड़े इनके अनेक पाठों तथा पाण्डुलिपियों का होना इाकी लोकप्रियता तथा क्षेत्रीय महत्त्व को भी उजागृत करती है। लेकिन यहाँ यह प्रश्न उठना उचित लगता है कि शृंगार की कमनीयता तथा करूणा की भाव पेशलता से समन्वित ऐसे नदीष्ण रचना पर सामान्यत: अनुवादों/ समीक्षकों की नज़र क्यों नहीं जाती हैं? आचार्य दाश ने संस्कृत क्लासिक्स की इस रिक्तता की पूर्ति बड़े सार्थक रूप में अपने ओजस्वी अनुवाद के माध्यम से किया है। अनुवादक ने प्रस्तुत पुस्तिका के 'द्वारबंध' में अपने इस पद्यानुवाद को अपने आप में पहले किस्म का माना है। इस प्रकार आचार्य दाश अनुवादकों की उभरती भीड़ से हट कर माने जा सकते हैं जिनके अनुवाद का लक्ष्य साहित्य के उन गुदरी के लालों का भी गले लगाना है जिन पर अनुवादों/ समीक्षकों का समुचित ध्यान नहीं गया है। यद्यपि इसके अनुवाद में 'भी' (पृ. 11), वर्णन, (पृ.20), 'व्यक्त' तथा 'सदृश' (पृ. 23) तथा 'स्वीकृत' (पृ.26) जैसे टंकण की तकनीति चूक, ज़रूर दिखती है। फिर भी यह नहीं भूलना चाहिए कि इसका सरल, सहज तथा सरस-ललित हिंदी पद्यानुवाद अपने आप में मूल कविता की तरह लगने लगती है। उदाहरण स्वरूप इन पंक्तियों को भी पढ़ा जा सकता है- "हे जनो! यह विरह का जो दहन/ और मुझ से अब न होगा सहन ॥26॥" (हंहो जना मम वियोगहुताशनोऽयं/ सोढुं न शक्यत इति प्रतिचिन्तयामि)। उसी प्रकार- "आन्दोलन श्रमजलस्फुटसान्द्रबिन्दुमुक्ताफलप्रकरविच्छुरितं प्रियायां" जैसी बाणशैली का सरल तर्जुमा- "और तनु-क्षम हेतु जो स्फुट सघन है पर्याप्त/ स्वदेकरण-मुक्ताफलों से वह यथाविधि व्याप्त" भी दाश जी के अनुवाद कला के अन्त:ज्ञान को समुज्ज्वलित करता मालुम पड़ता है। उसी प्रकार बंगाल के वैष्णव संप्रदाय में बहुलोकप्रिय लीला शुक विल्वमंगलाचार्य रचित- "श्रीकृष्णकर्णामृत" (दूसरा नाम कृष्णकर्णामृत) भी जो उस क्षेत्र का "गीत-गोविन्द" (जयदेव) माना जाता है। का भी बड़ा मनभावन अनुवाद कर संस्कृत-हिंदी का सांझी संस्कृति में

गेयकाव्य का एक बहुत ही अच्छा आगाज किया है। इसमें 'पशुपालबालपरिषद्' (श्लोक 71) का "गोप-बाल-परिषद्" के रूप में हिंदी अनुवाद छायावादी शैली के रुझान को इंगिन करता है।

अनुवादक ने भर्तृहरि के तीनों शतक (नीति, शृंगार तथा वैराग्य शतक) का जो हिंदी पद्यानुवाद किया है। उनमें भी अन्य अनुवादों की अपेक्षा कई अन्य ख़ासियत झलकती हैं। सधे अनुवादक ने नीति-राग-विराग जैसे त्रिकोणात्मक भावों को बड़े ओजस्वी, सटीक तथा स्फ़टिक शब्दार्थ संधानके माध्यम से इसकी तर्जुमा में जान फूँक दिया है। ऐसे प्रखर तथा उम्दा अनुवाद के माध्यम से भी आज संस्कृत हिंदी भाषाओं के बीच बिखरते रिश्तों को थोड़ा सँवारा जा सकता है। और इस दिशा में सार्थक प्रयास अनुवाद विधा का एक अतिमहत्त्वपूर्ण युगीन धर्म माना जाना चाहिए। यद्यपि इनके अनुवाद पर तत्सम शब्दों के दबदबा के सबब से हिंदी साहित्य के इतिहास खंड "छायावाद" का पिपुल प्रभाव दिखता है। साथ ही साथ इक्के-दूक्के जगहों पर कुछ क्षेत्रीय शब्दों के प्रभाव (यथा-जावें-पृ.114) का भी रूझान पढ़ा जा सकता है। और यत्र-तत्र मूल से अनूदित शब्द अधिक अप्रचलित (यथा 'पुत्र' का 'सूत्र'- पृ. 137) शब्द का प्रयोग प्रस्तुत अनुवाद को और तत्सम बना देता है। वहीं 'नव' (पृ. 9) शब्द जगह 'अभिनव' शब्द भी बहुत अच्छा अनुवाद नहीं माना जा सकता है। उसी प्रकार 'प्राणों (पृ. 103, 104)' बहुवचनान्त प्रयोग भी हिंदी भाषा के मिजाज के अनुकूल नहीं माना जा सकता है और अनेक स्थलों पर "शृंगार" शब्द की प्रूफरीडिंग की भी ज़रूरत है। लेकिन अनुवादक द्वारा "अप्रतिबंधित अंगों" (पृ. 65) जैसे शब्दों का क्वायन किया जाना भी भाषा के प्रवाह को दर्शाता है। भारतीय संस्कृति की जीवन पद्धति-आश्रम व्यवस्था के जुड़े इस अनुपम काव्यत्रय का मनोरम हिंदी पद्यानुवाद में कहीं-कहीं चौपाई की शैली की भी झलक आँख-मिचौनी करती दिख सकती है।

आज ई-टेक्स्ट ने पुस्तक के महत्त्व को थोड़ा ओझल ज़रूर किया है। शास्त्रों का मात्र पाण्डुलिपि की दशा में ही होना भी इस दौर में शास्त्र के लिए कोई कम खतरा नहीं दिखता है। संपादक/ अनुवादक/ समीक्षक की लापरवाही इस खतरे की घंटी की आवाज़ को और तेज कर देती है। ऐसा लगता है कि नारी मनोंविज्ञान/ नृत्य विद्या से जुड़ी एक उम्दा तथा बहुधान्यूनतर समीक्षित भानुदत्त कृत-रसमंजरी का दाश जी ने ललित तथा पुख्ता अनुवाद प्रस्तुत किया है। इससे उनके भारतीय सौन्दर्यशास्त्रीय चिंतन को भी उजागृत करता है क्योंकि गद्य की अपेक्षा का वह भी पद्यानुवाद बड़ी टेढ़ी खीर होता है क्योंकि इसमें एक

समय और एक ही साथ विविध अर्थो की शृंखलित झड़ियाँ निकलती है। दाश जी ने इनके भाव के मूल अर्थ के तह में जाकर बड़ा ही जीवंत अनुवाद प्रस्तुत किया है। फलतः संस्कृतेतर पाठक/ नट/ नटी/ नर्तक या नर्त्तिका को बड़ी ही प्रमाणिक सामग्री हाथ लगा गयी है। यहाँ यह भी ध्यान रहे कि रंगकर्म से जुड़े तकनीकी शब्दावली को समझना भी कलात्मज्ञान को संपुष्ट करता है। अन्यथा, शब्दों पर शब्दों की मक्खियों को बैठाना अनुवादक के लिए लाचारी हो जाती है। उनके अनुवाद चार्तुय कला को संस्कृत शब्द "सहचरी नीति" (पृ. 27) का हिंदी अनुवाद–"नीति सखी" भी पढ़ा जा सकता है। (जिसमें आचार्य मम्मट का कान्ता सम्मित उपदेश का भाव भी झलकता है)। उसी प्रकार मूल में हस्ताहस्ति (पृ. 11) शब्दावली के लिए हाथापाई की जगह 'छीनाझपटी' का प्रयोग अधिक लोकजन्म माना जा सकता है। लेकिन 'फ्रोड़े' (पृ. 04) के लिए 'अंक' शब्दानुवाद भाषा विद्वान की दृष्टि से अर्थ संकोच का ही द्योतक लगता है। इसके बावजूद इनके अनवुाद में जो शब्दों की सहजता तथा काव्यात्मक भाव सिक्तता का लालित्य है उसके कारण अनूदित पंक्तियाँ अपने आप में हिंदी कविता लगने लगती हैं। प्रिया द्वारा परिहास करते हुए जो कहा गया है उसे भी इसका नजीर माना जा सकता है। यथा– "दिव्य भला कैसे है यह जल? गंगा रहती शिर पर अविकल/ दिव्य भला कैसे यह पावक? यह लोचन में रहता सम्यक्,/ दिव्य भला कैसे यह विषधर? यह तो रहता है शरीर पर,/ अतः द्यूत में तुमने छलकर/ हरा हार जो दे दो अब हर!" शैलसुता कह रहीं जिन्हें हैं ऐसा हँस हँस/ वे शिव शिव दें तुमको निरलस। (पृ. 07)

इस आशा के साथ इस अदना सा आलेख को विराम देना चाहता हूँ कि आने वाला साहित्य समाज/ सहृदय/ समीक्षक आचार्य। चिरंजीव दाश जी जैसे ओजस्वी कवियों/ रचनाकारों को और सम्यक् रूप से प्रकाश में ला सके।

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 17) ISSN : 0975-1769

भारतीय मनोविज्ञान; एक समीक्षात्मक विश्लेषण

-डॉ. ज्ञानेन्द्र कुमार
सहायकाचार्य, शिक्षा विभाग,
दिल्ली विश्विद्यालय

[मनःस्वरूपं भारतीयदार्शनिकैः सूक्ष्मैक्षिकया विचारितमस्ति। अस्मिन् लेखे भारतीयदर्शनानुसारेण मनःस्वरूपं कीदृशं, पाश्चात्यभारतीय-मनोविज्ञाने साम्यता वैषम्यं च, भारतीयमनोविज्ञानस्य प्रासङ्गिकता च निरूपिताः सन्ति।]

सार- आधुनिक मनोविज्ञान, मानवीय व्यवहार का वैज्ञानिक तरीके से अध्ययन करता है इसके लिए अनेक शोधविधियों का उपयोग भी किया जाता है साथ ही आधुनिक मनोविज्ञान पर सोलहवीं शताब्दी से लेकर वर्तमान समय तक इस पर काफी शोध कार्य भी किये जा रहे है, किन्तु यदि हम बात करें, भारतीय ज्ञान-विज्ञान-परम्परा की, तो क्या इसमें मनोविज्ञान के विषय में चर्चा की गई है? यदि इसका उत्तर हाँ है तो भारतीय मनोविज्ञान को किस रूप में स्वीकार किया जा रहा है? साथ ही क्या कारण है कि बीसवी शताब्दी के उत्तरार्ध के प्रारम्भ से इस पर काफी अनुसंधान कार्य किये जा रहे हैं? प्रस्तुत शोधपत्र में इन सभी प्रश्नों के उत्तर खोजने का प्रयास किया जायेगा।

मुख्य बिंदु-भारतीय मनोविज्ञान, बुद्धि, मन, संज्ञान।

'बुभुक्षितं किम् न करोति पापम्', 'यस्यास्ति वित्तं स नरः कुलीनः' इस प्रकार अनेक उक्तियाँ अनायास ही हमें यह बताने का प्रयास करती हैं कि आहार, आवरण और आवास, ये किसी भी व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताएं होती हैं और यह बिल्कुल सत्य भी है क्योंकि इसके बगैर व्यक्ति जीवित ही नही रह सकता साथ ही इन सभी पूर्ति धन से ही संभव है इसलिए ये कहना कि धन भी, जीवन यापन के लिए अति महत्वपूर्ण है तो यह गलत भी नही होगा किन्तु यहाँ यह प्रश्न उठता है क्या सिर्फ धन से ही मानव समाज में सुखमय तरीके से अपना जीवन यापन कर सकता है? ये इस प्रश्न उत्तर निश्चित रूप से ही

ना होगा, तो ऐसा क्या है जो उसे सुखमय या शांतिपूर्वक जीवन यापन के लिए आवश्यक है? तो निश्चित इसका उत्तर होगा कि व्यक्ति को समाज से मिलने वाला स्नेह और आदर सम्मान, जिसको प्रसिद्ध मनोविद् **'अब्राहम मैस्लो'** की 'आवश्यकता सोपानिक सिद्धांत' के द्वारा समझा जा सकता है। इस मनोविद् ने मूलभूत आवश्यकताओं को सबसे पहले सोपान में गिना है और बताया कि यह आवश्यकता व्यक्ति के जीवन के लिए जरूरी है किन्तु साथ ही मैस्लोनेचार अन्य आवश्यकताओं की गणना की हैजो व्यक्ति के शांतिपूर्ण तरीके से जीवनयापन के लिए आवश्यक हैं। यदि इन सभी आवश्यकताओं को ध्यान पूर्वक देखें तो पाएंगे कि एक सुखद जीवनयापन के लिए व्यक्ति के पास स्वयं के विषय में सम्यक् समझ होनी चाहिए अर्थात् वह अपनी कमियों, अच्छाईयों, आवश्यकताओं और विशेषताओं को ठीक प्रकार से जानता हो, ताकि उसे यह पता हो उसे अपने जीवनयापन के लिए क्या-क्या चाहिए? यह बिल्कुल सत्य है कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवनयापन के लिए कुछ मूलभूत आवश्यताएँ होती हैं, जिनके बगैर किसी भी व्यक्ति का जीवन संभव ही नही है किन्तु इसके अतिरिक्त उसकी मानसिक, सामजिक और बौद्धिक आवश्यकताएं भी होती हैं जो कि प्रत्येक व्यक्ति की पृथक्-पृथक् होती हैं। इसको हम इस रूप में समझ सकते हैं कि एक व्यक्ति को अधिक से अधिक धनार्जन करने से मानसिक सुख मिलता है किन्तु किसी अन्य को यह धनार्जन, मानसिक सुख न देकर मानसिक त्रास देता है। इस उदहारण से यह बात बिल्कुल स्पष्ट है कि प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकता अलग-अलग होती है किन्तु आप पाएंगे कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति की आवश्यकतायें प्राय: सामान ही दिखाई देती हैं इसको उक्त धनार्जन के सन्दर्भ में बहुत अच्छी प्रकार से समझा जा सकता है। इसका कारण यह है कि व्यक्ति अपनी विशेषताओं और आवश्यकताओं को सम्यक् प्रकार से नही जानता और प्राय: उन विचारों का अनुसरण करता है जो समाज में प्रचलित होती हैं।इस परिस्थति में व्यक्ति अपने विषय में जानने के लिए क्या करसकता है? तो इसका उत्तर है व्यक्ति द्वारा 'आत्म संप्रत्यय' का उचित प्रकार से निर्माण और उस संप्रत्यय का सतत् विकास करते रहना। इस कार्य में व्यक्ति की सहायता करता मनोविज्ञान, विशेष रूप से भारतीय मनोविज्ञान ऐसा किस आधार पर कहा जा सकता है? तो इस विषय पर आगे चर्चा करेंगे। अब यहाँ यह प्रश्न उठता है कि भारतीय मनोविज्ञान क्या है? कैसे ये पाश्चात्य मनोविज्ञान से अलग है? कैसे ये मानवीय व्यवहार का अध्ययन करता है? साथ ही ये कैसे वर्तमान समय औरज्यादा प्रासंगिक हो गया है? इन सभी प्रश्नों के विषय पर इस शोध पत्र में विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी।

भारतीय मनोविज्ञान के स्वरूप को जानने से पूर्व हम पाश्चात्य मनोविज्ञान के स्वरूप को जानते हैं पाश्चात्य मनोविज्ञान का सर्वप्रथम वर्णन 'प्लूटो' और 'सुकरात' के ग्रंथों में मिलता है जहाँ मनोविज्ञान को 'आत्मा के अध्ययन का विज्ञान' स्वीकार किया गया है, कालांतर में मनोविज्ञान को 'चेतना के अध्ययन का विज्ञान' तत्पश्चात् 'मन का अध्ययन' उन्नीसवी शताब्दी के पूर्वार्ध में मनोविज्ञान 'व्यवहार के अध्ययन' की एक शाखा के रूप में दिखाई देता है किन्तु भारतीय मनोविज्ञान का प्रारंभ वेदों से होता है जहाँ मनोविज्ञान को 'आत्मा के अध्ययन का विज्ञान' के रूप में स्वीकार किया गया है भारतीय मनोविज्ञान के विषय में इस परिभाषा को वर्तमान समय में भी स्वीकार किया जा रहा है किन्तु यह भी सत्य है कि भारतीय संस्कृत साहित्य में 'मनोविज्ञान' इस प्रकार का पृथक् विषय नही दिखाई देता है। इसका एक बड़ा कारण है कि भारतीय ज्ञान-विज्ञान-परम्परा में मानव के व्यवहार के सञ्चालन में आत्मा को ही प्रमुख माना गया है इसीलिए भारतीय मनोविज्ञान 'आत्मा के अध्ययन' पर ही बल देता है इसका विश्वास है है कि समस्त मानवीय क्रियाकलापों का सञ्चालन आत्मा के द्वारा होता है इसका प्रणाम कठोपनिषद् में प्राप्त होता है जहाँ मानव शरीर को एक 'रथ' की तरह माना है, इस शरीर रूपी रथ में आत्मा 'रथी', मन को 'लगाम' तथा बुद्धि को इस शरीर रूपी रथ को चलाने वाला माना है।

आत्मानं रथिनं विद्धि, शरीरं रथमेव च।
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि, मनः प्रग्रहमेव च।। -कठोपनिषद् 3/3

इस श्लोक में भारतीय मनोविज्ञान के मूलभूत अवधारणा के विषय में प्रमाण प्राप्त होता। इस प्रकार प्रथमदृष्टया देखने मात्र से ही सुस्पष्ट हो जाता है कि भारतीय मनोविज्ञान ज्ञान की वह शाखा है जो किसी व्यक्ति के मन, चेतना, संवेग, व्यवहार, व्यक्तित्व इत्यादि के अध्ययन के लिए आत्मा के अध्ययन पर बल देती है और आत्मा कैसी है इसका वर्णन हमें कठोपनिषद् में प्राप्त होता है कठोपनिषद् में आत्मा को 'अंगुष्ठमात्र' बतलाया गया है प्यहाँ आत्मा से आशय यह है कि उस शक्ति का अनुभव है जिसे व्यक्ति अपने हृदय कमल में अनुभव कर सकता है जो अंगुष्ठ के समान परिमाण वाला है-**"अङ्गुष्ठमात्रः पुरुषोमध्य-आत्मनितिष्ठति।"** (2.1.12)

भारतीय मनोविज्ञान, इस आत्मतत्व के अध्ययन का विज्ञान है। भारतीय मनोविज्ञान के उद्भव का यदि अन्वेषण करें तो पाएंगे कि इसका वर्णन वेदों के समय से ही अलग-अलग रूपों में प्राप्त होता है यहाँ यजुर्वेद के एक मन्त्र का उल्लेख करना परमवश्यक है, जिसमें मन के स्वरूप का वर्णन बहुत ही स्पष्ट

तरीके से किया गया है-

यज्जाग्रतो दूर मुदैतिदैवं तदुसुप्तस्य तथैवैति।
दूरंगं ज्योतिषां ज्योतिरेकं तन्मेमनः शिवसंकल्पमस्तु॥1॥

(यजु. अध्या. 34, मं.सं. 1)

अर्थात् जो मन जागृत अवस्था में तो दूर-दूर तक संचरण करता ही है साथ ही सुप्तावस्था में भी दूर- दूर तक विचरण करता रहता है, वही मन इन्द्रियों रूपी ज्योतियों की एक मात्र ज्योति है अर्थात् इन्द्रियों को प्रकाश देने वाली, एक ज्योति सदृश है अथवा जो मन इन्द्रियों का प्रकाशक है, ऐसा हमारा मन शुभ-कल्याणकारी संकल्पों से युक्त हो। इसी प्रकार शिवसंकल्प सूक्त के अन्य मन्त्रों में भी मन के स्वरूप का बड़ी सूक्ष्मता से वर्णन किया है। भारतीय मनोविज्ञान में वर्णित मन का स्वरूप, पाश्चात्य मनोविज्ञान में वर्णित मन के स्वरूप से पृथक् है यदि हम मनोविज्ञान के पृथक् विकास के क्रम पर दृष्टिपात् करें तो पाएंगे कि पाश्चात्य मनोविज्ञान का जन्म दर्शनशास्त्र की एक शाखा के रूप में हुआ था जिसमे मनोविज्ञान को 'आत्मा के अध्ययन विज्ञान' के रूप में स्वीकार किया गया था, जैसा की ज्ञान की सभी शाखाओं के साथ होता है कि वे अपने स्वरूप में निरंतर परिवर्तन करती रहती है यह परिवर्तनशीलता पाश्चात्य मनोविज्ञान में भी दिखाई देती है प्रमाण स्वरूप इसको पहले मन, फिर चेतना, और व्यवहार के अध्ययन करने वाली शाखा के रूप में स्वीकार किया जाने लगा। वहीं दूसरी ओर, भारतीय मनोविज्ञान का उद्भव भी दर्शनशास्त्र से ही हुआ है किन्तु भारतीय मनोविज्ञान में पाश्चात्य मनोविज्ञान की तरह परिवर्तनशीलता नही दिखाई पड़ती इसका एक बड़ा कारण है यह की इसे संस्कृत इतिहास के लम्बे कालखंड तक एक पृथक् ज्ञान शाखा के रूप में स्वीकार नही किया जाता रहा है किन्तु बीसवी शताब्दी के उत्तरार्ध से ही भारतीय मनोविज्ञान में काफी अनुसन्धान कार्य हो रहा है किन्तु अभी भी भारतीय मनोविज्ञान को 'आत्मतत्व के अध्ययन' की एक शाखा के रूप में स्वीकारकर शोधकार्य किये जा रहे है। यह आत्मतत्व, मानव विकास के आभ्यन्तर पक्ष से जुड़ा है। यह तो सर्वविदित है कि मानव विकास के दो पक्ष हैं एक आभ्यंतर पक्ष जो कि मानव के आभ्यंतर अवस्था से जुड़ा हुआ है इसके अंतर्गत चेतना, संज्ञान, संवेग, मानसिक अवस्थाएँ, चित्त इत्यादि समाहित हैं। दूसरा पक्ष है बाह्य पक्ष, इसमें मानव विकास के सभी बाह्य पक्ष समाहित हैं जैसे व्यवहार, व्यक्तित्व, वृद्धि-विकास इत्यादि। भारतीय मनोविज्ञान मानव विकास के इसी आभ्यन्तर या अन्तः पक्ष का अध्ययन करता हैं। भारतीय मनोविज्ञान का यह दृढ़ विकास है कि यदि मानव जीवन के विकास के अन्तः पक्ष का समुचित

अध्ययन करें, तो उसके बाह्य पक्ष को उचित प्रकार से विकसित किया जा सकता है। इसलिए भारत के प्राचीन शास्त्रीय ग्रन्थों में मन को काफी महत्त्व दिया गया है। भारतीय मनोविज्ञान स्वीकार करता है कि व्यक्ति के अंतःपक्ष इसमें भी मुख्य रूप से मन का अध्ययन करके हम मानव के बाह्य पक्ष को सही प्रकार से विकसित किया जा सकता है इसलिए मन को भारतीय मनोविज्ञान में 'छठी इन्द्रिय' स्वीकार किया गया है यथा-

इमानि यानि पंचेन्द्रियाणि मनः
षष्ठानि मे हृदि ब्राह्मणा संशितानि। -अथर्व 19.09.05

अतः इस विचार को ध्यान में रखते हुए मन को शुद्ध रखने के प्रयास किए जाने पर, भारतीय मनोविज्ञान का विशेष बल है। इसके अतिरिक्त भारतीय मनोविज्ञान अपने विज्ञान के वर्णित संप्रत्ययों को लेकर भी बहुत सुस्पष्ट है उदहारण स्वरूप 'बुद्धि' के संप्रत्यय को ही ले, पाश्चात्य मनोविज्ञान में 'बुद्धि' क्या है? इसको लेकर काफी मत विभेद है इसका ज्ञान हमें बेलार्ड (Bellard) के कथन से प्राप्त होता है जहाँ वे कहते है कि "शिक्षक बुद्धि के विकास का प्रयत्न करता है और मनोवैज्ञानिक बुद्धि को मापने का प्रयत्न करता है किन्तु लगता है कि उनको अनुमान ही नही है कि बुद्धि क्या है" (डॉ. जे.एस. वालिया शिक्षण और अधिगम का मनोविज्ञान पृष्ट सं 289) किन्तु अध्ययन या शोध की दृष्टि से पाश्चात्य मनोवैज्ञानिकों के विचारों को तीन मुख्य भागों में बांटा जा सकता है। एक वर्ग वह है जो यह स्वीकार करता है कि 'बुद्धि व्यक्ति की वातावरण के साथ समायोजित होने की योग्यता है' इस वर्ग मुख्य रूप में अनेक मनोवैज्ञानिक आते हैं जैसे रास (Ross) बर्ट (Burt) स्टर्न (Stern) वुडवर्थ (Woodworth) बिने (Binet) मैकडूगल (Mc Dougall) इत्यादि। इसके अतिरिक्त मनोवैज्ञानिकों का एक दूसरा वर्ग है जो 'बुद्धि को व्यक्ति अधिगम की योग्यता स्वीकार करता है' इसमें मुख्य रूप से डीयरबार्न (Dearborn) बकिंघम (Buckingham) थार्नडाईक (Thorndike) कालविन (Calvin) इत्यादि आते हैं। इसके अलावा पाश्चात्य मनोवैज्ञानिकों का एक तीसरा वर्ग भी है 'जो बुद्धि को व्यक्ति के अमूर्त चिन्तन की योग्यता' स्वीकार करता है इस वर्ग में टर्मन (Terman) स्पीयरमैन (Spearman) बर्ट (Burt) इत्यादि की गणना की जा सकती है। पाश्चात्य मनोवैज्ञानिक वैश्लर (Wechsler) ने है 'बुद्धि को व्यक्ति को अनेकों योग्यताओं के समुच्चय' के रूप में स्वीकार किया है। इस प्रकार हम देखते हैं कि एक 'बुद्धि' के विषय में ही पाश्चात्य मनोविज्ञान में कितना मत विभेद दिखता है इसके विपरीत भारतीय मनोविज्ञान में यह मत विभेद नहीं

दिखाई देगा जैसे 'बुद्धि' के विषय में कथन है **"बुद्धिः नामनिश्चयात्मिकान्तः-करणवृत्तिः"** (वेदान्तसार) अर्थात् बुद्धि वह है जो संकल्प और विकल्प की स्थिति में व्यक्ति के द्वारा किसी एक पर निर्णय लेने की योग्यता है, इस प्रकार 'बुद्धि' उहापोह की स्थिति में निर्णय लेने की योग्यता है उदहारण स्वरूप यदि किसी विद्यार्थी की नए-नए स्वादिष्ट व्यंजन खाने में रुचि है किन्तु उसका पाचन तंत्र उस विद्यार्थी को इस प्रकार के व्यंजन खाने की आज्ञा नही देता, तो इस परिस्थिति में वह विद्यार्थी एक ओर तो यह सोचता है कि नए-नए स्वादिष्ट व्यंजन खा लेता हूँ (यह संकल्प की स्थिति है) और दूसरी ओर वह सोचता है कि मैं इस भोजन को खा नही सकता क्योंकि मेरा पाचन तंत्र के लिए यह भोजन सुपाच्य नही है (यह विकल्प की स्थिति है) अब इस स्थिति में जो योग्यता (बुद्धि) उस विद्यार्थी को निर्णय लेने में सहायता करती है उसे 'बुद्धि' कहा जाता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि 'बुद्धि' के विषय में भारतीय मनोविज्ञान को लेकर कोई संदेह नही दिखाई देता है। यहाँ मन के विषय में भी उल्लेख किया जा सकता है की भारतीय मनोविज्ञान का मन के विषय में भी बहुत ही स्पष्ट मंतव्य है यथा **"संकल्पविकल्पात्मक मनः"** अर्थात् मनव्यक्ति के विचार करने की वह स्थिति है जब व्यक्ति संकल्प और विकल्प दोनों के मध्य दोलायमान होता है इस स्थिति को मन कहा जाता है। ऐसे अनेक उदाहरण भारतीय मनोविज्ञान में प्राप्त होते है जो मनोवैज्ञानिक संप्रत्यय को बड़ी सहजता से स्पष्ट करते हैं। संक्षेप में यदि हम भारतीय मनोविज्ञान की प्रकृति के विषय में विचार करें तो यह हमें अधोलिखित रूप में दिखाई देता है-

- भारतीय मनोविज्ञान आत्मतत्व के अध्ययन पर बल देता है, इस आत्म तत्व में ही व्यक्ति के अन्तः पक्ष (संज्ञान, संवेग, मन बुद्धि चेतना स्वभाव व्यक्तित्व का केवलआंतरिक पक्ष, चिंतन इत्यादि) और बाह्य पक्ष (व्यवहार, शारीरिक विकास, व्यक्तित्व का केवल बाह्य पक्ष इत्यादि) समाहित है।
- भारतीय मनोविज्ञान व्यक्ति के व्यवहार समझने के लिए, बाह्य पक्ष की अपेक्षा अन्तः पक्ष के अध्ययन पर बल देता है।
- भारतीय मनोविज्ञान मानव व्यवहार के अध्ययन के लिए बहिराध्ययन विधि की अपेक्षा, अंतर्दर्शन विधि पर बल देता है इसका कारण यह है कि भारतीय मनोविज्ञान का दृढ विश्वास है कि 'व्यक्ति स्वयं का निर्माता स्वयं है'।
- भारतीय मनोविज्ञान मन की शुद्धि पर ज्यादा बल देता है, तन की शुद्धि की अपेक्षा क्योंकि इसका विशवास है कि यदि मन शुद्ध होगा, तो किसी

भी प्रकार तनाव या मानसिक परेशानी नही होगी और जब व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ होता है, तो वह शारीरिक परेशानी से भी स्वतः ही मुक्त हो जायेगा।

- भारतीय मनोविज्ञान मानव को समष्टि रूप से देखता है ना कि व्यष्टि के रूप में, इसका विश्वास है कि व्यक्ति के व्यवहारगत समस्याओं के समाधान के लिए व्यक्ति के मन का अध्ययन करना चाहिए क्योंकि मन ही समस्त शारीरक क्रियाकलापों का संचालक है इस प्रकार भारतीय मनोविज्ञान की प्रकृति समाधान के मार्ग खोजने की अपेक्षा, समस्या के कारणों को खोजने की प्रवृत्ति पर बल देता है इसका मानना है कि यदि हम समस्या के कारणों को खोज लेगें, तो समाधान के उपाय स्वतः ही मिल जाएगा साथ ही आवश्यकता के अनुरूप इस प्रकार समस्याओं वाले अन्य व्यक्तियों पर भी इन उपायों का अनुप्रयोग किया जा सकता है।

पाश्चात्य और भारतीय मनोविज्ञान में समानताएं और विषमताएं-

प्रत्येक विषय की अपनी विशेषताएं होती है जो उसकी पहचान सदृश बन जाती है। यह बात भारतीय मनोविज्ञान और पाश्चात्य मनोविज्ञान भी लगती है। भारतीय मनोविज्ञान की भी अपनी विशेषताएँ, शोधविधियाँ तथा सिद्धांत हैं जिनके आधार पर हम भारतीय मनोविज्ञान के स्वरूप या अवधारणा को समझ सकते हैं साथ ही पाश्चात्य मनोविज्ञान की भी अपनी शोध विधियाँ तथा सिद्धांत हैं जिनके आधार पर इसके स्वरूप को समझा और जाना जा सकता है किन्तु इसके बावजूद भी भारतीय और पाश्चात्य मनोविज्ञान में कुछ समानताएं हैं जैसे दोनों के लक्ष्य में सामनता है दोनों का लक्ष्य है व्यक्ति को मानसिक स्वस्थ बनाने हेतु उपाय बताना ताकि वे मानसिक रूप से पूर्णतः स्वस्थ हो सकें साथ ही व्यक्ति को परामर्श सम्बन्धी सेवाएं उपलब्ध कराना। दूसरा यह है कि दोनों ही मानव के व्यवहार के समस्याओं के समाधान के लिए सर्वप्रथम उसके कारणों को जानकार, उन समस्याओं का निवारण के लिए संभावित उपायों पर सविस्तार चर्चा करते हैं। तीसरा ये दोनों ही प्रकार के मनोविज्ञान मानव जीवन को सुखमय बनाना चाहते है। इसी प्रकार यदि भारतीय और पाश्चात्य मनोविज्ञान में विद्यमान विषमताओं पर विचार करें तो पाश्चात्य मनोविज्ञान के विषय में पाएंगे कि यह व्यक्ति को व्यष्टि के रूप के में देखता है उदाहरण स्वरूपव्यक्ति के मन, बुद्धि और व्यक्तित्व के पृथक्-पृथक् अध्ययन पर विचार करता है किन्तु भारतीय मनोविज्ञान मानव को समष्टि रूप में देखता है इसीलिए यह व्यक्ति के अलग-अलग देखने पर विश्वास नही करता है अर्थात् यह व्यक्ति के 'आत्मतत्व'

के अध्ययन पर बल देता है ना कि मन या बुद्धि को पृथक पृथक रूप में अध्ययन करने मे। हम बात करें व्यक्ति के बौद्धिक विकास के उपायों की तो पायेगें कि भारतीय मनोविज्ञान जहाँ एक ओर एकादश इन्द्रियों (पांच ज्ञानेन्द्रियाँ और पांच कर्मेन्द्रियाँ) के नियंत्रण को व्यक्ति के बौद्धिक विकास हेतु आवश्यक मनाता है किन्तु वहीं दूसरी ओर पाश्चात्य मनोविज्ञान का यह विश्वास है किकेवल मानव व्यवहार नियंत्रण करने मात्र से ही उसका बौद्धिक विकास का किया जा सकता है।

भारतीय मनोविज्ञान की वर्तमान सन्दर्भ में प्रासंगिकता-

मनोविज्ञान के क्षेत्र में भारतीय मनोविज्ञान अपेक्षाकृत नवीन शोध का विषय है यद्यपि भारतीय मनोविज्ञान का उल्लेख संस्कृत साहित्य काफी समय पूर्व ही किया गया या किन्तु इसका स्वरूप आधुनिक पाश्चात्य मनोविज्ञान की तरह व्यवहारवादी नहीं है। यह आत्मा के अध्ययन में ही मन, चेतना, संज्ञान तथा व्यवहार का अध्ययन स्वीकार करता है। परिणामस्वरूप इसके अध्ययन की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में आवश्यकता है इसका अध्ययन वर्तमान पाश्चात्य मनोवैज्ञानिक उपागम के धरातल करना ना तो न्यायसंगत होगा और ना ही व्यवहारिक क्योंकि इसका अध्ययन हम प्रयोगाधारित दृष्टिकोण से नहीं कर सकते। भारतीय मनोविज्ञान मानव व्यवहार, संज्ञान या मन के अध्ययन के लिए अन्तदर्शन विधि का प्रयोग करता है। भारतीय मनोविज्ञान संस्कृत साहित्य या अन्य भारतीय साहित्य में अप्रत्यक्ष रूप से वर्णित मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों और संकल्पनाओं का संकलन और संशोधन करता है। भारतीय मनोविज्ञान केवल बुद्धि की अवधारणा मात्र को स्पष्ट नही करता है प्रत्युत बौद्धिक विकास के लिए उपाय भी बताता है बौद्धिक विकास के उपायों में सर्वप्रथम आत्मसंयम को स्वीकार किया है यह आत्मसंयम केवल पञ्च ज्ञानेन्द्रियों और पञ्च कर्मेन्द्रियों के नियंत्रण तक ही सीमित नही है अपितु इस आत्मसंयम का विस्तार मनके नियंत्रण तक जाता है गीता में इसे 'स्थितप्रज्ञ' कहाहै।

टिप्पणी- भारतीय मनोविज्ञान का स्वरूप पाश्चात्य मनोविज्ञान से पृथक् है तथापि इसमें कुछ साम्यता भी है किन्तु साथ ही भारतीय मनोविज्ञान की कुछ विशेषताएं हैं, जिनका पृथक् रूप से अध्ययन किये जाने की आवश्यकता है। एक शोधकर्ता को इसका अध्ययन करते समय इस बात का भी विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है कि भारतीय मनोविज्ञान की अनावश्यक रूप से साम्यता स्थापित करने कोशिश ना करे, अन्यथा हम भारतीय मनोविज्ञान के वास्तविक रूप से अनभिज्ञ ही रहेंगे साथ ही हम विषय के साथ न्याय नही कर पाएंगे।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची-

- डॉ. शुक्ला लक्ष्मी, संस्करण 2009, भारतीय मनोविज्ञान संस्करण, इस्टर्न बुक डिपो नई दिल्ली.
- डॉ. जायसवाल सीताराम, संस्करण 2004 भारतीय मनोविज्ञान आर्य बुक डिपो दिल्ली.
- डॉ पाठक आर.पी, संस्करण 2009, राधा पब्लिकेशन दिल्ली.
- शुक्ल बद्रीनाथ (व्याख्याकार) वेदान्तसार: मोतीलाल बनारसीदास दिल्ली.
- सिन्हा जदुनाथ भारतीय दर्शन, संस्करण 2018 मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशर्स प्राइवेट दिल्ली.
- वेदालंकार रघुवीर (व्याख्याकार) पातंजलयोगदर्शन संस्करण 2003 इस्टर्न बुक डिपो नई दिल्ली.
- डॉ धर्मवीर वेद और विज्ञान परोपकारिणी सभा अजमेर राजस्थान.
- Dr. Mangal S.K. and Dr. Mangal Shubhra Psychological Perspective of Education Edition 2018, Arya Book Depot New Delhi.

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 17) ISSN : 0975-1769

शब्दशास्त्रप्रतिपादितकर्मभेदेषु निर्वर्त्यविकार्यकर्मणोर्वैलक्षण्यम्

-श्याम-सुन्दर-शर्मा

अतिथि-प्राध्यपकः, संस्कृतविभागः
जा.मि.इ. (केन्द्रीय-विश्वविद्यालयः), नवदेहली

[व्याकरणशास्त्रे प्रामुख्येन त्रिभिः सूत्रैः कर्मकारकसंज्ञा विधीयते तत्र प्रथमं 'कर्तुरीप्सिततमं कर्म' इत्यनेन विधीयमाना कर्मकारकसंज्ञा ईप्सितं भवति। तथा च 'तथायुक्तं चानिप्सितम्' इत्यनेन सूत्रेण विधीयमाना कर्मकारकसंज्ञा ईप्सितभिन्नं वा अनीप्सितं वा भवति। एवञ्च 'अकथितञ्च' इत्यनेन विधीयमाना कर्मकारकसंज्ञा अविवक्षितं भवति। एवं रीत्या कर्मकारकस्य के के भेदाः वाक्यपदीयकारेण उल्लिखिताः किञ्च तेषां लक्षणमित्यस्मिन् शोधपत्रे विवेचितमस्ति।]

मूलशब्दाः

व्याकरणशास्त्रम्, कारकम्, पाणिनिः, कर्मकारकम्, ईप्सिततमंकर्म, कर्मणि-द्वितीया, कर्तुरीप्सिततमं कर्म, प्रकृतिकर्म, निर्वर्त्यकर्म, विकार्यकर्म।

1. प्रस्तावना -

शब्दशास्त्रे 'कर्म' इति काचिद्विशेषसंज्ञा। तस्य च कर्मणः 'ईप्सितकर्म', 'ईप्सितभिन्नकर्म' इति प्रामुख्येन द्वैविध्यम्। अपि च तत्र ईप्सितकर्मणोऽपि 'निर्वर्त्य'-'विकार्य'- 'प्राप्य' भेदेनत्रैविध्यम्। अनीप्सितकर्मणोऽपि 'औदासीन्य'-'द्वेष्य'-'संज्ञान्तरैरनाख्यात'-'अन्यपूर्वक'-भेदेन चातुर्विध्यम्। सर्व-माहत्य कर्मणः सप्तभेदाः स्वीकृताः। तथैव भर्तृहरिणोक्तम्-

निर्वर्त्यं च विकार्यं च प्राप्यं चेति त्रिधा मतम्।
तत्रेप्सिततमं कर्म चतुर्धान्यत्तु कल्पितम्॥[1]

---

1. वाक्यपदीयस्य साधनसमुद्देशे कर्माधिकारः, 3.7.45

औदासीन्येन यत्प्राप्यं यच्च कर्तुरनीप्सितम्।
संज्ञान्तरैरनाख्यातं यद्यच्चाप्यन्यपूर्वकम्॥[1]

2. ईप्सिततमकर्मणः भेदाः

'कर्तुरीप्सिततमं कर्म' इतिसूत्रम्। 'कर्तुः क्रियया आप्तुमिष्टतमं कारकं कर्मसञ्ज्ञं स्यात्' इति तद्वृत्तिः। 'कर्ता स्वक्रियया यमर्थं सम्बद्धुमिच्छति, सोऽर्थः कारकसंज्ञः सन्कर्मसंज्ञको भवति' इति तत्सूत्रार्थः। यथा- 'देवदत्त ओदनं खादति' इत्युदाहरणे देवदत्तकर्ता खादनक्रियया (गलबिलाधः संयोगानुकूलव्यापारेण) ओदनम् स्वक्रियाजन्यफलस्य (स्वम्=देवदत्तः, क्रिया=खादनक्रिया, तत्क्रियाजन्यफलम्= गलबिलाधस्संयोगः, तस्य=गलबिलाधः संयोगरूपफलस्य) आश्रयत्वेन प्राप्तुमिच्छति। 'ओदनं मम गलबिलाधः संयोगवद्भवतु' इतीच्छति देवदत्तः। अत एव ओदनस्य कर्मसंज्ञा भवति। एतच्चकर्म 'ईप्सिततमकर्म' भवति। तस्मात्तादृशेच्छायां देवदत्तः यदा भुङ्क्ते, तदा तदभिलापकं वाक्यं 'देवदत्त ओदनं खादति' इति भवति।

स्पष्टार्थमुच्यते - कर्ता स्वक्रियया यं फलाश्रयत्वेन संबद्धुमिच्छति तदीप्सितकर्म भवति। यथा- 'रामः ग्रामं गच्छति' इति वाक्ये कर्ता = रामः, स्वक्रियया = गमनक्रियया (संयोगावच्छिन्नव्यापारेण), यम् = ग्रामम्, फलाश्रयत्वेन = गमनक्रियायाः फलं संयोगः, तदाश्रयत्वेन संबद्धुमिच्छति = रामः ग्रामं गत्वा ग्रामेण सह स्वसंयोगं स्थापयितुमिच्छति। अतः 'ग्रामः' ईप्सिततमकर्म भवति। ईप्सिततमकर्मणः भेदत्रयम्- निर्वर्त्यकर्म, विकार्यकर्म, प्राप्यकर्म चेति।

3. निर्वर्त्यकर्म

'तण्डुलान् ओदनं पचति', 'काष्ठं भस्म करोति', 'दुग्धं दधि करोति', 'कुसुमान् माल्यं करोति', 'काशान् कटं करोति' 'सुवर्णं कुण्डलं करोति', 'मृत्तिकां घटं करोति' इत्याद्युदाहरणेषु तण्डुल-काष्ठ-दुग्ध-कुसुम-काश-सुवर्ण-मृत्तिकाः प्रकृतिकर्माणि = कारणकर्माणि। अपि च ओदन-भस्म-दधि-माल्य-कट-कुण्डल-घटाः विकृतिकर्माणि = कार्यकर्माणि सन्ति।

यदि कुत्रचित्स्थले 'तण्डुलान् ओदनं पचति' इत्यस्य स्थाने 'ओदनं पचति' अथवा 'तण्डुलैः ओदनं पचति', 'काष्ठं भस्म करोति' इत्यस्य स्थाने 'भस्म करोति', अथवा 'काष्ठेन भस्म करोति', 'दुग्धं दधि करोति' इत्यादिस्थाने 'दधिकरोति' अथवा 'दुग्धेन दधि करोति', 'कुसुमान् माल्यं करोति' इत्यस्यस्थाने 'माल्यं करोति' अथवा 'कुसुमान् माल्यं करोति', 'काशान् कटं करोति' इत्यस्यस्थाने 'कटं

---

1. वाक्यपदीयस्य साधनसमुद्देशे कर्माधिकारः, 3.7.46

करोति' अथवा 'काशैः कटं करोति', 'कनकं कुण्डलं करोति' इत्यस्य स्थाने 'कुण्डलं करोति' अथवा 'कनकेन कुण्डलं करोति', 'मृत्तिकां घटं करोति' इत्यस्य च स्थाने 'घटं करोति' अथवा 'मृत्तिकया घटं करोति' इत्येवं प्रकृतिवाचकपदं विहाय विकृतिवाचककर्मपदमेव प्रयुज्यन्ते, अथवा भेदेन विवक्षा क्रियते। तदा तेषां विकृतिवाचककर्मणाम् ओदन-भस्म-दधि-माल्य-कट-कुण्डल-घटादिपदानां निर्वर्त्य-कर्मसंज्ञा भवति। प्रकृतिविकृत्योरभेदविवक्षायां परिवर्तितरूपस्य नाम विकृतिः, भेदविवक्षायान्तु निर्वर्त्यमित्युच्यते।

अयमाशयः- 'तण्डुलम् ओदनं करोति' इत्यादिषु प्रकृतिविकृत्योः तण्डुलौदन-योर्यदा अभेदविवक्षा। तदा ओदनस्य विकार्यकर्मत्वम्, पूर्वत ओदनस्य प्रकृतिरूपेण सिद्धत्वात्। यदातु 'तण्डुलैः ओदनं करोति' अथवा 'ओदनं करोति' इत्यादिषु प्रकृतिविकृत्योः = तण्डुलौदनयोः भेदविवक्षा, तदा ओदनं निर्वत्यकर्म भवति। तथैव वाक्यपदीयव्याख्याकारहेलाराजाः - "मृदं घटं करोति इत्याद्येवं रूपतया न विवक्ष्यते, किं तर्हि, 'मृदा घटं करोति' इत्यादिभेदेनैव यदा प्रकृत्या सह विवक्षा, तदा तन्निर्वर्त्यं कर्म प्रचक्षते कर्मविदः"।[1] तथैव वाक्यपदीयस्य अम्बाकर्त्रीतिव्याख्याकाराः रघुनाथशर्माणः- "मृदं घटं करोति इत्यादिरूपतया अभेदविवक्षा, तदा न तन्निर्वर्त्यं कर्म, प्रकृतिरूपेण पूर्वसिद्धत्वात्। यदा तु भेदविवक्षा तयोः, 'मृदा घटं करोती'ति, तदा तन्निर्वर्त्यं कर्म, प्रकृतेः पूर्वसिद्धत्वेऽपि तदानीं विकृतेर्निर्वर्त्यमानत्वात्"[2]

'तण्डुलान् ओदनं पचति' इत्यादिषु तण्डुलं ना म निविडा वयवाः = तण्डुलावयवाः परस्परम् अत्यधिकसंलग्ना इत्यर्थः। तत्र पाकेन = जलसेचनेन अग्निसंयोगेन च, तण्डुलावयवाः शिथिलाः भवन्ति। तदोदनपदेनोच्यते। एवञ्च निविडावयवाः तण्डुलपदेन, शिथिलावयवाश्च ओदनपदेन व्यवह्रियन्ते।

	भेदविवक्षायां निर्वर्त्यकर्म		अभेदविवक्षायां विकार्यकर्म
1	'तण्डुलैः ओदनं पचति'	'ओदनं पचति'	'तण्डुलान् ओदनं पचति'
2	'काष्ठेन भस्म करोति'	'भस्म करोति'	काष्ठं भस्म करोति'
3	'दुग्धेन दधि करोति'	'दधि करोति'	'दुग्धं दधि करोति'
4	'कुसुमान् माल्यं करोति'	'माल्यं करोति'	'कुसुमान् माल्यं करोति'
5	'काशैः कटं करोति'	'कटं करोति'	'काशान् कटं करोति'

1. अम्बाकर्त्री एवं प्रकीर्णप्रकाशसहितवाक्यपदीयम्, साधनसमुद्देशः, कारिका-47 व्याख्याने, पृष्ठसंख्या- 164.
2. अम्बाकर्त्री एवं प्रकीर्णप्रकाशसहितवाक्यपदीयम्, साधनसमुद्देशः, कारिका-47 व्याख्याने, पृष्ठसंख्या- 164.

6 'कनकेन कुण्डलं करोति' 'कुण्डलं करोति' 'कनकं कुण्डलं करोति'

7 'मृत्तिकया घटं करोति' 'घटं करोति' 'मृत्तिकां घटं करोति'

4. निर्वर्त्यशब्दस्यपारिभाषिकत्वम् -

'यत् निर्वर्त्यते = निष्पाद्यते तत् निर्वर्त्यकर्म' इति व्युत्पत्त्यनुरोधेन यौगिकं निर्वर्त्यकर्म न गृह्यतेऽत्र, अपि तु निष्पाद्यत्वादन्यदेव निर्वर्त्यत्वं पारिभाषिकम् = साङ्केतिकम् = रूढमेव गृह्यते। नो-चेत् 'तण्डुलम् ओदनं पचति' इति प्रकृति-वाचककर्मपदसमभिव्याहारावस्थायामपि 'ओदनस्य' निष्पादनत्वात् निर्वर्त्यकर्म स्यात्। तथैव भूषणसारस्य दर्पणव्याख्याकारः- "यद्यपि 'निर्वर्त्यते = निष्पाद्यते' इति व्युत्पत्त्या निर्वर्त्यत्वं 'तण्डुलान् ओदनं पचति' इत्यादौ ओदनादौ विकार्यकर्मण्यप्यस्ति। तथापि प्रकृति वाचकपदासमभिव्याहृतपदोपस्थाप्यत्वे सति निष्पाद्यत्वरूपपारिभाषिक-निर्वर्त्यत्वस्य विवक्षणान्न दोषः।"[1] तथैव भर्तृहरिणा परिभाषितम्। तद्यथा-

सती वाविद्यमाना, वाप्रकृतिः परिणामिनी।
यस्य नाश्रीयते, तस्य निर्वर्त्यत्वं प्रचक्षते॥[2]

अयमाशयः- विकृतिवाचककर्मपदार्थकाले प्रकृतिवाचककर्मपदार्थस्य विद्यमानत्वं स्यान्न वा। यदि वाक्ये प्रकृतिवाचकपदं न प्रयुज्यते। तदा तस्य विकृतिवाचकपदस्य निर्वर्त्यकर्मसंज्ञा भवति। यथा- 'तण्डुलान् ओदनं करोति', 'काष्ठं भस्म करोति', दुग्धं दधि करोति' इत्यादिषु ओदन-भस्म-दधि-काले तेषां प्रकृतीनाम् (समवायि-कारणानाम् / उपादानकारणानाम्) = तण्डुल-काष्ठ-दुग्धादीनाम् अविद्यमानत्वं भवति। तथा च 'काशान् कटं करोति', कनकं कुण्डलं करोति', मृत्तिकां घटं करोति', कुसुमान् माल्यं करोति' इत्यादिषु विकृतिवाचकपदार्थकट-कुण्डल-घट-माल्यकाले एतेषां प्रकृतीनां काश-कनक-मृत्तिका-कुसुमानां विद्यमानत्वं भवति।

कार्यकाले कारणस्य विद्यमानत्वं स्यान्न वा उभयस्थितावपि यदि वाक्ये प्रकृतिवाचकपदं न प्रयुज्यते। तदा विकृतिवाचकपदस्यैव निर्वर्त्यकर्मसंज्ञा क्रियते। यथा- 'तण्डुलान् ओदनं करोति', 'काष्ठं भस्म करोति', 'दुग्धं दधि करोति', 'कुसुमानि मालां करोति', 'काशान् कटं करोति', 'कनकं कुण्डलं करोति', 'मृत्तिकां घटं करोति' इत्यादिवाक्यानां स्थाने क्रमशः 'ओदनं करोति', 'भस्म करोति', 'दधिकरोति', 'मालांकरोति', 'कटंकरोति', 'कुण्डलंकरोति', 'घटं करोति' इत्येवं प्रयुज्यन्ते। तदा 'ओदनम्', 'भस्म', 'दधि', 'मालाम्', 'कटम्', 'कुण्डलम्', 'घटम्' इत्यादिपदानां निर्वर्त्यकर्म भवति, न तु विकार्यकर्म इति कारिकार्थः।

---

1. भूषणसारस्य दर्पणव्याख्याकारः पृष्ठसंख्या- 159.
2. वाक्यपदीयस्य साधनसमुद्देशे कर्माधिकारः, कारिका - 47. अथवा 3.7.47

5. विकार्यकर्म –

यदि 'तण्डुलान् ओदनं पचति', 'पुष्पाणि माल्यं करोति', 'काशान् कटं करोति' इत्यादीनि प्रकृतिवाचककर्मपदसमभिव्याहृतवाक्यानि प्रयुज्यन्ते। तदा ओदन-माल्य-कटाः विकृतिकर्माणि भवन्ति। 'तण्डुलान् ओदनं पचति' इत्यत्र पाकक्रियया निष्पाद्य ओदनः विकृतिकर्म। 'कुसुमानि माल्यं करोति' इत्यत्र कृतिक्रियया निष्पाद्यं माल्यं विकृतिकर्म। 'काशान् कटं करोति' इत्यत्र कृतिनिष्पाद्यः कटः विकृतिकर्म। विकार्यस्यैव प्रकृतिकर्मासमभिव्याहारे निर्वर्त्यपदेन व्यवहारो भवतीति। तथैवोक्तं भर्तृहरिणा –

'प्रकृतेस्तु विवक्षायां विकार्यम्'[1]

6. विकार्यपदस्य पारिभाषिकत्वम्

कर्मणः त्रैविध्येषुप्राप्य-विकार्य-निर्वर्त्यकर्मसु विकार्यकर्मान्तर्गतं प्रकृतिकर्म अपि ग्राह्यम्। कारिकाकर्तृभर्तृहरिमते विकारकर्मण्येव प्रकृतिकर्मापि अन्तर्भूतम्। तत्रकारिकायां प्राप्यनिर्वर्त्यविकार्यकर्मणां त्रयाणामेवोक्तत्वात्। प्रकृति कर्मणस्तत्र स्वातन्त्र्येणानभिधानात्। यदि तथान्तर्भावो न गृह्यते चेत्तदा 'काष्ठं भस्म करोति', 'सुवर्णं कुण्डलं करोति' इत्यादौ काष्ठसुवर्णादिकर्मगणनाय प्रकृतिकर्मापि चतुर्थकर्म स्यात्।

विकारपदस्य व्युत्पत्तिर्द्वेधा। तत्रप्रथमः – 'विकार्यते = क्रियते = निष्पाद्यते येन तद्विकार्यम्' इति करणघञन्तव्युत्पत्त्या 'काष्ठं भस्म करोति', 'सुवर्णं कुण्डलं करोति' इत्यादिषु काष्ठसुवर्णादीनां प्रकृतिकर्माणां विकार्यपदेन ग्रहणं भवति। तत्र द्वितीयः- 'विकार्यते यत् तत् विकार्यम्' इति भावघञन्तव्युत्पत्त्या 'काष्ठं भस्म करोति', 'सुवर्णंकुण्डलंकरोति' इत्यादिषु भस्मकुण्डलादीनां विकृतिकर्मणां विकार्यपदेन ग्रहणं जायते। परञ्च एकव्युत्पत्या प्रकृतिविकृत्युभयबोधनमशक्यम्। तथापि भर्तृहरिणा विकार्यपदस्य पारिभाषिकत्वमुक्तम्।[2] तस्माद्विकार्यपदेनप्रकृतिविकृत्युभयसाधारणकर्मणः बोधो जायते इति भर्तृहर्यभिप्रेतम्।

7. प्रकृतिकर्मणः स्वरूपम्

प्रकृतिरूपकर्मणः स्वरूपं तावत्- पाकादिक्रियया प्रकृतितण्डुलादेर्भिन्नौदनादि-वस्त्वन्तरसिद्धये, ओदनात्पूर्वं प्रकृत्यवस्थाकाले विद्यमानं यत्तण्डुलत्वरूपं तद्विशिष्टस्य सत्ताविशिष्टतण्डुलस्य असत्त्वरूपो विकारः (ओदनस्य सत्ता तण्डुलेषु नास्ति,

---

1. वाक्यपदीयस्य साधनसमुद्देशे कर्माधिकारः, 3.7.48
2. वाक्यपदीयस्य साधनसमुद्देशे कर्माधिकारे कारिका 50 व्याख्याने हेलाराजः।

तण्डुलनाशानन्तरमेव ओदनस्य कार्यरूपेणोत्पत्तिः) 'ओदनो' निष्पाद्यते तत् 'तण्डुलादयः' प्रकृतिकर्म। यथा- 'तण्डुलान् ओदनं पचति' इत्यत्र पाकक्रियया तण्डुलैरोदनः क्रियते। अतः 'तण्डुलान्' इति प्रकृतिकर्म। अपि च 'कुसुमानि मालां करोति' इत्यत्र कृतिक्रियया पुष्पैः माला सृज्यते। अतः 'कुसुमानि' इति प्रकृतिकर्म। तथा च 'काशान् कटं करोति' इत्यत्र कृतिक्रियया काशैः कटः क्रियते, अतः 'काशान्' इति प्रकृतिकर्म।

प्रथमस्थले तण्डुलरूपप्रकृतिकर्मोदाहरणे 'तण्डुलान् ओदनं पचति' इत्यत्र पाकेन तण्डुलरूपधर्मिणः नाशात्पूर्वकाले विद्यमानतण्डुलस्य जायमानम् असत्त्वम्, ओदनादिकर्मान्तरस्य कार्यस्य निष्पादकं भवति। पूर्वम् असदेव 'ओदनम्' इदानीं जायते। अतः तण्डुलस्य प्रकृतिकर्मत्वम्। अन्योदाह-रणस्थले 'पुष्पाणि मालां करोति', 'काशान् कटं करोति' इत्यत्र मालाकटादिकार्यावस्थायां धर्मिणः = प्रकृतेः काशकुसुमादेः नाशो न भवति। अपि तु प्रकृतसत्त्वे एव कटसंदर्भादिविरहरूपो यः पूर्वभावः, तदसत्त्वं कृत्या निर्वाह्यते।

8. अन्यशास्त्रकारानुरोधेन निर्वर्त्यविकार्यकर्मणोर्लक्षणम्

कैश्चिच्छास्त्रकृद्भिः शास्त्रान्तरेषु प्रकारान्तरेण निर्वर्त्यकर्म विकार्यकर्म च प्रदर्शितम्। तत् भर्तृहरिणा अनूद्यते। तद्यथा-

कैश्चिदन्यथा।
निर्वर्त्यं च विकार्यं च कर्म शास्त्रे प्रदर्शितम्॥[1]

तद्यथा -

यदसज्जायते,सद्वाजन्मनायत्प्रकाश्यते।[2]
तन्निर्वर्त्यं,

'यत् असत् जायते', 'यत् सत् जन्मना प्रकाश्यते' इत्यन्वयः। अत्र कारिकायां भागद्वयम्। तत्र प्रथमः 'यत् असत् जायते'। द्वितीयः 'यत् सत् जन्मना प्रकाश्यते' इति। तत्र प्रथमभाग असत्कार्यवादिनां न्यायवैशेषिकमतानुरोधेन भर्तृहरिणा अनूदितः। तथा च द्वितीयभागः सत्कार्यवादिनां सांख्यमतानुरोधेन भर्तृहरिणा अनूदितः।

10. यत् असत् जायते - असत्कार्यवादिनां न्यायवैशेषिकमतानुरोधेन-

दर्शनेषु कार्यकारणवादे प्रामुख्येन मतद्वयम्। तत्र एकः 'असत्कार्यवादः' कार्योत्पादनात्पूर्वं तस्य कार्यस्य सत्ता स्वकारणे न विद्यते। कारणनाशानन्तरमेव

1. वाक्यपदीयस्य साधनसमुद्देशे कर्माधिकारः, 3.7.48
2. वाक्यपदीयस्य साधनसमुद्देशे कर्माधिकारः, 3.7.49

कार्योत्पत्तिर्जायते इति असत्कार्यवादः। अस्मिन्वादे पूर्वतः विद्यमानद्रव्यस्य = प्रकृतेः नाशानन्तरमेवनवीनद्रव्यस्योत्पत्तिर्भवति। **'असदेव हि कार्यमुत्पद्यते'** इति न्यायवैशेषिकानां मतमिदम्। यथा- 'काष्ठं भस्मराशिं करोति' इत्यादौ काष्ठानां नाशः, तदैव भस्मोत्पत्तिर्भवति, न तु प्रकाश्यते। यदुत्पादनक्रियातः पूर्वम् असत् = अविद्यमानम् = प्रत्यक्षस्य अविषयः आसीत्, तत् (सद्रूपे) जायते = प्रत्यक्षविषयो भवति। तत्कर्म निर्वर्त्यकर्मोच्यते। अत्र 'तण्डुलान् ओदनं करोति' इत्यत्र तण्डुल-नाशानन्तरम् ओदनस्योत्पत्तिर्जायते। अतः ओदनपदस्यन्यायवैशेषिकनये निर्वर्त्यकर्मत्वं भवतीत्यर्थः कारिकायाः।[1]

वैशेषिकाः पाकजप्रक्रियायां पीलुपाकवादिनः। पीलवः = परमाणवः / अवयवाः। तेषां नये पाकजप्रक्रियायां काष्ठादिद्रव्यं काष्ठादीनां द्व्यणुकपर्यन्तं नाशः। परमाणव अवशिष्यते। तदा काष्ठपरमाणुभिर्भस्मोत्पत्तिर्भवति। 'काष्ठं भस्मकरोति' इत्यत्र वैशेषिकेषूत्पत्तिक्रम एवं भवति- आदौ काष्ठं भवति, ततः काष्ठद्व्यणुकम्, ततः काष्ठपरमाणवः, ततः भस्मद्व्यणुकम्, ततः भस्म उत्पद्यते। अत्र काष्ठाद्भस्मपर्यन्त-प्रक्रियायां पञ्चक्षणाः, अष्टक्षणाः, नवक्षणाः, दशक्षणाः, एकादशक्षणा इति मतभेदेन वैशेषिकाः स्वीकुर्वन्ति। तथैव "एतेषां पाकजत्वं तु क्षितौ नान्यत्र कुत्रचित्। तत्रापि परमाणौ स्यात्पाको वैशेषिके नये" इति कारिकाव्याख्याने विश्वनाथपञ्चाननभट्टाचार्येण न्यायसिद्धान्तमुक्तावल्यामुक्तम्।[2]

अपि च नैयायिकाः पाकजप्रक्रियायां पिठरपाकवादिनः। पिठरः = अवयवी। 'काष्ठं भस्म करोति' इत्यत्र नैयायिकेषूत्पत्तिक्रम एवं भवति- पाकजप्रक्रियायां आदौ काष्ठगतरूपरसगन्धस्पर्शानां विनाशः। ततः तत्रैव द्रव्ये नूतनरूपरसगन्ध-स्पर्शानामुत्पत्तिः। अवयवाः = काष्ठपरमाणवः। अवयवी = काष्ठद्रव्यम्। **'अवयवेषु-पाकः' इतिवैशेषिकाः। 'अवयवीषुपाकः' इतिनैयायिकाः।**[3]

11. यत्सत्जन्मनाप्रकाश्यते-सत्कार्यवादिनांसांख्यमतानुरोधेन

तत्र अपरः 'सत्कार्यवादः' कार्योत्पादनात्पूर्वं तस्य कार्यस्य सत्ता स्वकारणे विद्यते। कारणमेव कार्यरूपेण परिणमते। अर्थात् 'पूर्वतः विद्यमानद्रव्यमेव कार्यरूपेण परिवर्त्यते' इति सत्कार्यवादः। अस्मिन्वादे प्रकृतिनाशो न भवति, अपि तु तत्रैव

---

1. "वैशेषिकाद्यनुसारेण यत् असत् जायते, सांख्यमतेन सत् एव जायते, तद् उभयमपि जन्मना प्रकाश्यमानत्वात् निर्वर्त्यं कथ्यते", इति हेलाराजः 49 कारिकाव्याख्याने, पृष्ठसंख्या- 165.
2. न्यायसिद्धान्तमुक्तावली 105 कारिकाव्याख्याने मुक्तावल्याम्।
3. न्यायसिद्धान्तमुक्तावली 105 कारिकाव्याख्याने मुक्तावल्याम्।

गुणान्तराणाम् आधानं भवतीति सांख्ययोगाचार्याणां मतमिदम्। यथा- 'तण्डुलान् ओदनं करोति' इत्यत्र तण्डुलमेव नूतनरूपेण = ओदनरूपेण निर्वर्त्यते = परिवर्त्यते। परिवर्तनादनन्तरमेव तस्य स्वरूपं प्रकाश्यते, न तु उत्पद्यते। तण्डुलनाशं विनैव तत्रैव ओदनस्योत्पत्तिर्जायते। अत ओदनस्य प्रकाश्यत्वात् तदोदनस्य सांख्ययोगनये निर्वर्त्यकर्मत्वं भवतीति।[1]

12. शास्त्रान्तरानुसारंविकार्यकर्मणः भेदाः -

विकार्यंचकर्मद्वेधाव्यवस्थितम्।।[2]

प्रकृत्युच्छेदसंभूतं किञ्चिद् काष्ठादिभस्मवत्।
किञ्चिद् गुणान्तरोत्पत्त्या सुवर्णादिविकारवत्।।[3]

विकार्यकर्मणः द्वैविध्यं भवति। तत्र प्रथमः - कुत्रचित् प्रकृत्युच्छेदसंभूतम्= प्रकृतिनाशसंभूतम् यत्कर्म तद्विकार्यम्, यथा- 'काष्ठं भस्मराशिं करोति' इत्यत्र दाहेन काष्ठविनाशो भवति। ततः भस्म उत्पद्यते, तस्मात् 'भस्म' प्रकृत्युच्छेदसंभूतरूप-विकार्यकर्म भवति। यदि 'काष्ठं भस्मराशिं करोति' इति प्रकृतिवाचकपदसमभिव्यहृत-वाक्यप्रयोगो वा, 'भस्मराशिं करोति' इति प्रकृतिवाचकपदासमभिव्यहृतवाक्यप्रयोगो वा उभयत्र 'भस्मनः' प्रकृत्युच्छेदसंभूतरूपविकार्यकर्मत्वं भवति।

तत्र द्वितीयः - कुत्रचित् गुणान्तरोत्पत्त्या = आकृतिविशेषोत्पत्त्या, प्रकृतेः = कारणस्य, नाशं विनैव, तत्र प्रकृतौ गुणान्तरसन्निवेशात् धर्मान्तरोत्पत्त्या जायमानं यत्कर्मतद्विकार्यम्। यथा- 'सुवर्णं कुण्डलं करोति' इत्यत्र सुवर्णस्य नाशं विना तत्रैव सुवर्णावयवे गुणान्तरसन्निधानेन निष्पन्नं 'कुण्डला-दिकम्' गुणान्तरोत्पत्तिरूपविकार्यकर्म भवति। यदि 'सुवर्णं कुण्डलं करोति' इति प्रकृतिवाचकपदसमभिव्यहृतवाक्यप्रयोगो वा, 'कुण्डलं करोति' इति प्रकृतिवाचकपदासमभिव्यहृतवाक्यप्रयोगो वा उभयत्र 'कुण्डलस्य' गुणान्तरोत्पत्तिरूपविकार्यकर्मत्वं भवतीति। पूर्वलक्षणे तु प्रकृतेर्विवक्षायामेव विकार्यं भवति। अत्र तु तदविवक्षायामपि तस्य विकार्यत्व मिति विशेषः।

तत्र प्रथमे कार्यावस्थायां प्रकृतिः नतिष्ठति, द्वितीये तिष्ठतीति भेदः। यद्यपि असत्कार्यवादिनां नैयायिक-वैशेषिक-बौद्धानां नये 'सुवर्णं कुण्डलं करोति' इत्यत्रापि अपूर्वस्य कुण्डलस्य उत्पत्तिर्भवति। तथापि तदेवेदं सुवर्णमिति प्रत्यभिज्ञानाल्लोके

---

1. "वैशेषिकाद्यनुसारेण यत् असत् जायते, सांख्यमतेन सत् एव जायते, तद् उभयमपि जन्मना प्रकाश्यमानत्वात् निर्वर्त्यं कथ्यते", इति हेलाराजः 49 कारिकाव्याख्याने, पृष्ठसंख्या-165.
2. वाक्यपदीयस्य साधनसमुद्देशे कर्माधिकारः, 3.7.49
3. वाक्यपदीयस्य साधनसमुद्देशे कर्माधिकारः, 3.7.50

तयोः सुवर्णकुण्डलयोरभेदो निश्चीयते। वस्तुतस्तु गुणमात्रस्यैव भेदः सुवर्णकुण्डलयोः वर्तते। एवं गुणान्तरस्याधानात् यत्र भेदव्यपदेशो भवति। तत्रापि विकार्यकर्म इति व्यवहारो भवति। एवं निर्वर्त्यविकार्यकर्मणोर्लक्षणे अन्यशास्त्रकाराणां मतानुवादः भर्तृहरिणा कृतः।

13. उभयमतानुसारम्

भर्तृहरिसम्मतप्रथमकल्पे 'तण्डुलान् ओदनं करोति' इत्यादिषु प्रकृतिविवक्षायान्तु 'ओदनस्य' विकार्यकर्मत्वमेवेति। 'ओदनं करोति' इत्यत्र प्रकृतेरविवक्षायाम् ओदनादिकं निर्वर्त्यकर्म। तथा च 'तण्डुलान्' इति प्रकृतिरपि विकार्यकर्म। वैयाकरणैः प्रकृति-कर्मणोन्तर्भावो विकार्यकर्मण्येव क्रियते।[1] प्रकृतिः= काष्ठम् =विकार्यकर्म, काष्ठ-भस्मनोरभेदकारणात् भस्मनोऽपि विकार्यकर्मत्वमित्यवगन्तव्यमितिविशेषः। भर्तृहरिणा अनूदिते शास्त्रान्तरसम्मते द्वितीयकल्पे 'ओदनं करोति' इत्यत्र प्रकृतेरविवक्षायामपि ओदनस्य विकार्यकर्मत्वमेवेति विशेषः।

14. दर्पणव्याख्याकारास्तु -

'प्रकृत्युच्छेदसंभूतमि'ति कारिकायाः व्याख्यानम् एवं विदधाति भूषणसारस्य दर्पणव्याख्याकारः - "यद्यपि विकार्यं द्वेधा-प्रकृतिर्विकृतिश्चेत्येव वक्तुमुचितम्, तथापि विकृतिद्वैविध्येऽवगते प्रकृतावपि विकार्यत्वं ज्ञातप्रायं भवतीत्याशयेन तदनुक्त्वैव विकृतिकर्म एव विभजते- प्रकृत्युच्छेदेति।"[2]

तेषामयमाशयः - विकार्यं कर्म द्विविधं - प्रकृतिर्विकृतिश्चेति। विकृतिरूपं विकार्यंद्विविधम्। प्रकृतेर्नाशेनोत्पन्नमेकम्, यथा- काष्ठविनाशेनोत्पन्नं भस्मादिः। प्रकृतौ रूपान्तरोत्पत्तिरूपं द्वितीयम्, यथा- सुवर्णे कुण्डलादिकम्। एवं प्रकृतिरूपविकार्यमपि द्विविधम्। स्वरूपनाशं प्राप्तमेकम्, यथा- काष्ठं भस्मकरोतीत्यादौ काष्ठादिः। धर्मान्तरोत्पादस्य आधारभूतं द्वितीयम्। यथा- सुवर्णं कुण्डलं करोती-त्यादौ सुवर्णादिः। एवं च काष्ठं भस्म करोति, सुवर्णं कुण्डलं करोतीत्यादौ काष्ठसुवर्णादिकं भस्मकुण्ड-लादिकं चोभयमपि विकार्यकर्मैव। "प्रकृत्युच्छेदसम्भूतम्" इति ग्रन्थो विकाररूप-विकार्यकर्मणो भस्मादेः कुण्डलादेश्च लक्षणप्रदर्शनपरः, न काष्ठसुवर्णादिरूपस्य प्रकृतिविकार्यकर्मणो लक्षणप्रतिपादनपरः। विकारकर्मणोः द्विविधत्वेऽर्थात्प्रकृतावपि द्वैविध्यमवगतमेव स्यादित्याशयेन तदनुक्तिः। प्रकृते-रुच्छेदेन = नाशेन, सम्भूतम् =

---

1. 'पूर्वत्र तु प्रकृतिः साक्षात् विकार्यं कर्म, तदभेदेन विकारोऽपि', इति हेलाराजः साधनसमुद्देशस्य 50 तमां कारिकाव्याख्याने, पृष्ठसंख्या- 167 (वाक्यपदीयम्, तृतीयकाण्डम्, अम्बाकर्त्रीसहितम्)
2. दर्पणव्याख्या, सुबर्थनिर्णये, पृष्ठसंख्या-185.

उत्पन्नम्। भस्मवत् = भस्मसजातीयं विकारजातंविकार्यम्। सुवर्णादिः = सुवर्णादिकमपि विकार्यमिति हरिग्रन्थार्थः। एवं च काष्ठं भस्म करोतीत्यादौ द्वयमपि विकार्यं कर्मैव। तत्र काष्ठं प्रकृतिविकार्यं, भस्म तु विकाररूपविकार्यमिति विशेषः। एवं सुवर्णं कुण्डलं करोतीत्यादावपीति। (आरेखः -108)



15. दर्पणकारस्यखण्डनम् - 1

भूषणसारस्य तत्त्वदर्शिनीव्याख्याने श्रीपेरिसूर्यनारायणशास्त्रिणः दर्पणव्याख्यानं खण्डयन्ति।[1] तद्यथा- "अत्रेदं चिन्त्यम् - हेलाराजभूषणकृदादिभिरादृतस्य निर्वर्त्य-विकार्यकर्मणोर्मतभेदेन प्रकारभेदस्य दर्पणरीत्याऽलाभेन प्रामाणिकग्रन्थविरोधः "सती वाऽविद्यमाना वा प्रकृतिः परिणामिनी। यस्य नाश्रीयते तस्य निवड प्रचक्षते। प्रकृतेस्तु विवक्षायाम्" इति हरिग्रन्थो लोकप्रतीत्यनुसारेण निर्वर्त्यविकार्यकर्मणोर्लक्षण-प्रतिपादनपरः, "कैश्चिदन्यथा निर्वर्त्यं च विकार्य च कर्मशास्त्रे प्रदर्शितम्" इत्यादिको हरिग्रन्थः शास्त्रकृन्मताश्रयेण तयोस्तत्प्रतिपर इतिविभागेन हेलाराजादिभिव्याख्यातः। दर्पणकारैस्तु एतादृशविभागपरित्यागेनैकरूपतयैव हरिग्रन्थो व्याख्यातः। अत्र दर्पण-ग्रन्थस्यौचिती कियतीति दोषज्ञाः सहृदया एवं प्रमाणम्। किञ्च 'प्रचक्षते, कैश्चिदन्यथा मतान्तरत्वस्फोरकशब्दस्वारस्यं भज्येत। किञ्चवाक्यपदीयएतत्सन्दर्भे "निर्वर्त्यं च विकार्यं च कर्म शास्त्रे प्रदर्शितम्" इत्यर्धश्लोको विद्यते। दर्पणकारैराश्रिते पाठे सोऽनन्वित एव स्यात्। निर्वर्त्यविकार्ययोः द्विग्रहणस्य वैयर्थ्यापत्तिश्च।

किञ्चोत्पत्तिरूपकृधात्वर्थफलाश्रितत्वरूपकर्मसामान्यलक्षणाक्रान्तस्यविकार्यस्य "विकार्यं तु द्वेधा कर्म व्यवस्थितम्" इति विशेषरूपेण प्रदर्शने का वाऽर्थान्तरतापत्तिः। एवं चैतामनुपपत्तिमुद्भाव्य तत्परिहाराय जन्मना यत्प्रकाशते" इत्यनन्तरं "प्रकृतेस्तु विवक्षायां विकार्यं कैश्चिदन्यथा। तन्निर्वर्त्यं" इति वाक्यपदीयपाठकल्पनं दर्पणकाराणा-मत्यन्तमसङ्गतमेव।

---

1. भूषणसारस्य तत्त्वदर्शिनीव्याख्या परिसूर्यनारायणशास्त्रिकृता, पृष्ठसंख्या- 332-335.

कथमन्यथा निर्वर्त्यस्यापि सामान्यरूपेण लक्षणमप्रदर्शयित्वा "यदसज्जायते सद्वा जन्मना यत्प्रकाशते। (अन्यथा) प्रकृतेरविवक्षायां निर्वर्त्यम्" इति विशेषलक्षण-प्रतिपादनं घटेत। "यदसज्जायते" इत्यादिनिर्वर्त्यस्य विशेषलक्षणप्रतिपादकमिति कौस्तुभे स्पष्टम्। किञ्च निपूर्वाद् वृतुधातोश्चुरादिण्यन्तात् "अचो यत्"[1] इति यत्प्रत्यये णिनिमित्तके लघूपधगुणे 'णेरनिटि"[2] इति णिलोपे निर्वर्त्यमिति रूपम्। निर्वर्तनार्हमित्यर्थः। निर्वर्तनं च निष्पादनम्। असतो वस्तुन उत्पत्तिरिति यावत्। विपूर्वात्करोतेः "ऋहलोर्ण्यत्"[3] इति ऋदन्तलक्षणे ण्यति विकार्यमिति रूपम्। निर्वर्त्यमित्यत्र यत्प्रत्ययो विकार्यमित्यत्र ण्यत्प्रत्ययश्च "तयोरेव कृत्यक्तखलर्थाः"[4] इति "अर्हे कृत्यतृचश्च"[5] इत्यर्हार्थं बोधयतः। विकार्यमित्यस्य विकारार्हमित्यर्थः। एवं च निर्वर्त्यपदेन घटं करोतीत्यादौ घटादेर्ग्रहणम्। काष्ठं भस्म करोतीत्यादौ निर्वर्त्यं भस्म, विकार्यं काष्ठमिति स्पष्टमवगम्यते। एष च विभागः कौस्तुभे स्पष्टः। भस्म विकारार्हं न भवति, विकार एव हि तत्। तदर्हं च प्रकृतिभूतं काष्ठादिकमेव। भूषणादावपि काष्ठं विकार्यकर्म, भस्म निर्वर्त्यकर्म" इति स्पष्टमेव प्रतिपादितम्। एवं च 'काष्ठं भस्म करोती'त्यादौ काष्ठभस्मनोरुभयोरपि विकार्यकर्मत्वप्रतिपादनं दर्पणकाराणामनुचितमेव, प्रामाणिक-ग्रन्थविरुद्धं च। गदाधरभट्टाचार्या अपि भस्मादेर्निर्वर्त्यत्वमेवाभिप्रयन्ति। खण्डदेवादयोऽपि भस्मादेर्निर्वर्त्यत्वं प्रतिपादयामासुः। किञ्च दर्पणोक्तरीत्या विकार्यकर्मणश्चतुर्विधत्वलाभेन 'विकार्यं तु द्वेधा" इति वाक्यपदीयविरोधः।

नच"प्रकृत्युच्छेदसम्भूतम्" इति ग्रन्थो विकाररूपविकार्यस्य लक्षणं प्रतिपादयति। विकृतिद्वैविध्येऽवगते प्रकृतावपि विकार्यत्वं ज्ञातप्रायं भवतीति तदुक्तरीत्या न तद्विरोध इति वाच्यम्। तस्य विकृतिरूपविकार्यमात्रस्य लक्षणप्रतिपादकत्वे मध्ये "काष्ठादि, सुवर्णादि" इत्येतयोरनन्वयापत्तेः। अपि च प्रकृतेः = आत्मनः, उच्छेदम् = नाशम्, सम्भूतम् = प्राप्तमिति व्युत्पत्त्याश्रयणेन काष्ठस्य, प्रकृतेरुच्छेदेन = नाशेन, सम्भूतम् = उत्पन्नमित्यर्थाश्रयणेन भस्मनश्च विकार्यत्वलाभेन "प्रकृत्युच्छेदसम्भूतम् इति वाक्यपदीयग्रन्थो विकृतिरूपविकार्यकर्मलक्षणमात्रप्रतिपादनपर इति कथनमपि दर्पण-काराणामसङ्गतमेव।

न च सिद्धान्तेऽपि निरुक्तव्युत्पत्तिद्वयाश्रयणेन काष्ठभस्मनोरुभयोरपि विकार्यत्वमेव स्वीक्रियतामिति वाच्यम्। विकार्यं तु द्वेधा" इत्यस्यासङ्गत्यापत्तेः।

---

1. पाणिनिसूत्रम् 3-1-91
2. पाणिनिसूत्रम् 6-4-52
3. पाणिनिसूत्रम् 3-1-124
4. पाणिनिसूत्रम् 3-4-70
5. पाणिनिसूत्रम् 3-3-69

भस्मनो निर्वर्त्यत्वप्रतिपादकभूषण-कौस्तुभ-पदमञ्जरी-व्युत्पत्तिवाद-भाट्टरहस्यादि-प्रामाणिकग्रन्थविरोधापत्तेश्च।

किञ्च तदादृतवाक्यपदीयपाठपर्यालोचनायां काष्ठं भस्म करोतीत्यादावसतो जातस्य भस्मनः प्रकृतेः काष्ठस्य विवक्षायां विकार्यत्वसिद्धावपि एतद्दशायां काष्ठस्य सिद्धवस्तुतया तस्य जन्माभावेन प्रकृतेरभावेन च तन्मते विकार्यत्वसिद्धिः।

किञ्चैवं काष्ठादेरविकार्यतया, एतद्दशायामनिष्पाद्यत्वेनानिर्वर्त्यतया, तत्र क्रिया-कृतविशेषस्य प्रत्यक्षेणोपलब्ध्याऽप्राप्यतया च तुरीयतापत्तिः।

किञ्च तण्डुलानोदनं पचतीत्यादावोदनादौ निर्वर्त्यते = निष्पाद्यत इति व्युत्पत्त्या निर्वर्त्यत्वमतिप्रसक्तमित्यपि न युक्तम्। पदमञ्जर्यादिप्रामाणिकग्रन्थेभ्य ओदनार्थत्वस्यैव लाभात्। एवञ्च एतदतिप्रसक्तिवारणाय निर्वर्त्ये प्रकृतिवाचकपदासमभिव्याहृत-पदोपस्थाप्यत्वे सतीति विशेषणं देयमित्यर्थप्रतिपादनपरः "सती वाऽविद्यमाना वा" इति हरिग्रन्थ इति तदुक्तिरपि चिन्त्यैव। अतो हेलाराजादिभिरादृतपाठविरुद्धवाक्य-पदीयपाठकल्पनं, काष्ठं भस्म करोतीत्यादौ काष्ठभस्मनोरुभयोरपि विकार्यत्वप्रतिपादनं च दर्पणकाराणामत्यन्तमसङ्गतं, प्रामाणिकमूलग्रन्थानवलोकनमूलकं च। "न तत्त्वम-ग्रहीषुस्ते मूलग्रन्थानवेक्षणात्" इत्यलंपल्लवितेन।।

16. दर्पणकारस्यखण्डनम् - 2

भूषणसारस्य सारदीपिकाव्याख्याने दीनबन्धुशास्त्रिणः दर्पणव्याख्यानं खण्डयन्ति। तत्रादौ भूषणसारमूलम् - 'घटं करोति' इत्याद्यम्। 'काष्ठं भस्म करोति', इति 'सुवर्णं कुण्डलं करोति' इति च द्वितीयम्। 'घटं पश्यति' इति तृतीयम्। 'तृणं स्पृशति' इत्युदासीनम्। 'विषं भुङ्क्ते' इति द्वेष्यम्। 'गांदोग्धि' इति संज्ञान्तरैरनाख्यातम्। 'क्रूरमभिक्रुध्यति' इतिअन्यपूर्वकम्।"[1]

दीपिकाव्याख्या[2] - आद्यमिति। निर्वर्त्यमित्यर्थः। अत्र प्रकृतिवाचकप्रयोगे तु 'मृदं घटं करोति' इति विकार्यमेवेति बोध्यम्। द्वितीयमिति। विकार्यमित्यर्थः। काष्ठसुवर्णयोः प्रकृत्योरनुपादाने तु निर्वर्त्यमेव। एवं 'सोमं सुनोति', 'काष्ठं भिनत्ति', 'गेहं दहति' इत्यादिकमपि विकार्योदाहरणम्। अत एव 'सोमं सुनोतीति विकार्ये च' इत्युक्तं मूले। एतेन - "यद्यपि विकार्यं द्वेधा प्रकृतिविकृतिश्च इत्येव वक्तुमुचितम्। तथापि विकृतिद्वैविध्ये अवगते प्रकृतावपि विकार्यत्वं ज्ञातप्रायं भवतीत्याशयेन तदनुक्त्वैव विकृतिकर्म विभजतेप्रकृत्युच्छेदेति।"[3] इतिदर्पणोक्तमपास्तम्, विकार्यकर्मणो

---

1. भूषणसारः, पृष्ठसंख्या- 161.
2. भूषणसारस्य सारदीपिकाव्याख्याने दीनबन्धुशास्त्रिणः, पृष्ठसंख्या-167.
3. दर्पणव्याख्या पृष्ठसंख्या-160.

बहुविधत्वेन प्रकृतिविकृतिश्चेति विभागानौचित्यात्, विभाजकतावच्छेदककूटस्यविभज्य-मानतावच्छेदकव्यापकत्वनियमात्। अन्यथा द्रव्यं द्विविधम्, पृथ्वी जलं चेति विभागापत्तेः।

17. प्रकाशव्याख्याकारः -

अत्र व्युत्पत्तिवादस्य प्रकाशव्याख्याकारः - "वस्तुतस्तु 'प्रकृत्युच्छेदसंभूतम्' इति कारिकायाः न पूर्वोक्त आशयः। किन्तु यदुच्छेदेन निर्वर्त्यं कर्म उत्पन्नं सा प्रकृतिः विकार्यं कर्मेत्युच्यते। तत्र दृष्टान्तः 'काष्ठादिः भस्मवत्' इति। एवञ्च 'काष्ठं भस्मराशिं करोति' इत्यादौ काष्ठोच्छेदसंभूतं भस्म निर्वर्त्यकर्म, काष्ठं विकार्यं कर्मेति। किञ्चित् गुणान्तरेत्यादेश्च 'यस्यां प्रकृतौ विद्यमानायामेव गुणोत्पत्तिः प्रत्याय्यते तदपि द्वितीयं विकार्यकर्म'। तत्र दृष्टान्तः सुवर्णादिविकारवदिति। यथा - 'सुवर्णं कुण्डलं करोति' इत्यादौ विद्यमानमेव शलाकास्वरूपं सुवर्णम् अवयवानाम् अनारम्भकसंयोगविरोधिकर्मणा भग्नत्वगुणोत्पत्त्या विकार्यम्। एवञ्च एतत्पक्षे भस्मकुण्डलादिकमेव निर्वर्त्यकर्म प्रकृतिरेव च विकार्यं कर्मेति न तुरीयत्वशङ्का-वकाशः।"[1]

18. उपसंहारः

भर्तृहरिणा प्राप्यं निर्वर्त्यं विकार्यञ्चेति त्रिविधं कर्मोक्त्वा प्राप्यकर्मलक्षणं क्रियाकृतविशेषाणामिति कारिक या प्रदर्शितम्। निर्वर्त्यविकार्ययोर्मध्ये तु पक्षद्वयं प्रदर्शितम्। तत्रैकः स्वपक्षः "सती वा विद्यमाना वा' इत्येककारिकासहितेन 'प्रकृतेस्तु विवक्षायां विकार्यं' इति कारिकाभ्यामेव स्फुटीकृतः। तथा च यस्य कर्मणः प्रकृतिरुपादानतया न विवक्षिता तत्कर्म निर्वर्त्यम्। यथा 'कटं करोति' इत्यादौ कटादिः। यस्य तु प्रकृतिरपि विवक्षिता तत्कर्म विकार्यम्। यथा 'काशान् कटं करोति' इत्यादौ कटादिरिति। एवञ्चैतत्पक्षे प्राप्यनिर्वर्त्यभिन्नकर्मत्वमेव विकार्यकर्मत्व-मित्यवगम्यते। प्रकृतकर्मणोऽपि विकारेऽन्तर्भावः। 'तण्डुलम् ओदनं करोति' इत्यादिषु प्रकृतिविकृत्योः तण्डुलौदनयोरभेदविवक्षात्वात् ओदनस्य विकार्यकर्मत्वम्, पूर्वतः ओदनस्यप्रकृतिरूपेण सिद्धत्वात्। यदा तु 'तण्डुलैः ओदनं करोति' इत्यादिषु प्रकृतिविकृत्योर्भेदविवक्षा तदा ओदनं निर्वर्त्यकर्म भवतीति स्वमते भर्तृहरिणा प्रतिपादितम्। अन्येषां पक्षः 'यदसज्जायते....' इत्यादिना 'प्रकृत्युच्छेद....' इति कारिकाभ्यां प्रदर्शितः। अतो न विरुद्धार्थप्रतिपादकतत्तत्कारिकोल्लेखेन प्रकृतग्रन्थोऽसङ्गत इति।

✦✦✦

1. प्रकाशव्याख्यानम् पृष्ठसंख्या-182.

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 17) ISSN : 0975-1769

प्रमाणमञ्जरी में वर्णित गुणपदार्थ एक अन्वेषण

-डॉ. भूपेन्द्र कुमार राठौर
हाडौती संस्कृत अकादमी, कोटा (राज०)

[अस्मिन् लेखे प्रमाणमञ्जरीग्रन्थे उपवर्णितः गुणपदार्थः विवेचितः विद्यते, कति गुणाः, तदर्थाः, तल्लक्षणं सम्यग् न्यरूपि]

वैशेषिकदर्शन की सनातन प्रवाहमानधारा में 10वीं शताब्दी के अन्तर्गत आचार्यों में तार्किकचक्रचूड़ामणि सर्वदेवसूरि का नाम प्रमुखतः उल्लेखनीय है। ये काश्मिर के निवासी तथा शैव ब्राह्मण थे। बौद्धमतों के खण्डनपूर्वक वैशेषिक सिद्धान्तों का प्राचीन न्याय की भाषा में सहज सरल रूप से प्रतिपादन करने वाले प्रमाणमञ्जरीकार सर्वदेव सूरि का नाम आज भी अमर है। आचार्य प्रणीत प्रमाणमञ्जरी ग्रन्थ वैशेषिक दर्शन का एक अमूल्य नवीनतम प्रकरण ग्रन्थ हैं जिसमें वैशेषिक पदार्थों का तार्किक विवेचन प्राप्त होता है। प्रमाणमञ्जरी का व्युत्पत्तिजन्य अर्थ बताते हुए इसके टीकाकार बलभद्र मिश्र ने लिखा है कि- **प्रमाणं प्रकृतं शास्त्रम्। तत् पादपस्थानीयम्, तस्येयं मञ्जरी वल्लरी अभिनव-पल्लवस्थानीयेति।**[1] अर्थात् प्रमाण का अर्थ है वैशेषिक शास्त्र, उसका मञ्जरीभूत यह ग्रन्थ है। वैशेषिक शास्त्र की उपमा वृक्ष से दी गई है। उसकी मञ्जरी अर्थात् वैशेषिकदर्शन के विवेच्यविषयक पदार्थ आदि ही इस ग्रन्थ में वर्णित है। इस प्रकार यह ग्रन्थ अन्वर्थ संज्ञा युक्त है। किरणावली ग्रन्थ की प्रस्तावना में डॉ. गौरीनाथशास्त्री लिखते है कि- प्रमाणमञ्जरी अतिप्राचीन तथा प्रामाणिक वैशेषिक ग्रन्थ है।[2] प्राध्यापक धमेन्द्रनाथ शास्त्री ने अपनी भारतीयदर्शनशास्त्र नामक पुस्तक में लिखा है कि- वैशेषिक प्रकरण ग्रन्थों में सर्वदेवसूरि की प्रमाणमञ्जरी रचना अत्यधिक प्राचीन प्रतीत होती है।[3] यह प्रमाणमञ्जरी लघुकायविशिष्ट ग्रन्थ होते हुए भी सार्थक संज्ञायुक्त प्राचीनतम ग्रन्थ रत्न है। वैशेषिकसूत्र जो महर्षि कणाद विरचित है, इनके ऊपर प्रशस्तपादभाष्य तथा उदयनादि के द्वारा विरचित ग्रन्थों

1. प्रमाणमञ्जरी, पृ.-16।
2. प्रमाणमञ्जरी पृ.-03 बलभद्रटीका।
3. किरणावली (भूमिका) पृ.-81 सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय-1980।

की क्लिष्टता के कारण ही तार्किकचक्रचूड़ामणि श्री सर्वदेवसूरि ने इस दुर्गम कणाद के कण्टकों में सामान्यजनों का सुखपूर्वक प्रवेश कराने के लिए अति सरस शैली में इस ग्रन्थ का प्रणयन किया है। सामान्य दर्शन के ज्ञाता भी इस ग्रन्थ को पढ़कर ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। प्रमाणमञ्जरी वैशेषिकदर्शन का प्रमाणभूत प्राचीनतम प्रकरण ग्रन्थ है। पाराशर उपपुराण के अन्तर्गत प्रकरण का लक्षण मिलता है- **शास्त्रैकदेशसम्बद्धशास्त्रकार्यान्तरे स्थितम्। आहुः प्रकरणं नाम ग्रन्थभेदं विपश्चितः।।**[1] यह लक्षण प्रमाणमञ्जरी में सर्वथा अक्षरशः प्रतिफलित होता है। प्रमाणमञ्जरी के टीकाकार अद्वयारण्य ने लिखा है कि- **प्रमीयतेखनेनेतिप्रमाणम्। प्रमाणतर्कशास्त्रम्। तच्चबुद्धिस्थंकाणादम्। तस्यमञ्जरी-वल्लरीकल्पपादपस्थानीयशास्त्रस्याभिनवपल्लवस्थानीयेयं प्रक्रियेत्यर्थः**[2] अर्थात् वैशेषिकशास्त्र की पदार्थ व प्रमाणमीमांसा का विवेचन इसका प्रतिपाद्य विषय है, क्योंकि जिसके द्वारा प्रमेयों का ज्ञान किया जाता है, वह तर्क है। प्रमाणों से प्रमेयों की सिद्धि होती है अतः प्रमाण को तर्क कहा जा सकता है। इसीलिए टीकाकार ने पुनः लिखा है- **प्रमाणादिभावाभावपदार्थवर्णनं दृश्यते यतः। सत्यम्, तथापिषडेवभावाः, द्वे एव प्रमाणे इत्यादिमहत्तरावान्तरभेदेनापुनरर्थता**[3] अर्थात् वैशेषिक ग्रन्थ में प्रचलित भाव-अभाव पदार्थ का इसमें वर्णन दृष्ट्रिगोचर है। वास्तव में सत्य है फिर भी छः भाव पदार्थ (द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष, समवाय) अभावपदार्थ तथा प्रत्यक्ष अनुमान प्रमाण का भेदोपभेद वर्णन इसमें प्राप्त होता है। वामन टीकाकार का भी यही मत है कि महर्षिकणाद प्रणीत वैशेषिकदर्शन कल्पवृक्ष है, इसकी नूतन शाखा प्रमाणमञ्जरी रचना है। इसका प्रतिपाद्यविषय प्रमाण अर्थात् भाव-अभाव पदार्थ और दो प्रमाण है। प्रमाणमंजरी ग्रन्थ पर तीन टीकायें क्रमशः श्री बलभद्र टीका, श्रीमदद्वयारण्य टीका (टीप्पण टीका), वामनभट्ट टीका (भावदीपिका टीका) मिलती हैं। ये टीकायें सम्पूर्ण ग्रन्थ पर प्रसंगानुकूल लिखी गई है। जिससे स्पष्ट है कि ग्रन्थ प्रौढ़ता से परिपूर्ण हैं तथा ग्रन्थ में सभी पदों पर समुचित चिन्तन मनन हुआ है।

वैशेषिकदर्शन प्रतिपादित सप्तपदार्थों में से द्वितीय पदार्थ गुण है। महर्षि कणाद ने गुण के लक्षण में इस प्रकार लिखा है- द्रव्य में आश्रय लेने का जिसका स्वभाव हो, जो स्वयं गुण का आश्रय न हो, संयोग और विभागों में कारण न हो, जो अन्य किसी की अपेक्षा नहीं रखता हो, वह गुण पदार्थ है।[4] प्रमाणमञ्जरीकार

1. भारतीयदर्शनशास्त्र-प्राध्यापक धर्मेन्द्रशास्त्री, पृ.-132।
2. तर्कसंग्रह, डॉ. नरेन्द्र कुमार शर्मा (भूमिका) पृ.-19।
3. प्रमाणमञ्जरी अ.टी., पृ.-3।
4. द्रव्याश्रय्यगुणवान् संयोगविभागेष्वकारणमनपक्षेति गुणलक्षणम्। वैशेषिकदर्शन पृ.-34।

ने गुण के विषय में लिखा है कि- कर्मान्यत्वेसति सामान्यकाश्रयो गुणः। स रूपादिभेदेन चतुर्विंशतिधा[1] अर्थात् जो कर्म से भिन्न हो तथा सामान्य का एकमात्र आश्रय हो, वही गुण है। गुण के रूप, रस आदि 24 भेद है। कर्मान्यत्वे सति सामान्यैकाश्रयो गुणः अभिप्राय यह है कि सामान्य के आश्रय गुण से भिन्न द्रव्य तथा कर्म भी है। इसलिये गुण को सामान्य का एक आश्रय या केवल सामान्य का ही आश्रय कहा गया है। भाव पदार्थों का आश्रय द्रव्य है। अतः द्रव्य एक मात्र सामान्य का ही आश्रय नहीं है। केवल गुण तथा कर्म ही एक मात्र सामान्य के आश्रय है। कर्म की तो गुण लक्षण में 'कर्मान्यत्वे सति' कहकर पहले ही व्यावृत्ति कर दी गई है। कर्म से भिन्न तथा सामान्य के साथ 'एक अधिकरण=द्रव्य में रहने वाला पदार्थ गुण है- ऐसा भी 'सामान्यैकाश्रयः' पद का अर्थ किया जा सकता है। इस प्रकार सामान्य तथा गुण में समानाधिकरण्य है। द्रव्य इन दोनों का समान अधिकरण है।[2]

गुणों की संख्या- महर्षि कणाद ने गुणों की संख्या स्पष्ट रूप से सत्रह मानी है।[3] प्रशस्तपादाचार्य ने सूत्रकार के मत का समर्थन करते हुए कहा है कि 'च'[4] शब्द से गुरूत्व, द्रवत्व, स्नेह, संस्कार, धर्म, अधर्म तथा शब्द ये सात गुण ग्राह्य है। प्रमाणमञ्जरीकार सर्वदेव ने गुणों की संख्या 24 बतायी है। वे निम्न है- (i) रूप (vii) पृथक्त्व (xiii) द्रवत्व (xix) इच्छा (ii) रस (viii) संयोग (xiv) स्नेह (xx) द्वेष (iii) गन्ध (ix) विभाग (xv) शब्द (xxi) प्रयत्न (iv) स्पर्श (x) परत्व (xvi) बुद्धि (xxii) धर्म (v) संख्या (xi) अपरत्व (xvii) सुख (xxiii) अधर्म (vi) परिमाण (xii) गुरुत्व (xvii) दुःख (xiv) संस्कार। प्रकारान्तर से गुण के दो भेद होते है- (i) विशेष गुण तथा (ii) सामान्य गुण।

विशेष गुण- रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, स्नेह, सांसिद्धिक द्रवत्व, शब्द, बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म तथा भावना ये विशेष गुण है।

सामान्य गुण- संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, नैमित्तिक द्रवत्व, गुरूत्व तथा वेग-ये सामान्य गुण है।

(i) रूप गुण- प्रमाणमञ्जरीकार ने रूप का लक्षण इस प्रकार दिया है-

---

1. प्रमाणञ्जरी, पृ.-40।
2. प्रमाणमञ्जरी (हिन्दी व्याख्या) पृ.-114।
3. रूपरसगन्धस्पर्शाः संख्यापरिमाणा निपृथक्त्वं संयोगति भागौपरत्वापरत्वेबुद्धयः सुखदुःखेच्छो-द्वेषोप्रयत्नाश्चगुणाः। वैशेषिकसूत्र,पृ.-1/1/6।
4. चशब्दसमुञ्चिताश्चगुरूत्वद्रवत्वस्नेहसंस्कारादृष्टशब्दाः सप्तैवेत्येवंचतुर्विंशंतिगुणाः। प्रशस्तपादभाष्य, पृ.-3।

नयनैकग्राह्यजातिमद्रूपम्।[1] केवल नयन से ही ग्राह्यजाति से युक्त रूप है। यहाँ सामान्य, स्पर्श तथा घटादि में अतिव्याप्ति के वारण हेतु क्रमशः जाति, नयन तथा एक शब्द का प्रयोग किया है।[2]

रूप के भेद- अद्वयारण्य टीका में लिखा है- तेषां लोहितरूपादीनाम्।[3] रूप के शुक्ल, नील, पीत, रक्त, हरित, कपिश, तथा चित्र भेद से सात प्रकार है।

(ii) रस गुण- प्रमाणमञ्जरीकार ने रस गुण का लक्षण इस प्रकार दिया है- रसनैकग्राह्यजातिमान् रसः।[4] अर्थात् रसना से ही ग्रहण के योग्य जाति रस है।

रस के भेद- वैशेषिकदर्शन में रस गुण के छः भेद बताये है- मधुर, अम्ल, लवण, कटु, कषाय और तिक्त।[5] प्रमाणमञ्जरी में इसके भेदों का उल्लेख नहीं है।

(iii) गन्ध गुण - प्रमाणमञ्जरीकार ने गन्ध गुण का लक्षण इस प्रकार दिया है- घ्राणैकग्राह्यजातिमान् गन्धः[6] अर्थात् घ्राण इन्द्रिय मात्र से ग्राह्य जाति से युक्त गन्ध गुण है। गन्ध गुण केवल पृथिवी द्रव्य में पाया जाता है। साथ ही गन्ध गुण पृथिवी को अन्य द्रव्यों से व्यवच्छिन्न करने का कारण भी है, अतः इसका विशेष गुणत्व सिद्ध है। जलादि में जो गन्ध की प्रतीति है, वह औपचारिक है, स्वाभाविक नहीं। अतः गन्ध केवल पृथिवी का ही विशेष गुण है।[7]

गन्ध के भेद - सुरभि (सुगन्ध) तथा असुरभि (असुगन्ध) के भेद से गन्ध गुण के दो भेद है।[8]

(iv) स्पर्श गुण - प्रमाणमञ्जरीकार ने स्पर्श गुण का लक्षण इस प्रकार दिया है- **स्पर्शनैकग्राह्यजातिमान् स्पर्शः।**[9] जिस गुण का ग्रहण मात्र त्वक् इन्द्रिय से होता है, उस जाति से युक्त स्पर्श गुण है। स्पर्श के भेद- यह स्पर्श तीन प्रकार का होता है- शीत, उष्ण और अनुष्णाशीत। इनमें शीत जल का असाधारण धर्म

1. प्रमाणमञ्जरी, पृ.-41।
2. वही, बलभद्र टीका, पृ.-41।
3. वही, पृ.-41-44।
4. वही, पृ.-41।
5. प्रशस्तपादभाष्य, पृ.-70।
6. प्रमाणमञ्जरी, पृ.-41।
7. वैशेषिकदर्शन में पदार्थनिरूपणम्, पृ.-285।
8. तर्कसंग्रह (तन्वी व्याख्या), पृ.-65।
9. प्रमाणमञ्जरी, पृ.-41।

है, उष्ण तेज का जबकि अनुष्णाशीत स्पर्श पृथिवी तथा वायु दोनों का असाधारण धर्म है।[1] रूपादीनामवान्तरविभागः तेषां यावद्द्रव्यभावित्वञ्च प्रमाणमञ्जरीकार ने रूप, रस, गन्ध तथा स्पर्श के अवान्तर विभाग करके यावद्द्रव्यभावी तथा अयावद्द्रव्यभावी के भेद से दो भागों में विभक्त किया है। पार्थिव परमाणुओं के रूप, रस, गन्ध, स्पर्श के अतिरिक्त अन्य द्रव्यों के रूप, रस, गन्ध, स्पर्श यावद्द्रव्यभावी है। यह प्रत्यक्ष योग द्रव्यों में प्रत्यक्षतः ही सिद्ध है। जैसे घट के रूप की घट विनाशक्षण तक विद्यमानता है। पार्थिवद्वयणुकादि में रूप, रस, गन्ध, स्पर्श यावद्द्रव्यभावी है, कार्यद्रव्यों के रूपादि होने से घट के रूपादि के समान। जलादि-परमाणुओं के रूपादि यावद्द्रव्यभावी है, जलादि के रूप होने से बाह्यप्रत्यक्षयोग्य जलादि के रूपादि के समान।

यावद्द्रव्यभावित्व पद का अर्थ- रूपादि गुणों का अपने आश्रय द्रव्यों में उनके विनाश काल तक रहना। इसी को शास्त्रीय भाषा में 'स्वाश्रयनाशजन्यनाश-प्रतियोगित्वम्' कहा गया है। स्व अर्थात् घटादि के रूप, उसका आश्रय घट, उसका नाश, तादृश नाश से जन्य ही घट रूप का नाश है। उस घट-रूप के नाश का प्रतियोगित्व घट रूप में हैं अर्थात् नाश होने पर ही घटगत रूप का नाश होता है। अतः द्रव्य जब तक विद्यमान रहे तब तक घट का रूपादि का रहना ही यावद्द्रव्यभावित्व है। शब्द तथा ज्ञानादि गुणों में इस प्रकार का यावद्द्रव्य भावित्व नहीं है।[2] वैशेषिक सिद्धान्त के अनुसार पार्थिव परमाणुओं में ही पाक होता है, अतः केवल पार्थिव परमाणु के रूपादि पाकज होने से अयावद्द्रव्यभावी है। परन्तु द्वयणुक से लेकर समस्त महत्परिमाण विशिष्ट कार्यद्रव्यों के रूपादि अपाकज होने से यावद्द्रव्यभावी ही होगें।[3]

रूपादि का यावद्द्रव्यभावित्व- यह ध्यातव्य है कि पीलुपाकवादी वैशेषिकों के अनुसार घट के रूपादि अपाकज है। वैशेषिक पार्थिव परमाणुओं में ही पाक मानते है। अतः घट के रूपादि यावद्द्रव्यभावी है। पाकजोत्पत्ति प्रक्रिया का संक्षेप में यहाँ वर्णन किया जा रहा है-

पाकजोत्पत्ति- पृथिवी में रहने वाले रूप, रस, गन्ध तथा स्पर्श ये चार ही गुण 'पाकज' अर्थात् अग्नि संयोग से उत्पन्न माने जाते है। कच्चा फल हरा होता है वह पककर पीला या लाल आदि रंग का हो जाता है। कच्चे फल के रूप, रस, गन्ध तथा स्पर्श से पके फल के रूप, रस, गन्ध तथा स्पर्श सब ही भिन्न

---

1. वैशेषिक दर्शन में पदार्थ निरूपण, पृ.-289।
2. प्रमाणमञ्जरी, (हिन्दी व्याख्या) पृ.-120।
3. वही, पृ.-120।

होते है। फलों के पकने का कारण गर्मी अथवा तेज संयोग ही है। यह सर्वविदित है। तेजः संयोग से फल आदि में तेजः संयोग से पूर्व में विद्यमान रूप, रस आदि नष्ट होकर पाक से उनमें नए रूप, रस आदि उत्पन्न होते है, इसलिए वे सब पाकज कहलाते है। ये 'पाकज' गुण केवल पृथिवी में ही रहते है अन्यत्र अर्थात् जल आदि द्रव्यों में नहीं।[1] इस पाक प्रक्रिया के प्रसंग में न्याय एवं वैशेषिकदर्शन एकमत नहीं है। वैशेषिकदर्शन में इसे 'पीलुपाकवाद' तथा न्याय दर्शन में इसे 'पिठरपाकवाद' कहा जाता है।

पीलुपाकवाद- वैशेषिकदर्शनाचार्यों ने अपना मत दिया है कि पाक परमाणुओं में होता है, अवयवी में नहीं क्योंकि अवयवी में पाक होने का कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं होता है। पीलू का शब्दिक अर्थ 'परमाणु' है, अतः 'पीलुपाक' का अर्थ परमाणुओं का 'पाक' होता है।[2] पीलूपाकवादो वैशेषिककाणाम्। पाकः परमाणुष्वेव जायते, नावयविनिमानाभावात्।

पिठरपाकवाद- नैयायिकों का मत 'पिठरपाकवाद' है, यहाँ पिठर का तात्पर्य पिण्ड से है। इनकी दृष्टि में सम्पूर्ण घट पिण्ड में ही पाक प्रक्रियाँ होती है। अभिप्राय यह है कि घट आदि के आरम्भक परमाणु परस्पर बिल्कुल मिलें नहीं होते हैं, वे छिद्र युक्त होते है, उनके मध्य अन्तर होता है। इसलिए अग्नि के सूक्ष्म अंश उनके मध्य प्रविष्ट हो जाते है तथा परमाणुओं में विभक्त हुए बिना ही घटादि में रक्तिमा की उत्पत्ति हो जाती है। इस प्रकार पीलुपाक अर्थात् परमाणुओं को पाक मानने वाले और पिठरपाक अर्थात् घट के विघटित हुए बिना ही उसका पाक मानने वाले वैशेषिकों और नैयायिकों में जो विवाद चलता है, उसकी सूक्ष्मता को लेकर यह कारिका बन गई है-

द्वित्वे च पाकजोत्पत्तौ, विभागे च विभागजे। यस्य न स्खलिता बुद्धिस्तं वै वैशेषिकं विदुः।।[3] प्रमाणमञ्जरी के टीकाकार बलभद्र मिश्र का कथन है कि पीलुपाकवादी वैशेषिकों के अनुसार घट के रूपादि अपाकज है एवम् यावद्द्रव्यभावी है। कारण पाक घट आदि में नहीं परमाणुओं में होता है। अब प्रश्न हो सकता है कि तो फिर अयावद्द्रव्यभावी गुण कौन से है? इसके उत्तर में- प्रमाणमञ्जरी चूँकि वैशेषिकदर्शन का प्रकरण ग्रन्थ है, अतः ग्रन्थकार वैशेषिक सिद्धान्त के अनुसार पार्थिव परमाणुओं के पाकजरूपादिको अयावद्द्रव्यभावी गुणों को पृथक् करते हुए कहते है कि- पार्थिवपरमाणोस्यत्र यावद्द्रव्यभाविनः प्रत्यक्षद्रव्ये

1. तर्कसंग्रह, पृ.-60।
2. पदार्थदिव्यचक्षु, पृ.-35।
3. सर्वदर्शन संग्रह, पृ.-220।

प्रत्यक्षस्तथासिद्धिः।[1] वैशेषिक 'पीलुपाक' मानते है। अतः ग्रन्थकार के अनुसार पार्थिव परमाणुओं के रूप, रस, गन्ध, स्पर्श के अतिरिक्त अन्य द्रव्यों के रूप, रस, गन्ध, स्पर्श यावद्द्रव्यभावी है। यह प्रत्यक्ष योग्य द्रव्यों में प्रत्यक्षतः ही सिद्ध है। जैसे घट के रूप की घट विनाश क्षण तक विद्यमानता है।[2] टीकाकार बलभद्रमिश्र का कथन है कि घट रूप के यावद्द्रव्यभावित्व की सिद्धि में प्रत्यक्ष प्रमाण के साथ-साथ तर्क का भी समावेश करना चाहिए। कारण प्रत्यक्षतः यहीं प्रतीत होता है कि श्याम घट रक्त रूप में परिणत हुआ। अतः आपाततः घट के रूप में ही परिवर्तन प्रतीत होता है किन्तु विचार करने पर यह सिद्ध होता है कि अवयवभूत परमाणुओं में पाक होने से अवयवी घट के रूप में परिवर्तन अवश्यम्भावी है। इसके लिए घट तक पाक को खींचना व्यर्थ है। अतः पाक घट में नहीं, अपितु परमाणुओं में ही होता है। अतएव घट रूप यावद्द्रव्यभावी है। बाह्येन्द्रियों से न प्रत्यक्ष होने वाले द्रव्यों में वर्तमान रूपादि के यावद्द्रव्यभावित्व की अनुमान से सिद्धि-जिन पार्थिव द्रव्यों का बहिरिन्द्रियों से प्रत्यक्ष नहीं होता है उन द्रव्यों के रूपादि के यावद्द्रव्यभावित्व की सिद्धि के लिये प्रमाणमञ्जरीकार ने अनुमान की उपस्थापना की है- द्वयणुकादिषुरूपादयोयावद्द्रव्यभाविनःकार्यरूपादित्वात् घटरूपादिवत् अर्थात् पार्थिव द्वयणुकादि में रूप, रस, गन्ध, स्पर्शयावद्द्रव्यभाविनः कार्यरूपादित्वात् घटरूपादिवत् अर्थात् पार्थिव द्वयणुकादि में रूप, रस, गन्ध, स्पर्श यावद्द्रव्यभावी है, कार्य द्रव्यों के रूपादि होने से, घट के रूपादि के समान।[3] टीकाकार बलभद्र मिश्र के अनुसार उपर्युक्त अनुमान के पक्ष में 'द्वयणुकादिषु' पद में प्रविष्ट 'आदि' पद से घ्राणेन्द्रियाँदि भी ग्राह्य है। यतः ये भी पार्थिव द्वयणुकादि से आरब्ध है तथा इनके रूपादि भी अपाकज होने से यावद्द्रव्यभावी हैं।[4] वैशेषिकसिद्धान्त के अनुसार पार्थिव परमाणुओं में ही पाक होता है, अतः केवल पार्थिव परमाणु के रूपादि पाकज होने से अयावद्द्रव्य भावी है। परन्तु द्वयणुक से लेकर समस्त महत्परिणाम विशिष्ट कार्य द्रव्यों के रूपादि अपाकज होने यावद्द्रव्यभावी ही होंगे-यही उपर्युक्त अनुमान का आशय है।

जलीय परमाणु के रूपादि का यावद्द्रव्यभावित्व- द्वयणुक से लेकर समस्त महत्परिमाण विशिष्ट जलीय, तैजस, वायवीय कार्य द्रव्यों के रूप-रस-स्पर्श का यावद्द्रव्य भावित्व तो पूर्वोक्त अनुमान के द्वारा ही सिद्ध है, परन्तु पार्थिव

---

1. प्रमाणमञ्जरी, पृ.-42।
2. वही, पृ.-42।
3. प्रमाणमञ्जरी, (संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेता) पृ.-122।
4. द्वयणुकादिष्वित्यादिपदेन घ्राणादिपरिग्रहः। प्रमाणमञ्जरी (बलभद्र टीका) पृ.-42।

परमाणु के रूपादि के अयावद्द्रव्यभावी होने से भ्रमवशात् जलादि के परमाणुओं के रूपादि को भी अयावद्द्रव्यभावी माना जा सकता है। इस भ्रम में निराकरणार्थ ग्रन्थकार ने जलादि परमाणुओं के रूपादि में यावद्द्रव्यभावित्व की सिद्धि के लिए पृथक् रूप से अनुमान का उपनिबन्ध किया है- सलिलादिपरमाणुरूपादयो यावद्द्रव्यभाविनः सलिलादिरूपादित्वात्[1] सम्प्रतिपन्नवत् अर्थात् जिस प्रकार बाह्य प्रत्यक्ष योग्य जलादि के रूपादि को हम यावद्द्रव्यभावी देखते है, उसी प्रकार जलादि परमाणुओं के रूपादि भी यावद्द्रव्यभावी है, जलादि के रूप होने से पार्थिव परमाणुओं के संयोग से जल के रूपादि का परिवर्त्तन हो सकता है परन्तु पार्थिव परमाणुओं को जल से छान लेने पर पुनः जल का पूर्ववत् रूप हो जाता है। इसलिये जलादि के रूपों को यावद्द्रव्यभावी कहा गया है। दृष्टान्त के रूप में समाविष्ट 'सम्प्रतिपन्न'[2] पद का प्रकृत में अर्थ है- जल का रूप। कारण जल के रूपादि का यावद्द्रव्यभावित्व प्रत्यक्ष सिद्ध है।

अयावद्द्रव्यभाविनो गुणाः- वैशेषिक आचार्यो के अनुसार पार्थिव परमाणुओं में ही पाक होने से पार्थिव परमाणु के रूप-रस-स्पर्श में पाकजत्व सिद्ध है। एवञ्च ये गुण पाकज होने के कारण ही अयावद्द्रव्यभावी है। अयावद्द्रव्यभावी का अर्थ अपने समवायिकारण पार्थिव परमाणुओं के रहते उनके रूपादि गुणों का विनाश होना या परिवर्तित होना है। प्रमाणमञ्जरीकार यावद्द्रव्यभावी रूपादि के निरूपण के बाद पुनः अयावद्द्रव्यभावी रूपादि का वर्णन करते हुए कहते है - पार्थिवपरमाणुष्वयावद्द्रव्यभाविनः। तत्र प्रमाणम्- पार्थिवपरमाणौ सति रूपादयो निवर्तन्ते, अनित्यत्वात्, सम्प्रतिपन्नवत् इति। पार्थिव द्वयणुकण्म् अनित्यविशेषगुण-वत्समवेतं, पार्थिवकार्यत्वात, घटवदिति, नासिद्धं साधनम्। हुतवहनिवहावलीढे महीखण्डे पूर्वरूपविलक्षणरूपादिदर्शनात्तत्रैवं तथा कल्पने सति नातिप्रसंग इति तर्कः। तत्र पार्थिवपरमाणुरग्निसंयोगासमवायिकारणविशेषगुणवान्, अनित्यविशेषगुणवत्त्वे सति नित्यभूतत्वात्, आकाशव -दिति पाकजत्वं तेषां सिद्धम्।[3]

पार्थिव परमाणुओं के रूप-रस-गन्ध-स्पर्श (पाकज होने से) अयावद्द्रव्यभावी है। ग्रन्थकार ने पुनः लिखा है कि पार्थिव परमाणुओं रूपादि के अयावद्द्रव्यभावित्व की सिद्धि के लिए अनुमान का उपनिबन्ध किया है।

पार्थिव परमाणुओं के रूपादि में अयावद्द्रव्यभावित्वसाधक अनुमान- पार्थिवपरमाणौ सति रूपादयो निवर्तन्ते, अनित्यत्वात् सम्प्रतिपन्नवत्' अर्थात् पार्थिव

---

1. प्रमाणमञ्जरी, पृ. 42।
2. सम्प्रतिपन्नं जलरूपम्। प्रमाणमञ्जरी, (बलभद्र टीका) पृ.-42।
3. प्रमाणमञ्जरी, पृ.-43।

परमाणुओं के रहते उनके रूपादि परिवर्तित होते है, अनित्य होने से अनुभूत द्रव्यों के गुणादि के समान। जैसे आत्मा नित्य है, किन्तु आत्मा में समवेत बुद्धि, सुख, दुःख, इच्छा, द्वेष आदि अनित्य तथा यावद्द्रव्यभावी गुण है, एवञ्च नित्यद्रव्यस्वरूप मन के गुण तथा नित्यभूत आकाश का शब्द गुण भी अनित्य तथा अयावद्द्रव्यभावी है, उसी प्रकार पृथिवी परमाणु के रूपादि गुण भी अनित्य होने यावद्द्रव्यभावी है।[1] शंका हो सकती है कि पार्थिव परमाणु के रूपादि परमाणु के गुण होने से नित्य हो सकते है। अतः पूर्वपक्षी भी अनुमान उपस्थापित करते है - पार्थिवा गुणा रूपादयो नित्याःपरमाणुरूपादित्वाज्जलपरमाणुरूपा -दिवत् अर्थात् पार्थिव परमाणु के रूपादि गुण जल-परमाणु के रूपादि के समान परमाणु के गुण होने से नित्य है। इस प्रकार पार्थिव परमाणुओं के रूपादि में नित्यत्व की सिद्धि हो जाने से सिद्धान्ति के उपर्युक्त अनुमान के हेतु में प्रयुक्त अनित्यत्व पद की सिद्धि होती है। इस प्रकार पक्ष में हेतु असिद्ध होने से स्वरूपासिद्धि हेत्वाभास स्पष्ट है।[2] इसके उत्तर में सिद्धान्ती का कहना है कि उपयुक्त पूर्वपक्षी के अनुमान में 'अपाकजत्व' उपाधि है। अतः जहाँ-जहाँ नित्यत्व है, वहाँ-वहाँ अपाकजत्व है, परन्तु जहाँ-जहाँ परमाणुरूपत्व है, वहाँ-वहाँ अपाकजत्व है, परन्तु जहाँ-जहाँ परमाणु रूपत्व है, वहाँ-वहाँ अपाकजत्व नहीं है, कारण पार्थिव परमाणु के रूपादि में अपाकजत्व नहीं, अपितु पाकजत्व ही है। अतः पूर्वपक्षी का उक्त अनुमान 'अपाकजत्व' उपाधि से युक्त होने से दुष्ट है। अतः पार्थिव परमाणु के गुण, परमाणु गुण होने पर भी अनित्य ही है। ग्रन्थकार भी पार्थिव परमाणु निष्ट रूपादि के अयावद्द्रव्यभावित्व-साधक उक्त अनुमान में हेतु के रूप में दिये गये। अनित्य की सिद्धि के लिए पुनः अनुमान की उपस्थापना करते है जिससे पूर्वपक्षी की उपर्युक्त शंका निरस्त हो जाती है, एवञ्च पार्थिव परमाणु के रूपादि में अनित्यता की सिद्धि होती है।[3]

पार्थिव परमाणु के रूपादि की अनित्यता- प्रमाणमञ्जरीकार पार्थिव परमाणु के रूपादि की अनित्यता की सिद्धि में अनुमानप्रमाण उपस्थापित करते है। पार्थिव द्वयणुक अनित्यगुण विशिष्ट पार्थिव परमाणु में समवेत है, पार्थिव कार्य होने से घट के समान अर्थात् जिस प्रकार घट पार्थिव कार्य होने से अनित्य विशेष गुण से युक्त कपाल में समवेत है, उसी प्रकार पार्थिव द्वयणुक भी पार्थिव कार्य होने से अनित्य विशेषगुणविशिष्ट परमाणु में समवेत रहता है।[4] इसी प्रकार पार्थिव

1. प्रमाणमञ्जरी, पृ.-43।
2. प्रमाणमञ्जरी, (संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेता) पृ.-126।
3. वही, पृ.-126।
4. वही, पृ.-126।

परमाणु के रूपादि में अनित्यता की सिद्धि होने से ग्रन्थकार का कहना है कि पूर्वपक्षी के द्वारा इसके पूर्ववर्ती अनुमान के हेतु अनित्यत्व में जो असिद्धि दोष दिखा गया था, वह भ्रान्त है, कारण द्वितीय अनुमान के द्वारा पार्थिव परमाणु के रूपादि में अनित्यता की सिद्धि होने से प्रथम अनुमान का साधन असिद्ध नहीं रहा। अग्नि के प्रज्वलित होकर फैल जाने पर भूमि का रूप पूर्व रूप से विलक्षण अर्थात् श्यामता आदि से रक्तता को प्राप्त करता है। देखा गया है कि जलती हुई भट्टी में दिये गये मृत्तिकाखण्ड के रूपादि में परिवर्तन हो जाता है। अतः उसके परमाणुओं में भी परिवर्तन अवश्यभावी है। इस प्रकार की कल्पना से अतिव्याप्ति आदि दोष भी निरस्त हो जाते है, यही तर्क हैं। उसमें अनुमान प्रमाण है- जिस प्रकार आकाश नित्यभूत होने से अग्निसंयोग स्वरूप असमवायिकारण से उत्पन्न अनित्य विशेषगुण शब्द से युक्त है, उसी प्रकार पार्थिव परमाणु भी नित्यभूत होने से अनित्य विशेष गुण से युक्त है। पार्थिव परमाणु के विशेषगुण रूपादि का समवायिकारण तो पार्थिव परमाणु ही है, परन्तु असमवायिकारण संयोग ही होगा। परन्तु वह कौनसा संयोग होगा? यही प्रकृत में विचारणीय हैं। आकाश और परमाणु के संयोग को मानने से, सर्वदा संयोग होता रहेगा। अतः हमेशा रूपादि भी परिवर्तित होते रहेगें।

इस प्रकार अन्य सभी संयोगों का निषेध होने से परिशेषात् पार्थिव परमाणु के अनित्य विशेषगुणों का असमवायिकारण अग्निसंयोग ही सिद्ध होता है। इस प्रकार नित्यभूतस्वरूप पार्थिव परमाणु अग्निसंयोग स्वरूप असमवायिकारण से जन्य अनित्य विशेष गुणों से युक्त है तथा पार्थिव परमाणु के रूपादि का पाकजत्व भी उक्त अनुमान के द्वारा सिद्ध है। प्रमाणमञ्जरीकार ने पार्थिव परमाणुओं के रूपादि में अयाद्द्रव्यभावित्व की सिद्धि के लिए अनुमान की उपस्थापना की है-पार्थिवपरमाणौसतिरूपादयोनिवर्तन्ते, अनित्यत्वात् सम्प्रतिपन्नवत्।[1]

इस अनुमान के पक्ष में पार्थिवपरमाणौ सति यह सत्यन्त पद उद्देश्य की सिद्धि के लिए प्रयुक्त है। वस्तुतः कथन यह है कि सभी द्रव्यों के रूपादि गुण अयावद्द्रव्यभावी नहीं है, केवल पार्थिव परमाणुओं के ही रूपादि गुण अयावद्द्रव्यभावी है- यह सिद्ध करने के लिए सत्यन्त पद का समावेश किया गया है। इसका आशय यही है कि पार्थिव परमाणुओं के वर्तमान रहने पर भी उसके रूपादि परिवर्तित होते है। उपर्युक्त 'अनित्यत्व' हेतु का अर्थ 'ध्वंसप्रतियोगित्व' अर्थात् ध्वंस का प्रतियोगी होना = विनाश को प्राप्त होना ही है। परन्तु 'अनित्यत्व' का ऐसा अर्थ करने पर घटादि के रूपादि गुण जो कि अनित्य है, उनमें अयावद्द्रव्यभावित्व

---

1. वही, पृ.-127।

की सिद्धि होने लगेगी।

इस प्रसंग में टीकाकार बलभद्र मिश्र का कथन है कि- घटादि के रूपादि में अयावद्द्रव्यभावित्व की सिद्धि नहीं होती, कारण उक्त अनुमान के पक्ष में पार्थिव परमाणु के रूपादि को ही रखा गया है। अतः पक्ष में ही अयावद्द्रव्यभावित्व रूप की सिद्धि होगी, अन्यत्र नहीं। प्रकृत में पक्षधर्मताबलात् पार्थिव परमाणु के रूपादि में ही स्वाश्रयसमानकालीनध्वंसप्रतियोगित्व या अयावद्द्रव्यभावित्व की सिद्धि होती है।

इस प्रकार स्व अर्थात् पार्थिव परमाणु के रूपादि, उनका आश्रय पार्थिव परमाणु उसके रहते परमाणुनिष्ठ रूपादि का नाश होना ही अयावद्द्रव्यभावित्व है। पक्षधर्मताबलात् इस अयावद्द्रव्यभावित्व की सिद्धि पार्थिव परमाणुओं के रूपादि में ही होती है।[1] शंका हो सकती है कि पार्थिव परमाणु के रूपादि परमाणु के गुण होने से नित्य हो सकते है। इस शंका का निरास ग्रन्थकार निम्नलिखित अनुमान से पार्थिव परमाणु के रूपादि की अनित्यता को सिद्ध करते हुए कहते है। वह अनुमान इस प्रकार है- पार्थिवं द्वयणुकम् अनित्यविशेषगुणवत्समवेतं, पार्थिवकार्यत्वात् घटवत्।[2] घटादि का अनित्य विशेषगुण से युक्त कपालादि में समवेतत्व तो सिद्ध है ही। अतः उपर्युक्त अनुमान के पक्ष में केवल 'पार्थिव' पद रखने पर घटादि के भी आ जाने से सिद्धसाधन दोष होता तथा मात्र 'पार्थिव' पद के कहने पर 'पार्थिवपरमाणु' भी आ जाते, जो कि किसी में भी समवेत नहीं है। अतः पार्थिव परमाणु का अनित्य विशेषगुण युक्त द्रव्य में समवेतत्व तो दूर रहा। इस प्रकार पक्ष में साध्याभाव होने से बाध होता। अतः पक्ष में 'पार्थिव' पद के साथ-साथ द्वयणुक पद भी समाविष्ट है।

पार्थिव परमाणु के पाकज रूपादि गुण- प्रमाणमञ्जरीकार पार्थिव परमाणु के रूपादि में अनुमान के द्वारा पाकजत्व की सिद्धि करते है- पार्थिव परमाणुरग्निसंयोगासमवायिकारणविशेषगुणवान् अनित्य विशेषगुणवत्वे सति नित्यभूतत्वात् आकाशवत् इति पाकजत्वं तेषां सिद्धम्।[3] पार्थिव परमाणु के रूप, रस, गन्ध तथा स्पर्श- ये चार गुण पाकज होने से अनित्य एवं अयावद्द्रव्यभावी है।

- पार्थिव कार्य द्रव्य के रूप, रस, गन्ध, तथा स्पर्श अनित्य तथा यावद्द्रव्यभावी है।

- जल परमाणुओं के रूप, रस तथा स्पर्श नित्य तथा यावद्द्रव्यभावी है।

---

1. वही, पृ.-127।
2. प्रमाणमञ्जरी, पृ.-43।
3. वही, पृ.-43।

– तेजस् परमाणुओं के रूप तथा स्पर्श नित्य तथा यावद्द्रव्यभावी है।

– वायु परमाणु का स्पर्श नित्य तथा यावद्द्रव्यभावी है।

– कार्य जल, तेज, वायु के रूपादि विशेष गुण अनित्य तथा यावद्द्रव्यभावी है।

अत: वैशेषिक सिद्धान्त के अनुसार केवल पार्थिव परमाणुओं के ही रूप, रस, गन्ध तथा स्पर्श पाकज तथा अयावद्द्रव्यभावी है।

(v) संख्या गुण - संख्यालक्षणं तद्विभागश्च -

प्रमाणमञ्जरीकार ने संख्या गुण का लक्षण करते हुए लिखा है कि–

गुणत्वावान्तरजात्याद्व्यणुकपरिमाणासमवायिकारणसजातीया संख्या। अर्थात् गुणत्व की अवान्तर जाति की दृष्टि से द्वयणुक परिमाण के असमवायिकारण में वृत्ति जाति से विशिष्ट संख्या गुण है। यह संख्या अयावद्द्रव्यभावी तथा यावद्द्रव्यभावी के भेद से दो प्रकार की है।

द्वित्वसंख्यासिद्धि और उसका अयावद्द्रव्यभावित्व– तार्किकचूडामणि– सर्वदेवसूरि ने भी अपने ग्रन्थ 'प्रमाणमञ्जरी' में द्वित्वसंख्या की सिद्धि करते हुए कहा है– प्रथम जो अयावद्द्रव्यभावी संख्या है, ऐसी द्वित्वसंख्यादि की सिद्धि में प्रमाण है– परिमाणत्वजाति संयोग से अतिरिक्त अनेक द्रव्यासमवायिकारणक पदार्थ में रहने वाली जाति है, परिमाणनिष्ठ जाति होने से, सत्ता के समान।[1] इस अनुमान का तात्पर्यार्थ वही है कि परिमाणत्व उस पदार्थ में रहने वाली जाति है, जिसका असमवायिकारण अनेक द्रव्यों में आश्रित एवं संयोग से भिन्न है। अर्थात् परिमाणत्व द्वयणुकपरिमाण में रहता है। द्वयणुक परिमाण का असमवायिकारण दो परमाणुओं में रहने वाली द्वित्व संख्या ही है। यह द्वित्व संख्या संयोग से भिन्न है तथा अनेक द्रव्यों में आश्रित है। सत्ता– द्रव्य, गुण, कर्म–तीनों में विद्यमान है। अत: संयोगातिरिक्त अनेक द्रव्यों में समवेत द्वित्व संख्या जिसका असमवायिकारण है ऐसे द्वयणुकपरिमाण में तथा संयोग से अतिरिक्त अनेक द्रव्यों में समवेत विभाग जिसका असमवायिकारण है– ऐसे विभागज विभाग में भी सत्ता विद्यमान है, परिमाणनिष्ठ जाति होने से। इसी प्रकार परिमाणत्व भी संयोग से अतिरिक्त एवम् अनेक द्रव्यों में समवाय सम्बन्ध से आश्रित द्वित्वसंख्या जिसका असमवायिकारण है ऐसे द्वयणुकपरिमाण में विद्यमान है, परिमाण की जाति होने से सत्ता के समान। इस प्रकार द्वित्व संख्या की सिद्धि होती है। द्वयणुकपरिमाण के असमवायिकारण

---

1. वही, पृ.–45।

के रूप में द्वित्वसंख्या की सिद्धि हुई है।[1] परमाणु का रूप द्वयणुक का असमवायिकारण होने से परमाणुद्वय का परिमाण ही द्वयणुक परिमाण का असमवायिकारण क्यों नहीं हो? इस शंका के समाधान में ग्रन्थकार प्रमाण देते है- परमाणुपरिमाणद्वयणुक परिमाण का असमवायिकारण नहीं होता नित्य परिमाण होने से, आकाश के परिमाण के समान। जिस प्रकार आकाश का परिमाण नित्य परिमाण होने से, अन्य किसी परिमाण का असमवायिकारण नहीं होता है, उसी प्रकार परमाणु परिमाण भी नित्य परिमाण होने से द्वयणुक के परिमाण का असमवायिकारण नहीं होता है। इस प्रकार पर पक्ष का खण्डन तथा उपर्युक्त शंका का निरास हो जाता है।[2]

द्वित्व का अयावद्द्रव्यभावित्व- ग्रन्थकार द्वित्वसिद्धि के उपरान्त द्वित्व में अयावद्द्रव्यभावित्व की सिद्धि में दूसरा अनुमान उपस्थित करते है। द्वित्वादि संख्या अयावद्द्रव्यभावी है, अनेक द्रव्यों में आश्रित गुण होने से संयोग के समान। जिस प्रकार दो पुस्तकों में विद्यमान द्वित्वादि संख्या भी अपेक्षाबुद्धि के नाश होने पर द्रव्यों के रहते ही नष्ट हो जाती है। इस प्रकार द्वित्वादि में अयावद्द्रव्यभावित्वसिद्ध है।[3]

द्वित्व संख्या की अपेक्षाबुद्धि से उत्पत्ति- द्वित्वसंख्या में अपेक्षाबुद्धिजन्यत्व की सिद्धि के लिये अर्थात् द्वित्वादि संख्या अपेक्षा बुद्धि से जन्य है यह सिद्ध करने के लिए प्रमाणमञ्जरीकार ने निम्नलिखित अनुमान-प्रमाण का उपनिबन्ध किया है- द्वित्वसामान्यं बुद्धिजवृत्ति, द्वित्वजातित्वात्सत्तावदिति।[4] द्वित्वसामान्य अर्थात् द्वित्व में रहने वाली जाति = द्वित्वत्व, बुद्धि से उत्पन्न पदार्थ में वर्तमान है। वह बुद्धि से उत्पन्न पदार्थ ही द्वित्व है। अतः द्वित्वत्व जाति बुद्धि से उत्पन्न द्वित्व संख्या में वर्तमान है- यही आशय है। इस प्रकार द्वित्व में अपेक्षाबुद्धि से जन्य है।

द्वित्वसंख्या की उत्पत्ति- द्वित्वोत्पत्ति की प्रक्रिया में उदयनाचार्य ने लिखा है कि-

आदाविन्द्रियसन्निकर्षघटनादेकत्वसामान्यधी,
रेकत्वोभयोगोचरामतिरतोद्वित्वंततोजायते।

---

1. वही, पृ.-45।
2. प्रमाणमञ्जरी, (संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेता) पृ.-137।
3. वही, पृ.-137।
4. वही, पृ.-137।

द्वित्वत्वप्रमितिस्ततोखपिपरमोद्वित्वप्रमानन्तरं,
द्वेद्रव्येइतिधीरियंनिगदिताद्वित्वोदयप्रक्रिया।।[1]

अर्थात् सर्वप्रथम दो वस्तुओं का इन्द्रिय के साथ सन्निकर्ष होने पर 'एकत्व' सामान्य की बुद्धि तदनन्तर दोनों द्रव्यों में विद्यमान 'एकत्व' का प्रत्यक्ष, द्वित्व की उत्पत्ति, द्वित्व, बोध तथा अन्त में ये दो द्रव्य है ऐसी प्रतीति होती है, यही द्वित्वोत्पत्ति की प्रक्रिया है।

संख्याया यावद्द्रव्यभावित्ये प्रमाणम् - प्रमाणमञ्जरीकार ने यावद्द्रव्यभावी संख्या का निरूपण करते हुए लिखा है कि- संख्या का जो प्रभेद दूसरा यावद्द्रव्यभावी है, उसमें अनुमान प्रमाण है। संख्यात्वयावद्द्रव्यभावी पदार्थ में विद्यमान है द्वित्व, त्रित्वनिष्ठ जाति होने से, सत्ता के समान।[2] सत्ता द्रव्य, गुण, कर्म-तीनों में रहती है। अतएव गुणभूत द्वित्व, त्रित्व संख्याओं में भी रहेगी। अतः जिस प्रकार सत्ता द्वित्व, त्रित्वनिष्ठ जाति होने से यावद्द्रव्यभावी परमाणु परिमाणादि में रहती है। उसी प्रकार संख्यात्व भी द्वित्व त्रित्वनिष्ठ जाति होने से किसी यावद्द्रव्यभावी गुण में विद्यमान रहेगा, वही गुण एकत्व संख्या है। यद्यपि द्वित्वादि संख्या भी कदाचित् यावद्द्रव्यभावी होती है तथापि एकत्व संख्या में यावद्द्रव्यभावित्व अनुभव सिद्ध होने के कारण उक्त अनुमान से एकत्वादि संख्या में यावद्द्रव्यभावित्व की सिद्धि होती है। एकत्व संख्या नित्य द्रव्य में नित्य तथा अनित्य द्रव्य में अनित्य है।[3]

संख्या का गुणत्व साधक अनुमान- प्रमाणमञ्जरीकार ने संख्या में पदार्थान्तरत्व का निषेध तथा गुणत्व की सिद्धि के लिये निम्नलिखित अनुमान का उपनिबन्धन किया है- संख्या गुण है, रूप के समान क्योंकि वह कर्म से भिन्न एवं एकमात्र सामान्य का आश्रय है। सामान्य के आश्रय तीन पदार्थ है- द्रव्य, गुण, कर्म। इनमें से द्रव्य-द्रव्य, गुण तथा कर्म आदि का भी आश्रय है। एकमात्र सामान्य का आश्रय गुण तथा कर्म है।[4] अतः संख्या में गुणत्व की सिद्धि के हेतु में 'सामान्यैकाश्रयत्वे सति अकर्मत्वात्' कहा गया है। 'अकर्मत्वात्' कहकर कर्म का निषेध किया गया है, क्योंकि कर्म भी एकमात्र सामान्य का आश्रय है, अतः कर्म का निषेध हुआ है। इस प्रकार उक्त अनुमान के द्वारा संख्या में गुणत्व की सिद्धि होती है। संख्यागुणः एवंभूतायास्संख्यायाः पदार्थान्तरत्वेस्वीकृतेरूपमपिपदार्थान्तरं-

---

1. प्रमाणमञ्जरी, पृ.-49।
2. वही, पृ.-49।
3. वही, पृ.-49।
4. प्रमाणमञ्जरी, (संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेता) पृ.-151।

भवेत्।[1] यहाँ विपक्षी जो संख्या को पदार्थान्तर मानते है। इस सिद्धान्त के विषय में यह बाधा उपस्थित होती है कि यदि कर्म से भिन्न तथा एकमात्र सामान्य के आश्रय संख्या को पदार्थान्तर माना जाये तो रूप, जिसमें कि गुणत्व सर्ववादिसिद्ध है, उस गुण स्वरूप रूप के कर्म से भिन्न तथा एकमात्र सामान्य का आश्रय होने से रूप में भी पदार्थान्तरत्व को मानना अनिवार्य हो जायेगा। अतः उक्त बाधा के कारण संख्या को पदार्थान्तर नहीं अपितु गुण माना गया है।

(vii) परिमाण गुण - परिमाण लक्षणं तद्विभागश्च

गुणत्वावान्तरजात्यापृथक्त्वान्याप्रत्यक्षात्मगतयावद्द्रव्यभाविसजातीयंपरिमाणम् अर्थात् गुणत्व की अवान्तर जाति की दृष्टि से पृथक्त्व से भिन्न, अप्रत्यक्ष तथा आत्मसमवेत यावद्द्रव्यभावी गुण के सजातीय ही परिमाण है।[2] प्रमाणमञ्जरीकार ने आत्मा में परिमाण का अस्तित्व साधक अनुमान इस प्रकार है- आत्मा पृथक्त्व से अन्य अप्रत्यक्ष यावद्द्रव्यभावी गुण से युक्त है, सर्वव्यापी होने से, दिक् के समान। सभी द्रव्य परिमाण के अधिकरण है, द्रव्य होने से, आत्मा के समान। आत्मा द्रव्य है तथा परममहत् परिमाण का अधिकरण है, अतः द्रव्य होने से आत्मा के समान सभी द्रव्य परिमाण के अधिकरण है। परिमाण विभाग-परिमाण के चार प्रकार है- अणु, महत्, दीर्घ, ह्रस्व।[3] ह्रस्वत्वसाधकानुमान-सर्वदेवाचार्य ने ह्रस्वपरिमाण को अनुमान के द्वारा सिद्ध करते हुए लिखा है कि- द्वयणुकेखणुत्व मंगीत्यह्रस्वत्वं निराकुर्वाणं प्रति इदमनुमानम् द्वयणुकेखणुत्वमंगीत्य ह्रस्वत्वं निराकुर्वाणं प्रतिइदमनुमानं द्वयणुकम्, अणुपरिमाणातिरिक्त परिमाणाधिकरणं कार्यद्रव्यत्वात् पटवदिति।[4] दीर्घत्वसाधकानुमान-जो लोग दीर्घत्व को अतिरिक्त परिमाण के रूप में स्वीकार नहीं करते है। उनके मत के खण्डन हेतु प्रमाणमञ्जरीकार ने निम्नलिखित अनुमान प्रमाण प्रस्तुत किया है - पटो महत्वव्यतिरिक्तपरिमाणाधिकरणं, कार्यद्रव्यत्वात्, द्वयणुकवदिति।[5] पट महत्व से अतिरिक्त अन्य परिमाण का अधिकरण है, कार्यद्रव्य होने से द्वयणुक के समान। प्रमाणमञ्जरी में नित्य तथा अनित्य परिमाण के भेदों का उल्लेख प्राप्त नहीं होता है। इस प्रकार प्रमाणमञ्जरी में परिमाण की सिद्धि हुई है।[6]

---

1. प्रमाणमञ्जरी, पृ.-49।
2. वही, पृ.-50।
3. वही, पृ.-50।
4. वही, पृ.-50।
5. वही, पृ.-50।
6. वही, पृ.-50-52।

(vii) पृथक्त्व गुण - पृथक्त्वलक्षणं तद्विभागश्च

प्रमाणमञ्जरीकार ने पृथक्त्व गुण का लक्षण- संख्या से भिन्न दिशा तथा कालनिष्ठ अत्यन्त सजातीय पृथक्त्व है, किया है। आचार्य ने इसके दो भेद किये है-

त्रिषु प्रकारेषु ध्वनितत्त्वावकाशः न भवति – (1) प्रतीयमानस्य अर्थस्य आभासनमात्रे न तु स्फुटत्वेन प्रतीते यथोपमादौ (2) वाच्यार्थानुगमे - वाच्येन अर्थेन समप्राधान्यं तस्मात् वा पक्षान्तरे वाच्यार्थस्य उपस्कास्कत्वं तस्मात् यथा अप्रस्तुतप्रशंसायाम् (3) यत्र यस्मिन् काव्ये व्यङ्ग्यार्थस्य प्राधान्यं न स्फुटतया अवभासते। व्यङ्ग्यस्य अवभासनमात्रं यथा उपमादौ वाच्यार्थसमप्राधान्यं यथा अप्रस्तुतप्रशंसादौ स्पष्टतया न प्राधान्यं यथा समासोक्त्यादौ एषु त्रिषु प्रकारेषु

ध्वनितत्त्वावकाशः न भवति अपितु मध्यमकाव्यत्वमेव संभवति। अतः मध्यमकाव्यस्य क्षेत्रं व्यापकम् वर्तते।

ध्वनिकाव्यमध्यमकाव्ययोः भेदम् अत्यन्तक्लिष्टम् महाकविकृतिषु कतिपयेषु स्थलेषु पदं गुणीभूतव्यङ्ग्यं भवति किन्तु वाक्यं ध्वनेः उदाहरणं भवति। इत्थं गुणीभूतव्यङ्ग्यध्वन्योः क्षेत्रविभाजनं अतिकठिनम्। आनन्दवर्धनमतेन–

गुणीभूतव्यङ्ग्योऽपि काव्यप्रकारो
रसभावादितात्पर्यपर्यालोचने पुनः ध्वनिरेव सम्पद्यते।

– ध्वन्यालोक पृष्ठ 629

वाच्यार्थस्य प्राधान्ये मध्यमकाव्यत्वं भवति तथा व्यङ्ग्यार्थस्य प्राधान्ये उत्तमकाव्यत्वं भवति अतः तयोः प्राधान्याप्राधान्यविवेकः महत्त्वपूर्णः। एतत्विषये आनन्दवर्धनः कथयति –

'वाच्यव्यङ्ग्ययोः प्राधान्याप्राधान्यविवेकपरः प्रयत्नो विधातव्यः। येन ध्वनिगुणीभूतव्यङ्ग्ययोः अलङ्काराणां च असङ्कीर्णो विषयः सुज्ञातो भवति।'

– ध्वन्यालोकः पृष्ठ 634

तस्मात् वाच्यव्यङ्ग्ययोः प्राधान्याप्राधान्ये यत्नतो निरूपणीये।

– ध्वन्यालोकः पृष्ठ 648

आनन्दवर्धनमतेन तु काव्यं द्विविधम् एव – व्यङ्ग्यस्य प्राधान्येन ध्वनिकाव्यं (उत्तमकाव्यं) तस्य गुणीभावेन गुणीभूतव्यङ्ग्यकाव्यम् (मध्यमकाव्यम्)। व्यङ्ग्यजन्य-चारुत्वहीनं चित्रकाव्यं तु अन्यदेव –

प्रधानगुणभावाभ्यां व्यङ्ग्यस्यैव व्यवस्थिते।
उभे काव्ये ततोऽन्यद्यत्तच्चित्रमभिधीयते॥

– ध्वन्यालोकः तृतीयउद्योतः 3/41

यथा चित्रं मुखस्य प्रतिकृतिमात्रं भवति तथैव चित्रकाव्यं अपि मुख्ययोः उत्तममध्यमयोः प्रतिकृतिमात्रं भवति। चित्रकाव्ये अपि व्यङ्ग्यस्य सद्भावः संभवति किन्तु तस्य विवक्षा न भवति अतः तस्य निर्व्यङ्ग्यत्वम् उक्तम्।

आनन्दवर्धनः गुणीभूतव्यङ्ग्यकाव्यस्य (मध्यमकाव्यस्य) व्यापकसौन्दर्य-रहस्यम् अनुभवति –

प्रसन्नगम्भीरपदाः काव्यबन्धाः सुखावहाः।
ये च तेषु प्रकारोऽयमेव योज्यः सुमेधसा॥

– ध्वन्यालोकः 3/35

अनया कारिकया आनंदवर्धनः मध्यमकाव्यस्य व्यापकत्वं निरूपयति। पुनश्च सः कथयति –

ये चैतेऽपरिमितस्वरूपा अपि प्रकाशमानाः तथा विधार्थरमणीयाः सन्तो विवेकिनां सुखावहाः काव्यबन्धास्तेषु सर्वेषु अयं प्रकारो गुणीभूतव्यङ्ग्यो नाम योजनीयः। –ध्वन्यालोकः पृष्ठ 603

आनन्दवर्धनमतेन तु काव्यस्यात्मा ध्वनिरेवास्ति। सः आनन्दवर्धनः कथयति यत् ये प्रकाशमानाः सुखावहाः काव्यबन्धाः तेषु सर्वेषु गुणीभूतव्यङ्ग्यनामकम् मध्यमकाव्यम् योजनीयम्। समाधानं तु इदमेव यत् गुणीभूताख्ये मध्यमकाव्येऽपि रसव्यञ्जना वर्तते एव येन ध्वनिरूपतां याति यथा उक्तम् आनन्दवर्धनेन–

प्रकारोऽयम् गुणीभूतव्यङ्ग्योऽपि ध्वनिरूपताम्।
धत्ते रसादितात्पर्यपर्यालोचनया पुनः॥

अतः व्यङ्ग्यवाच्ययोः प्राधान्यनिर्धारणम् कठिनम्। एतेनापि मध्यमकाव्यस्य व्यापकत्वं स्पष्टं भवति। मध्यमकाव्ये गुणीभूतोऽपि प्रतीयमानार्थः अतिरमणीयः भवति –

अयं ध्वनिनिष्यन्दभूतो द्वितीयोऽपि महाकविविषयः अतिरमणीयः लक्षणीयः सहृदयैः। –ध्वन्यालोकः, तृतीयः उद्योतः पृष्ठ 156

ध्वनेः गुणीभूतव्यङ्ग्यस्य च विवेचनेन न केवलं सहृदयमनःप्रीतयः सिध्यन्ति अपितु एतौ कविप्रतिभानिरवधिविस्तारायापि भवन्ति –

ध्वनेः चः सगुणीभूतव्यङ्ग्यस्याध्वा प्रदर्शितः।
अनेनानन्त्यमायाति कवीनां प्रतिभागुणः॥

– ध्वन्यालोकः चतुर्थउद्योतः 4/1

प्राचीनकविनिबद्धप्रबन्धेषु विद्यमानेषु अपि यदि प्रज्ञारूपगुणः स्यात् तदा कवेः काव्यम् आनन्त्याय कल्पते। अतः सुस्पष्टम् इदम् यत् मध्यमकाव्यस्य क्षेत्रं अनन्तं व्यापकं च भवति। ध्वन्यालोककारेण आनन्दवर्धनेन यथा ध्वनेः महत्त्वं प्रतिपादितं तथैव गुणीभूतव्यङ्ग्यस्यापि महत्त्वं प्रतिपादितम्–

ध्वनेः यः सगुणीभूतव्यङ्ग्यस्याध्वा प्रदर्शितः।
अनेनानन्त्यमायाति कवीनां प्रतिभागुणः॥ –ध्वन्यालोकः 3/35

अवरकाव्यं मध्यमकाव्ये समाविष्टं भवति। प्रायः सर्वे अलंकाराः गुणीभूत-व्यङ्ग्यनामके मध्यमकाव्ये समाविष्टाः भवन्ति–अपराङ्गव्यङ्ग्ये, वाच्यसिद्ध्यंगव्यङ्ग्ये, तुल्यप्राधान्यव्यङ्ग्ये असुन्दरव्यङ्ग्ये च। अनेन प्रकारेण मध्यमकाव्यस्य क्षेत्रम्

अत्यन्तव्यापकं जायते। व्यङ्ग्यांशसंस्पर्शः तु अनिवार्यतः भवति एव अलंकारेषु परंतु चमत्कारस्य उपस्थितिः प्रधानतः वाच्यार्थे भवति न तु व्यङ्ग्यार्थे। अतः सर्वे अलंकाराः मध्यमकाव्ये प्रविष्टाः यतः अलंकारतायाः प्राणभूतम् गुणीभूतव्यङ्ग्यम्।

संस्कृतसाहित्ये प्राचीनकालादारभ्य अद्यावधिपर्यन्तं रचितेषु संस्कृतकाव्यग्रन्थेषु मध्यमकाव्यस्य दर्शनं बाहुल्येन भवति। रससिद्धकवीश्वरे कालिदासे तथा अलंकृतशैलीपण्डितकाव्यकरेषु भारविमाघ श्रीहर्षादिषु कविषु, सर्वत्र एव मध्यमकाव्यमाधुरी विद्यमाना वर्तते। ध्वनिकारः आनन्दवर्धनः अपि मध्यमकाव्यं प्रशंसति –

प्रसन्नगम्भीरपदाः काव्यबन्धाः सुखावहाः।
ये च तेषु प्रकारोऽयमेव योज्यः सुमेधसा॥ – ध्वन्यालोकः 3/35

मध्यमकाव्यसृजनाय अपि वैदग्ध्यम् अपेक्ष्यते येन कवीनां प्रतिभागुणः आनन्त्यं प्राप्नोति। ध्वन्यालोके स्पष्टरूपेण प्रतिपादितम् –

'गुणीभूतव्यङ्ग्यस्यापि त्रिभेदव्यङ्ग्यापेक्षया ये प्रकाराः तत्समाश्रयेणापि काव्यवस्तूनां नवत्वं भवति एव।' – ध्वन्यालोक चतुर्थ उद्योत, पृष्ठ 1358

गुणीभूतव्यङ्ग्यस्य रमणीयताप्रवाहः प्रतीयमानार्थरूमहत्जलप्रवाह इव निःसृतः। अयं प्रवाहः मुख्यप्रवाहेण प्रकारदृष्ट्या अभिन्न एव केवलं परिमाणभिन्नता एव संभाविता। महाकविविषयभूता सहृदयैः आस्वाद्या गुणीभूतव्यङ्ग्याख्या मध्यमकाव्यधारा अतिविशिष्टा अतिविस्तृता वर्तते।

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 17) ISSN : 0975-1769

प्राकृत व्याकरण के प्राचीन सन्दर्भ

-डॉ. रजनीश शुक्ल

प्राध्यापक पालि-प्राकृत, मुक्तस्वाध्यायपीठम्,
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नईदिल्ली-110058

[व्याकरणेन हि शब्दापशब्दानां विवेचनं भवति। भाषागतदोषाप-करणाय व्याकरणं प्रवृत्तम्। तत्र प्राकृतभाषायाः अवगमने व्याकरण-शास्त्रस्य कीयद् महत्त्वम् अस्तीति अस्मिन् लेखे निरूपितः।]

भारतीय आर्यभाषा के मध्ययुग में जो अनेक प्रादेशिक भाषाएँ विकसित हुई उनका सामान्य नाम प्राकृत है और उन भाषाओं में जो ग्रंथ रचे गए उन सबको समुच्चय रूप से प्राकृत साहित्य कहा जाता है। विकास की दृष्टि से भाषावैज्ञानिकों ने भारत में आर्यभाषा के तीन स्तर नियत किए हैं- प्राचीन, मध्यकालीन और अर्वाचीन। प्राचीन स्तर की भाषाएँ वैदिक संस्कृत और संस्कृत हैं। मध्ययुगीन भाषाएँ हैं- मागधी, अर्धमागधी, शौरसेनी, पैशाची भाषा, महाराष्ट्री और अपभ्रंश। आधुनिक नव्य भारतीय आर्यभाषाओं में हिंदी, गुजराती, मराठी, बँगला, आदि हैं।

भाषा-परिज्ञान के लिए व्याकरण ज्ञान की नितान्त आवश्यकता है। जब किसी भी भाषा के वाङ्मय की संरचना संचित हो जाती है, तो उसको लोक में व्यवस्थित रुप से साहित्यिक संचालन के लिए व्याकरण ग्रन्थ लिखे जाते हैं। प्राकृत के जनभाषा होने से आरम्भ में इसका कोई व्याकरण नहीं लिखा गया। वर्तमान में प्राकृत भाषा के अनुशासन सम्बन्धी जो व्याकरण ग्रन्थ उपलब्ध हैं, वे संस्कृत भाषा में लिखे गये हैं या संस्कृत पर आधारित है। पालि भाषा का व्याकरण पालि में लिखा हुआ उपलब्ध है, प्राकृत भाषा का व्याकरण प्राकृत में लिखा हुआ क्यों नहीं उपलब्ध है? यह विचारणीय प्रश्न है।

दिगम्बर परम्परा के कसायपाहुड ग्रंथ की जयधवला टीका में प्राकृत व्याकरण कुछ नियम सूत्र शैली में प्राप्त होते है श्वेताम्बर प्राकृत आगमों में प्राकृत व्याकरण के नियम विस्तार के साथ प्राप्त होते है। जैनागमों में शब्दानुशासन सम्बन्धी जो सामग्री मिलती है, उससे यह प्रतीत होता है कि प्राकृत भाषा का

व्याकरण प्राकृत में लिखा हुआ था, परन्तु आज प्राप्त नहीं है। वर्तमान में उपलब्ध प्राचीन सामग्री पर विचार करना आवश्यक है। प्राकृत भाषा में प्राकृत व्याकरण के सिद्धान्त आयारंग[1] में तीन वचन-लिंग-काल-पुरुष का विवेचन किया गया है। ठाणांग[1] में आठ कारकों का संक्षेप में निरूपण किया गया है। प्राकृत व्याकरण के कुछ सूत्रों का अनुयोगद्वार सूत्र में विवेचन किया हैं।

अनुयोगद्वार सूत्र[2] में समस्त शब्दों को पाँच भागों में विभक्त किया है। यथा

1. नामिक- सुबन्तों का ग्रहण नाम में किया है। जितने भी प्रकार के संज्ञा शब्द हैं वे नामिक के द्वारा अभिहित किये गये हैं। यथा अस्सो, अस्से त्र अश्वः आदि।

2. नैपातिक- अव्ययों को निपातन से सिद्ध माना है। अतः अव्यय तथा अव्ययों के समान निपातन से सिद्ध अन्य देशी शब्द नैपातिक कहे गये हैं। यथा- खलु, अक्कतो, जह, जहा आदि।

3. आख्यातिक- धातु से निष्पन्न क्रियारूपों की गणना आख्यातिक में की गयी है। यथा- धावइ, गच्छइ आदि।

4. औपसर्गिक- उपसर्गों के संयोग से निष्पन्नशब्दों को औपसर्गिक कहा गया है। यथा- परि, अणु, अव आदि उपसर्गों के संयोग से निष्पन्न अणुभवइ प्रभृति पद।

5. मिश्र- मिश्र शब्दावली के अन्तर्गत इस प्रकार के शब्दों की गणना की गयी है, जिन्हें हम समास, कृदन्त और तद्धित के पद कह सकते हैं। इस कोटि के शब्दों के उदाहरणों में 'संयत' पद प्रस्तुत किया है। वस्तुतः विशेषण शब्दों को मिश्र कहना अधिक तर्कसंगत है।

आगमों में नाम शब्दों की निष्पत्तियाँ चार प्रकार से वर्णित हैं। आगम, लोप, प्रकृतिभाव और विकार।

1. वर्णागम- वर्णागम कई प्रकार से होता है। वर्णागम भाषाविकास में सहायक होता है। इस वर्णागम का कोई निश्चित सिद्धान्त नहीं है। दुर्गाचार्य ने निरुक्त का लक्षण बतलाते हुए वणगम, वर्णविपर्यय (Metathesis) वर्ण विकार

---

1. आचारांग अध्ययन 2/4, 1 पृ. 339
1. ठाणांग 3/12
2. अणुओगदार सुत्तं 125 सूत्र। यथा पंचणामे पंचविहे पण्णत्ते, ते जहा- (1) नामिकं, (2) नैपातिकं, (3) आख्यातिकं, (4) औपर्सागर्क, (5) मिश्रम्।
3. अणुओगदार सुत्त, 123।

(Change of Syllable) वर्णनाश (Elision of Syllable) और अर्थ के अनुसार धातु के रूप की कल्पना करना, इन छः सिद्धान्तों को परिगणित किया है। अनुओगदार सुत्त में इसका उदाहरण कुण्डानि आया है।

2. लोप- भाषा के विकास को प्रस्तुत करने वाला दूसरा सिद्धान्त लोप है। प्रयत्न लाघव की दृष्टि से इस सिद्धान्त का महत्वपूर्ण स्थान है। वर्णलोप के भी कई भेद होते हैं- आदि वर्णलोप, मध्यलोप और अन्त्य वर्णलोप। जैसे पटो+ अत्र = पटोऽत्र, घटो + अत्र = घटोत्र उदाहरण उपस्थापित किये जा सकते हैं।

3. प्रकृति भाव- प्रकृति भाव में दोनों पद ज्यों के त्यों रह जाते हैं, उनमें संयोग होने पर भी विकार उत्पन्न नहीं होता। यथा- माले + इमे = माले इमे, पटूइमौ आदि।

4. वर्णविकार- दो पदों के संयोग होने पर उनमें विकृति होना अथवा ध्वनिपरिवर्तन के सिद्धान्तों के अनुसार वर्गों में विकार का उत्पन्न होना वर्णविकार है। यथा वधू झ बहू, गुफा झ गुहा, दधि + इदं = दधीदं, नदी + इह = नदीह।।

नाम-पदों के स्त्रीलिङ्ग, पुल्लिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग की अपेक्षा से तीन भेद होते हैं। आकारान्त, इकारान्त, उकारान्त और ओकारान्त शब्द पुंल्लिङ्ग होते हैं। स्त्रीलिङ्ग शब्दों में ओकारान्त शब्द नहीं होते। नपुंसक लिङ्ग शब्दों में अकारान्त, इकारान्त और उकारान्त शब्द ही परिगणित हैं। यथा-

तं एण णामं तिविहिं इत्थी पुरिसं णपुंसगं चेव।
एएसि तिण्हं पि अंतम्मि अ परूवणं वोच्छ।।1।।

तत्थ पुरिसस्स अंता आ-इ-उओ हवंति चत्तारि।
ते चेव इत्थिआओ हवति ओकार परिहीणा।।2।।

अंतिम-इंतिअ-उंतिअ अंताउ णपुंसगस्स बोद्धव्वा।
एतेस तिण्हं पि अ वोच्छामि निदंसणे एत्तो।।3।।

आगारंतो 'राया' ईगारंतो गिरी अ सिहरी अ।
उमारतो विण्हू दुमो अ अंताउ पुरिसाणं।।4।।

आगारंता माला ईगारंता 'सिरी' अ लच्छी' अ।
अगारंता 'जंचू' 'बहू' अ अंताउ इत्थीणं।।5।।

अंकारंतं 'धनं' इंकारंतं नपुंसगं 'अत्थिः।
उंकारंतं पीलु 'महुं च अंती णपुंसाणं।।६।।[1]

1. अणुओगदार सुत्तं 124 सूत्र। यथा चउणामे चउद्विहे पण्णत्ते। ते जहा-(1) गमेणं (2) लोवेणं (3) पयइए, (4) निगारेणं।

अणुओगदार सुत्र में भाव नाम के चार भेद किये हैं- समास, तद्धित, धातु और निरुक्त। समास के सात भेद बतलाये हैं- द्वन्द्व, बहुब्रीहि, कर्मधारय, द्विगु, तत्पुरुष, अव्ययीभाव और एकशेष। यथा-

दंदे अ बहुव्वीहि, कम्मधारय दिग्गु।
तप्पुरिस अव्वईभावे, एक्कसेसे अ सत्तमे।।[1]

बहुव्रीहि का उदाहरण देते हुए लिखा है- फुल्ला इमंमि गिरिम्मि कुडयकयंबा सो इमो गिरीफुल्लिय कुड्यकयंबो।

कर्मधारय- धवलो वसहो = धवलवसहो, किण्हो मियो = किण्हमियो।

द्विगु- तिण्णि कडुगाणि = तिकडुगं, तिण्णि महुराणि = तिमहुरं, तिण्णि गुणाणि = तिगुणं, सत्त गया = सत्तगयं, नवतुरंगा = नवतुरं।

तत्पुरुष- तित्थे कागो = तित्थकागो, वणे हत्थी = वणहस्थी, वणे मयूरो = बणमयूरो, वणे वराहो = वणवराहो, वणे महिसो = वणमहिसो।

अव्ययीभाव- अमुगाम, अणुणइयं, अणुचरियं।

एकशेष- जहा एगो पुरिसो तहा बहवे पुरिसा, जहा एगो करिसावणो तहा बहवे करिसावणा जहा एगो साली तहा बहवे साली।

तद्धित[2] का आठ भेद बतलाया हैं। यथा-

1. **कर्म नाम**- तणहारए, कट्टहरिए, पत्तहारए, कोलालिए।
2. **शिल्प नाम**- तंतुवाए, पट्टकारे, मुंजकारे, छत्तकारे, दंतकारे।
3. **सिलोक नाम**- समणे, माहणे, सव्वातिही।।
4. **संयोग. नाम**- रण्णो, ससुरए, रण्णो जामाउए, रण्णो साले।
5. **समीप नाम**- गिरिसमीवे णयरं गिरिणयर, वेन्नायउँ।
6. **समूह नाम**- तरंगवइक्कारे, मलयवइकारे।
7. **ईश्वरीय नाम**- स्वाम्यर्थक-राईसरे, तलवरे, इब्भे, सेट्ठी।
8. **अपत्य नाम**- अरिहंतमाया, चक्कवद्दिमाया, रायमाया।

कम्मे सिप्पसिलोए संजोग समीक्षवो अ संजूहो।
इस्सरिम अवच्चेण य तद्धितणामं तु अट्ठविहं।

---

1. अणुओगदारसुतं-सूत्र 130
2. वही सूत्र 130

इन्हें कमर्थिक, शिल्पार्थक, संयोगार्थक, समूहाईक, अपत्यार्थक आदि रूप में ग्रहण करना चाहिए।

अनुओगदार सुत्त में आठों विभक्तियों[1] का भी उल्लेख है तथा ये विभक्तियाँ किस-किस अर्थ में होती हैं, इसका भी निर्देश किया है। यथा-

निद्देसे पढमा होइ, बित्तिया उवएसणे।
तइया करणम्मि कया, चउत्थी संपयावणे।।
पंचमी अ अवायाणे, छट्ठी सस्सामिवायणे।
सत्तमी सण्णिहाणत्थे, अदुमाऽऽमंतणी भवे।।

अर्थात् निर्देश प्रक्रिया का फल कक्ष में रहने पर प्रथमा विभक्ति होती है। य:- स, मो, अहं आदि प्रथमान्त रूप हैं। उपदेश में-क्रिया के द्वारा कत्त जिसको सिद्ध करना चाहता है, द्वितीया विभक्ति होती है। यथा- भण कुणसु इमं व तं व दि। करण अर्थ में तृतीया विभक्ति होती है। यथा तेण कर्य, मए वा कथं आदि। सम्प्रदान में चतुर्थी और अपादान में पंचमी विभक्ति होती है। स्वामिस्वामित्व भाव में षष्टी, सन्निधानार्थ-अधिकरणार्थ में सप्तमी और आमन्त्रण-सम्बोधन में अष्ट विभक्ति होती है।

इस प्रकार प्राकृत भाषा में लिखित शब्दानुशासन सम्बन्धी सिद्धान्त जिसका प्राचीन विवरण उपलब्ध है उन्हीं का परिचय यहां अभीष्ट है। संस्कृत भाषा में लिखित या उस पर आधाारित प्राकृत व्याकरण के अनेक शब्दानुशासन वर्तमान में उपलब्ध हैं। जिनमें चण्ड कृत प्राकृतलक्षण, वररुचि कृत प्राकृत प्रकाश, हेमचन्द्राचार्य कृत सिद्धहेमशब्दानुशासन, त्रिविक्रमदेव कृत प्राकृतशब्दानुशासन, लक्ष्मीधर कृत षड्भाषाचन्द्रिका, सिंहराज कृत प्राकृतरूपावतार, मार्कण्डेय कृत प्राकृतसर्वस्व रामतर्कवागीश कृत 'प्राकृतकल्पतरु' शुभचन्द कृत शब्दचिन्तामणि, शेषकृष्ण कृत प्राकृत चन्द्रिका और अप्पय दीक्षित कृत 'प्राकृतमणिदीप' प्राकृत व्याकरण के महत्वपूर्ण ग्रंथ हैं।

प्राकृत भाषाओं के जो भेद प्रभेद हुए उनका विशद वर्णन भरत नाट्यशास्त्र[2] में प्राप्त होता है। उन्होंने वाणी का पाठ दो प्रकार माना है- संस्कृत और प्राकृत; तथा कहा है कि प्राकृत में तीन प्रकार के शब्द प्रचलित हैं- समान (तत्सम), विभ्रष्ट (तद्भव) और देशी। नाट्यशास्त्र के 17 वें अध्याय में विभिन्न भाषाओं का निरूपण, करते हुए 6-23 वें पद्य तक प्राकृत व्याकरण के सिद्धान्त बतलाये

---

1. अणुओगदार सुत्त: सू० 128
2. आचार्य भरत कृत नाट्यशास्त्र अध्याय 6 और 32।

हैं और 32वें अध्याय में उसके उदाहरण प्रस्तुत किये हैं। प्राचीन प्राकृतों की मुख्यतः निम्न विशेषताएँ पाई जाती हैं। यथा-

(1) संस्कृत के स्वरों में ऋ, ऌ, एवं ऐ और औ का प्राकृत में अभाव है। ए और ओ की ह्रस्व मात्राओं का प्रयोग इन भाषाओं की अपनी विशेषता है।

(2) प्राकृतों में विसर्ग के स्थान पर ओ या ए आदेश होता है।

(3) क से लेकर म् तक के स्पर्श वर्ण पाए जाते हैं। अनुनासिकों का व्यत्यय होता है।

(4) तीनों ऊष्मा वर्णो यथा श, ष और स के स्थान पर केवल एक 'स' ही होता है।

(5) संयुक्त व्यंजनों का अभाव है। दोनों संयोगी व्यंजनों का या तो समीकरण कर लिया जाता है अथवा स्वरागम द्वारा दोनों को विभक्त कर दिया जाता है, या उनमें से एक का लोप कर दिया जाता है।

(6) द्वित्व व्यंजन से पूर्व का दीर्घ स्वर ह्रस्व कर दिया जाता है एवं संयुक्त व्यंजन में से एक का लोप कर उससे पूर्व का ह्रस्व स्वर दीर्घ कर दिया जाता है।

(7) व्याकरण की दृष्टि से संज्ञाओं तथा क्रियाओं के रूपों में द्विवचन नहीं पाया जाता।

(8) हलंत संज्ञाओं और धातुओं को स्वरांत बनाकर चलाया जाता है।

(9) क्रियाओं में गणभेद एवं परस्मैपद आत्मनेपद का भेद नहीं किया जाता।

(10) सभी प्रकार के रूप विकल्प से चलते हैं।

(11) क्रियारूपों में कालादि भेदों का सुक्ष्मीकरण किया गया है हुआ है। बहुधा कृदंतों का प्रयोग किया जाता है।

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 17) ISSN : 0975-1769

कालिदासविरचित अभिज्ञानशाकुन्तल नाटक में निरूपित रक्षा-व्यवस्था

-डॉ० कमलेश

सहायकाचार्या, संस्कृत

जीवन चानन महिला महाविद्यालय, असन्ध (करनाल)

[कविरत्नकालिदासस्य मेरुकृतिषु अभिज्ञानशाकुन्तलं नाटकम् अद्वितीयस्थानं बिभर्ति। नाटके अभिवर्णितो विषयः समाजस्य दर्पणः विद्यते। अस्मिन् लेखे तत्रोपवर्णितायाः रक्षाव्यवस्थायाः निरूपणमकारि। तदा कीदृशी रक्षाव्यवस्था आसीत् इति विज्ञातुं शक्नुमः]

कालिदास की सर्वातिशायी महिमा का प्रधान स्तम्भ अभिज्ञानशाकुन्तलम् है। केवल भारत में ही नहीं, अपितु अखिल विश्व में मुक्तकंठ से उसकी रमणीयता प्रगुणित की है। इसमें प्रधान रूप से शकुन्तला और दुष्यन्त की प्रणय गाथा है। राजा दुष्यन्त शिकार खेलते समय एक मृग का पीछा करते हुए कण्व ऋषि के आश्रम के समीप पहुँचे। वहाँ दो तपस्वियों ने राजा से कहा- यह आश्रम का मृग है। इसे मत मारिये। तपस्वियों के कहने पर राजा कण्व के आश्रम में गया, जहाँ तीन तपस्वी कन्याएँ परस्पर आमोद-प्रमोद करती हुई, पौधों को सींच रही थीं। ऋषि कण्व की पोष्यपुत्री शकुन्तला के अप्रतिम सौन्दर्य को देखकर राजा उस पर मोहित हो जाता है। दुष्यंत और शकुन्तला ने गांधर्व विवाह कर लिया। दुष्यंत अपनी राजधानी लौट आये। लौटते समय उन्होंने शकुन्तला को आश्वासन दिया कि कुछ दिनों में शकुन्तला को अपने यहाँ बुला लेगें। राजा ने स्मृतिस्वरूप अपनी अंगूठी शकुन्तला को दे दी। राजा के लौट जाने पर शकुन्तला उसके ध्यान में मग्न रहने लगी। चिंता में डूबी हुई शकुन्तला में एक दिन आश्रम में आये हुए दुर्वासा ऋषि का स्वागत नहीं किया। ऋषि दुर्वासा ने क्रुद्ध होकर श्राप दिया कि उसका प्रेमी उन्हें भूल जाएगा। इस घटना से शकुन्तला ने अनभिज्ञ होने पर उसकी सखी, अनसूया ने दुर्वासा को मनाया। तब ऋषि ने कहा कि कोई अभिज्ञान का चिह्न दिखाने पर उसके प्रेमी को स्मरण हो जाएगा। यात्रा से लौटने

पर कण्वऋषि को दिव्यवाणी द्वारा शकुन्तला और दुष्यंत के विवाह का पता चला। उन्होंने गर्भवती शकुन्तला को गौतमी, शार्ङ्व और शारद्वत के साथ दुष्यंत के पास भेज दिया। राजा श्राप के कारण शकुन्तला को पहचान न सका। उसने शकुन्तला को पत्नी के रूप में स्वीकार करने से मना कर दिया। मार्ग में जाते समय शकुन्तला की अंगुली से अंगूठी पानी में गिर गई। अतः राजा के समक्ष कोई प्रमाण भी प्रस्तुत न कर सकी। राजा के पुरोहित ने प्रसव पर्यन्त अपने घर पर रखने का प्रस्ताव किया। वह उसे लेकर चलने लगा तभी शकुन्तला की माता मेनका आकर उसे आकाश में उड़ा ले गई। समय बीतता गया। शकुन्तला के हाथ से जो अंगूठी जल में गिर गई थी उसे एक मछली निगल गई। एक दिन मछली मछुआरे के जाल में फंस गई। मछुआरे को मछली के पेट से अंगूठी मिली तो वह उस अंगूठी को बेचने के लिए बाजार ले गया। सिपाहियों ने उसे पकड़ कर राजा के सामने उपस्थित किया। सिपाही नगर रक्षक के अधीन काम करते थे। नगर की रक्षा का प्रबंध इसी नागरिक के हाथ में था। इस सम्बन्ध में कथन है कि ऐसा प्रतीत होता है कि रक्षा-विभाग का प्रधान नागरिक था जो राजधानी के रक्षा विभाग से सम्बद्ध था। नागरिक, अर्थशास्त्र का नागरिक, शायद उत्तरकालीन कोष्ठपाल के सदृश नगर की रक्षण व्यवस्था का प्रधान था। शाकुन्तल में इस अधिकारी को अपने रक्षको के साथ अपराधी को न्यायालय में लिये जाते देखते हैं।[1]

हिन्दू राजनीति राज्य को सात भागों में विभक्त करती है-

स्वाप्यमात्यौ पुरं राष्ट्रं कोशदण्डौ सुहत्तथा।
सप्त प्रकृतयो ह्येताः सप्ताङ्गं राज्यमुच्यते।।[2] -मनुस्मृति

इन सात अंगों में राजा का स्थान प्रथम है। राजा का प्रधान धर्म प्रजा की रक्षा करना है। कालिदास ने राजा की परिभाषा की -**'प्रकृतिरंजनात्'**[3] क्योंकि वह राज्य की रक्षा करता है इसलिए राजा है। राजा प्रतिदिन धर्मासन पर बैठ कर प्रजा के कष्टों का निवारण करता है। तपोवन और आश्रमों की सुरक्षा का दायित्व भी राजा का ही है। पुरोहित के द्वारा उसे **वर्णाश्रमाणां रक्षिता**[4] कहा गया है। भ्रमर के द्वारा शकुन्तला को पीड़ित किये जाने के प्रसंग में अनसूया और

---

1. भगवतशरण उपाध्याय, कालिदास का भारत, पृ० 238
2. मनुस्मृति, अ० 9, श्लोक 294
3. रघुवंश, अ० 4, श्लोक 12
4. अभिज्ञान०, अंक 1, पंक्ति 355

प्रियवंदा कहती है- **"राजरक्षितानि तपोवनानि"**[1] तपोवन तो राजा द्वारा रक्षित होते हैं। राजा को **'षष्ठांशवृत्ति'**[2] कहा गया है। षष्ठांश के बदले राजा, प्रजा रक्षा के दायित्व का निर्वाह करता है। राजपद स्वीकार करने वाले के लिए अपने सुख के लिए कोई अवसर नहीं है। राजा प्रजा की भलाई के लिए ही श्रमशील रहता है। रक्षा कार्य के सफल होने पर ही अपने राजा होने को सार्थक मानता है।

सर्वथा अर्थवान् खलु मे राजशब्दः।[3]

सुचारू शासन व्यवस्था प्रजा रक्षण मूलभूत आवश्यकता है। व्यवस्था को बनाये रखने के लिए दंड का विधान किया जाता है। मनु ने कहा है कि दण्ड सब प्रजाओं का शासक और रक्षक है। सबके सो जाने पर वहीं जागता है, इसलिए विद्वज्जन दंड को ही धर्म कहते हैं-

दण्डः शास्ति प्रजाःसर्वा दण्ड एवाभिरक्षति।
दण्डः सुप्तेषु जागर्ति दण्डः धर्म विदुर्बुधाः।।[4]

राजा प्रजा को नियंत्रण में रखने के लिए प्रयत्नशील रहता है। शकुन्तला के छठे अंक में दुष्यंत ने स्वीकार किया है- प्रतिदिन अपनी ही प्रमादजन्य त्रुटियों को जानना संभव नहीं है। फिर प्रजा में कौन-कौन किस रास्ते पर चलता है- पूर्णतया जानने की भला किसमें सामर्थ्य है।[5] राजकार्य अनेक प्रकार के विघ्नों से परिपूर्ण होता है। राज्य सुशासन के लिए समुचित प्रबन्ध करता है। रक्षाकार्य के निर्वाह के लिए विशेष रूप से व्यवस्था की जाती है। राजा का मंत्रिमंडल उसकी सहायता करता है, जिसको अमात्यपरिषद् या मंत्रिपरिषद् कहते है। राजा मंत्रियों के परामर्श से कार्य करता था। शाकुन्तल में कालिदास ने मंत्रियों के महत्त्व को दर्शाया है। शासन व्यवस्था इन्हीं के द्वारा संचालित थी। राजा की अनुपस्थिति में राज्य का कार्य मंत्री ही संभालते थे। शाकुन्तल में राजा अपने मंत्री को इस प्रकार सूचित करता है- तुम केवल अपनी बुद्धि की रक्षा का कार्य कुछ समय तक करने दो-

त्वन्मतिः केवला तावत् प्रतिपालयतु प्रजाः।[6]

---

1. अभिज्ञान०, अंक 1, पंक्ति 104
2. वही, अंक 1, पंक्ति
3. वही, अंक 1, पंक्ति 361
4. मनुस्मृति, श्लोक सं० 7-18
5. अभिज्ञान०, अंक 6, श्लोक 32
6. अभिज्ञान०, अंक 6, श्लोक 6-38

कालिदास के वर्णनों से तीन प्रकार के मंत्रियों- प्रधान अमात्य, वैदेशिक मंत्री तथा अर्थनियम न्यायमंत्री के संकेत मिलते हैं। शाकुन्तल के छठें अंक में मंत्री एक नागरिक कार्य को पत्र में लिखकर राजा के पास निर्णय के लिए भेजता है-

महाराज के श्रीचरणों में विदित हो कि जलमार्ग से जीविकोपार्जन करने वाला धनवृद्धि नामक बनिया नौका टूट जाने से मर गया है। वह संतान रहित है उसके पास कई करोड़ का धन है। वह अब राजसम्पत्ति बन गया है। यह सुनकर महाराज निर्णय करें।[1] ऐसा लगता है कि उक्त मंत्री का कार्य राजस्व से सम्बन्धित था। कालिदास के यहाँ ऐसे भी संकेत मिलते है कि राजकीय निर्णयों में पुरोहित से भी परामर्श किया जाता था। राजा पुरोहित के प्रति श्रद्धा और आदर का भाव रखता था। शकुन्तला को पत्नी के रूप में स्वीकार अथवा अस्वीकार के प्रश्न पर किंकर्त्तव्यविमूढ़ हुए राजा पुरोहित सोमपाल से उचित-अनुचित के विषय में पूछते हैं- **'भवन्तमेवात्र गुरुलाघवं पृच्छामि'**[2]। पुरोहित द्वारा दिये गए निर्णय को राजा सहज स्वीकार कर लेते हैं-**'यथा गुरूभ्यो रोचते'**।[3]

अभिज्ञानशाकुन्तलम् में प्रजा-रक्षा के संदर्भ दो रूपों में सामने आते है। एक राजा और राजव्यवस्था द्वारा अपना कर्त्तव्य मानकर किये गए सीधे प्रयत्न। दूसरे कथा के विकास के राज्य पात्रों के कथनों और घटनाओं के माध्यम से सामने आने वाले साक्ष्य। प्रथम अंक में राजा एक कृष्णसार मृग का पीछा करते दिखाई देते है। राजा ज्यों ही मृग पर बाण चलाना चाहते हैं त्यों ही अचानक तपस्वी बीच में आ जाते हैं। तपस्वी निवेदन करते हैं कि राजन यह आश्रम का मृग है। इसे नहीं मारना चाहिए।-**राजन्! आश्रममृगोऽयं न हन्तव्यो न हन्तव्यः।**[4] तपस्वी राजा को स्मरण कराते हैं कि आपका रास्ता पीड़ितों की रक्षा के लिए है। निरपराधों पर प्रहार करने के लिए नहीं- **'आर्तत्राणाय वः शास्त्रं न प्रहर्तुमनागसि।'**[5] तपस्वियों की बात सुनकर मृग आश्रम का है जो प्रजा की भांति ही रक्षणीय है, राजा तुरन्त ही मृगवध से विरत् हो जाते हैं।

तपस्वी राजा को आशीर्वाद देते हैं और समीप में स्थित कुलपति कण्व के आश्रम में आतिथ्य ग्रहण करने की प्रार्थना करते हैं। तपस्वी राजा से प्रार्थना करते

---

1. वही, अंक 6, पृ० 469
2. वही, पृ० 389
3. वही, पृ० 391
4. अभिज्ञान०, अंक 1, पंक्ति 67
5. वही, अंक 1, श्लोक 11

हुए कहते हैं कि- राजन! आश्रमवासियों की निर्विघ्न धार्मिक क्रियाओं को देखकर आप जान लेंगे कि धनुष की डोरी की रगड़ से बने निशानवाली आपकी भुजा प्रजा की कितनी रक्षा कर रही है-

धर्म्यास्तपोधनानां प्रतिहतविघ्नाः क्रियाः समवलोक्य।
ज्ञास्यसि कियद्भुजो मे रक्षति मौर्वीकिणाङ्क इति।[1]

आश्रम के निकट ही अपने शिविर में ठहरे हुए राजा दुष्यंत से मिलने दो ऋषिकुमार आते है। ऋषि बालक राजा से निवेदन करते हैं- पूजनीय कुलपति कण्व के न होने से राक्षस हमारे यज्ञों में विघ्न डालते हैं। इसलिए कुछ आप सारथि के साथ इस आश्रम को सनाथ करें।[2] तपस्वियों की धार्मिक क्रियाओं की रक्षा के लिए राजा आश्रम में रूक जाते हैं। पंचम अंक में कंचुकी की उक्तियों से राजा दुष्यंत की प्रजापालन के प्रति अभिरूचि और प्रतिबद्धता सामने आती है। कंचुकी राजा से मिलने आये कण्व के शिष्यों की सूचना देना चाहता है, पर वह कुछ ठिठक सा रहा है, क्योंकि महाराज अभी-अभी धर्मासन से उठकर आये है। पर वह इस बात को भी जानता है कि प्रजा रक्षा कर्म को स्वीकार करने वाले राजा के लिए विश्राम कहाँ?

'कुतो विश्रामो लोकपालानाम्'[3]

दुष्यंत स्वयं अधिकार खेद का अनुभव करते हुए कहते हैं कि सभी लोग अभीष्ट वस्तु को पाकर प्रसन्न होते हैं किन्तु राजाओं की अभीष्ट सिद्धि परिणाम में दु:खदायी ही होती है।[4] वैज्ञानिकों के प्रशंसापरक कथनों से राजा के अधिकार निरूपण सम्बन्धी कुछ संदर्भ सामने आते हैं। राजा अपने सुख से निस्पृह होकर प्रजा के निमित्त कष्ट उठाते हैं- **'स्वसुखनिरभिलाषः खिद्यसे लोक हेतोः।**[5] आज राजदंड धारण करके कुपथगामी जनों को नियंत्रित करते हैं। प्रजा के विवादों को शांत करते हैं और रक्षा के लिए तैयार रहते हैं। प्रचूर सम्पत्ति होने पर भाई बंधुओं में अच्छी तरह बंटवा देते हैं। इस प्रकार लोगों का बंधुकार्य आप में समाप्त होता है।[6]

---

1. वही, श्लोक 1-13
2. वही, अंक 2, पृ० 178
3. अभिज्ञान०, अंक 2, पृ० 336
4. वही, अंक 5, पृ० 378
5. वही, श्लोक 5-6
6. वही, अंक 6, श्लोक 7

राजा नित्य राजसभा में बैठकर प्रजा की समस्याएँ सुनता है और उनके कष्टों का निवारण करता है। इसी क्रम में धनवृद्धि नामक वणिक का प्रकरण सामने आता है। समुद्र व्यापारी की नौका, दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। मंत्री राजा से लिखित निवेदन करता है कि संतान हीन वणिक की सम्पत्ति राजगामी हो जाएगा। राजा द्वारा खोज करने पर पता चलता है कि उस वणिक की पत्नी गर्भवती है। प्रजापालक राजा निर्णय देता है कि गर्भस्थ शिशु ही पिता के धन का अधिकारी है। राजा दुष्यंत वर्णाश्रम धर्म के रक्षक है। वर्णाश्रम धर्म की प्रतिष्ठा उनके रोम-रोम में व्याप्त है। तभी तो शार्ङ्ख जैसा विशुद्ध पंडित भी स्वीकार करता है- मर्यादा का त्याग न करने वाले ये राजा भाग्यवान है। इनके राज्य में वर्णों में हीन की कोई व्यक्ति कुमार्ग पर नहीं चलता।

'महाभागः कामं, नरपतिरभिन्नस्थितिरसौ
न कश्चिद्वर्णनामपथमपकृष्टोऽपि भजते।[1]

भगवतशरण उपाध्याय का कथन है- राजपद जो वैदिक युग में निर्वाचनजन्य था और उसमें प्रजातंत्र के इतने तत्त्व काम कर रहे थे, कालिदास के काल में वंश परम्परागत ही नहीं था। प्रत्युत ईश्वरीय समझा जाने लगा था। राजा और राजपद के विषय में कालिदास के विचार मनु के विचारों से सामंजस्य रखते हैं।[2] पर कवि की दृष्टि में तो लोक कल्याण बसा है। लोक कल्याण के प्रति असम्मान की भावना कवि हृदय को विचलित करती है। कालिदास की इसी चिंता की सृष्टि है साधारण-सा बेखौफ ब्रह्मचारी शार्ङ्रव और मत्स्योपजीवी धीवर। शाकुन्तल में नैतिक बलविहीन व्यवस्था के शिकार भी तो दो ही सामने आते हैं। एक आश्रम कन्या शकुन्तला और दूसरा श्रमोपजीवी धीवर। हस्तिनापुर की राजव्यवस्था का विरोध भी यहीं से उठता दिखाई देता है। कालिदास की ये विशेषता है कि जब वो अपनी बात कहना चाहते हैं तब वो साधारण आदमी के करीब होते हैं। फलस्वरूप शाकुन्तल में सामान्य जन की शक्ति और भी बलवती होकर उभरी है। व्यवस्था के विरोध की शक्ति व्यवस्था से जुड़े कृपोपजीवी पुरोहित सोमदत्त में नहीं दिखाई देती पर व्यवस्था से दूर रहने वाले ऋषियों में भरपूर देखी जा सकती है। राजा दुष्यंत स्वयं स्वीकार करते है कि शक्ति प्रधान तपोवनों में गुप्त तेज रहता है-

'शम प्रधानेषु तपोवनेषु गूढं हि दाहात्मकमस्ति तेजः।[3]

---

1. अभिज्ञान०, श्लोक 5-11
2. कालिदास का भारत, पृ० 130
3. अभिज्ञान०, अंक 2, श्लोक 7

इसी प्रकार विद्वानों के लिए कोई वस्तु अगम्य नहीं है- **'न खलु कश्चिद्विषयो नाम धीमताय'**- जैसे कथनों से ऋषिशक्ति का पता चलता है। आश्रमजन अपनी सुरक्षा के विषय में आत्मनिर्भर दिखाई देते हैं। राजा के कुशल पूछने पर शार्ङ्रव कहते हैं- **'स्वाधीनकुशलाः सिद्धिमन्तः।**[1] राजा और ऋषियों के वार्तालाप से यह बात भी स्पष्ट हो जाती है कि सच कहने की शक्ति और साहस वहीं देखा जाता है। जहाँ व्यवस्था से होने वाले लाभों के अवसर नहीं होते। शार्ङ्रव राजा के हरेक तर्क को काटकर अपनी बहन की जोरदार वकालत करता है। राजा के दरबार की आग की लपटों से घिरा हुआ मानता है। राजा के शिष्टाचार, सरकार से प्रभावित न होकर उसकी तारीफ के विषय में उदासीन ही रहता है। शार्ङ्रव करणीय-अकरणीय को समझता है तथा असत्य व छल का विरोध निर्भीक होकर करता है।

शाकुन्तल के छठे अंक में धीवर का प्रसंग व्यवस्था के नैतिक पतन की एक झलक प्रस्तुत करता है। नगर-रक्षक नागरिक अपने दो प्रहरियों के साथ राजा की अंगूठी चुराने के आरोप में धीवर को पकड़ लेते हैं। धीवर बताता है कि मैं चोर नहीं हूँ मछली पकड़कर अपने परिवार का पेट भरता हूँ। ये अंगूठी मछली के पेट से निकली है। नागरिक धीवर के पेशे का अशिष्टता के साथ उपहास करता है-

विशुद्ध इदानीमस्य आजीवः।[2] इसकी आजीविका तो पवित्र है। धीवर अपने पेशे के औचित्य को निर्भयता से सिद्ध करता हुआ नागरिक के उपहास का प्रतिवाद करता है। धीवर अपने पक्ष में हिन्दू सामाजिक व्यवस्था के सिद्धान्त की व्याख्या करता हुआ करता है कि जिस वर्ग का जो सहज कर्म हो उसे छोड़ना नहीं चाहिए। धीवर एक उदाहरण से बात को स्पष्ट करता है कि वैदिक ब्राह्मण हृदयहीन नहीं हो सकता तथापि यज्ञों में पशुओं के वध के लिए उसे क्रूर होना पड़ता है, क्योंकि वह उसके सहज कर्म का अंग है। ऐसे ही मत्स्यबंधन करने वाला मैं क्रूर नहीं हो जाता अपितु अपने सहज कर्म का निर्वाह करता हूँ। नागरिक अभियुक्त को राजा के सामने पेश करता है। जहाँ से उसे पुरस्कार के साथ मुक्त कर दिया जाता है। रक्षक पुरस्कार की राशि को ईर्ष्या से देखता है और अर्थपूर्ण भाषा में धूर्तता से कहता है कि धीवर का तो खूब उपकार हुआ। धीवर द्वारा पुरस्कार को आधा बांटने के निर्णय को प्रहरी न्याय सम्मत ठहराते हैं। नागरिक भी उसे मित्र मानते हैं तथा मित्रता को मदिरा की उपस्थिति के साथ दृढ़ करने

---

1. अभिज्ञान०, अंक 3, पृ० 321
2. वही, अंक 5, पृ० 361

की बात करते हैं। ये प्रसंग बताता है कि रक्षा विभाग का नैतिक बल कोई उच्च नहीं था तथा रक्षकों की कार्य प्रणाली बहुत कुछ आज के पुलिस वालों से मेल खाती है। चन्द्रबली पांडे भी अपने कथन से इसकी पुष्टि करते हैं- रक्षी उस समय भी भक्षी का काम कर जाते थे और पान-पत्ते के लिए कुछ लेना पाप नहीं समझते थे और उनका सरदार राजश्याल भी कुछ कम नहीं था। उसने देखा कि धीवर को पैसा हाथ लगा और राजाका अनुग्रह भी उस पर हो गया है तो उसने दोस्ती गांठ ली।[1]

उपर्युक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट हो जाता है कि कालिदास की रचनादृष्टि तत्कालीन सामाजिक यथार्थ के विभिन्न पहलुओं पर निरन्तर अपनी पकड़ बनाए ही नहीं रखती बल्कि उनके बीच से वर्गीय व्यवहारों उनके आर्थिक अंतर्विरोधों को भी उनकी जड़ों में प्रत्यक्ष करती चलती है। तत्कालीन राजनैतिक और सामाजिक व्यवस्था में सम्पत्तिशाली अधिकारी वर्गो और उनके तथा संघर्षशील श्रमजीवी वर्गो के बीच के शोषण मूलक सम्बन्धों को बड़ी बारीकी से उजागर करती है।[2] दुष्यंत और शकुन्तला के बीच निजी प्रेमकथा को भी कवि बड़ी निष्पक्षता से बृहत्तर सामाजिक यथार्थ के महत्वपूर्ण राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संदर्भो से जोड़कर इस महत्वपूर्ण नाटक को तत्कालीन समाज का दर्पण बना देता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. झा, तारिणीश, अभिज्ञानशाकुन्तलम्, एकेडमी प्रेस दारागंज, प्रयाग, सं० 1960।
2. उपाध्याय, भगवतशरण, कालिदास का भारत, भारतीय ज्ञानपीठ काशी, प्रथम संस्करण, 1959।
3. पांडे, चन्द्रबलि, कालिदास ग्रंथावली, मोतीलाल बनारसीदास, बनारस, प्रथम संस्करण, संवत् 2012।
4. आप्टे, वामन शिवराम, संस्कृत हिन्दी कोश, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, वाराणसी, सं० प्रथम, 1966।
5. श्रीवैशानख श्री निवासाचार्य तथा राघव भट्ट, अभिज्ञानशाकुन्तल (टीका) वाकिल रामस्वामि शास्त्रुलु एंड संस, मद्रास।

---

1. अभिज्ञान०, अंक 6, पृ० 400
2. कालिदास ग्रंथावली, पृ० 104

6. शास्त्री, शिवराज, अभिज्ञानशाकुन्तलम्, हिन्दी व्याख्याकार, लीलाकमल प्रकाशन, मेरठ, साकेत, तृतीय संस्करण, 1977।
7. मिश्र, श्रीगोविन्द, रघुवंशमहाकाव्य, चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी, तृतीय सं० 2018।
8. शास्त्री, आचार्य जगदीश लाल, मनुस्मृति, मोतीलाल बनारसी दास, दिल्ली, पटना, वाराणसी, सं० 1983।
9. त्रिपाठी, ब्रह्मानंद, कालिदास ग्रंथावली, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, वाराणसी, प्रथम संस्करण, 1976।

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 17) ISSN : 0975-1769

संस्कृत-अंग्रेजी में शब्दसाम्य विमर्श

-डॉ. गजानन धरेन्द्र

संस्कृत-शिक्षक, राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय नं. 2
सी-ब्लॉक, जनकपुरी, नई दिल्ली-58

[देवभाषा संस्कृतं सर्वभाषाजननीति प्रसिध्यति। इयं वैज्ञानिकी क्रमबद्धा च इति भाषातत्त्वविदः अभिप्रयन्ति। अस्मिन् लेखे संस्कृतस्य आङ्ग्लभाषया सह शब्दसाम्यं कीदृशम् इति विवेचनं विहितमस्ति।]

अनादिनिधना नित्या वागुत्सृष्टा स्वयम्भुवा।
आदौ वेदमयी दिव्या, यतः सर्वाः प्रवृत्तयः॥[1]

विश्व वाङ्मय में संस्कृत प्राचीनतम भाषा है। जिसमें विश्वसाहित्य का प्रथम ग्रन्थ ऋग्वेद लिखा गया है। वैदिक वाङ्मय से आरम्भ मानवजीवन की संस्कृति की यात्रा संस्कृत माध्यम से चली आ रही है जो अत्यन्त उपादेय है। विश्व साहित्य जगत् में यदि कालक्रमानुसार भाषाविज्ञान के आधार पर विभाजन किया जाए तो वैदिक संस्कृत-लौकिक संस्कृत-पालि-प्राकृत की शब्द धारा में बहते हुए अन्य भारतीय भाषा-उपभाषा-बोलियों में निसृत अन्य विदेशी भाषाओं को भी प्रभावित किया है।

भारतीय मान्यता में भाषा पहले है और व्याकरण बाद में।[2] संस्कृत भाषा के सिद्धान्त भारतीय भाषाओं के ही नहीं अपितु विश्व की भाषाओं के विश्लेषण में सहायक है। संस्कृत भाषा की विशेषता में अधिक ना कहते हुए भारोपीय भाषापरिवार की और सभी भारतीय भाषाओं की जननी है। इसकी प्राचीनता वेद, पुराण, रामायण आदि ग्रन्थ स्वयं प्रमाणित करते हैं। वेदों में भी भाषा सम्बन्धी चिन्तन संस्कृत भाषा की प्राचीनता को ही प्रमाणित करते है। वैज्ञानिक व प्राचीनतम, देववाणी यह वाणी ऋग्वेद में एक पृथक् वाक् सूक्त द्वारा बताया गया

---

1. महाभारत शान्तिपर्व, 231/65
2. ऋग्वेद - 8-100-10/11

है जहां मनुष्यों तथा पशु-पक्षियों की वाणी का स्रोत शब्द विस्तार अ + क्षर नाश न होने की बात कही गई है। मनुष्य की वाणी के चार चरण बताए गए -

चत्वारि वाक् परिमिता पदानि
तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः।
गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति
तुरीयं वाचो मनुष्याः वदन्ति॥[1]

इनमें तीन गुहा में निहित है, मात्र चतुर्थ चरण को जीवजन्तु बोलते हैं।

भाषारूपान्तर -

जैसा कि भारतीय मान्यतानुसार भाषा ज्ञान पर शोध कर व्याकरणाधार पाया कि यह वैज्ञानिक और नियमों से बन्धी है परन्तु कालक्रमानुसार मूल ज्ञान के संज्ञा शब्दों के आधार पर वस्तुनिर्माण और वस्तु प्रथम अनन्तर पद निर्माण से योगरूढि और रूढ़ि शब्द बनते गये। स्थान और जलवायु परिवर्तन से ही भाषा परिवर्तित होती गई। वेद की भाषा संस्कृत कहलाई। भारत वर्ष के संविधान भी जिन भाषाओं को मान्यता देता है उनकी तथा विश्व की अनेक भाषाओं की जननी वैदिक भाषा ही है। इन भारतीय भाषाओं के साथ-साथ विदेशी भाषाओं की शब्दावली का संस्कृत शब्दावली से जो साम्य दिखाई देता है वह वास्तव में विस्मयकारी है। विश्व के प्रमुख भाषाशास्त्रियों ने जो इस विषय में मत प्रस्तुत किये वे भी संस्कृत की प्राचीनता को पुष्ट करते हैं। विभिन्न भाषाओं की शब्दावलियों की एकरूपता ने उन्हें ऐसा ही निष्कर्ष निकालने पर बाध्य किया है।[2]

संस्कृत भाषा ने न केवल यूरोप की सभी भाषाओं के शब्द भण्डार को दान दिया है बल्कि पूर्व और पाश्चात्य देशों की भाषाओं का भी यही हाल है। अनेकों भाषाशास्त्रियों ने संस्कृत भाषा को अवेयस्तन, फारसी, अरबी, ग्रीक, लेटिन व जर्मन परिवार की भाषाओं का जनक बताया है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अंग्रेजी भाषा का महत्त्वपूर्ण योगदान है। आज भारत में भी आंग्लभाषा तीव्र गति से विश्व की प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रसारित व भारतीय शिक्षा में[3](अनिवार्य भाषा-शिक्षा में) प्रथम स्थान पर आसीन है।

अंग्रेजी भाषा हिन्द-यूरोपीय भाषा-परिवार में आती है। इस दृष्टि से भी

---

1. ऋग्वेद - 1-164-45
2. भाषा-शास्त्र-ध्वनि नियम
3. संविधान अनुसूची आठ

इसका सम्बन्ध संस्कृत-ऊर्दू-फारसी के साथ स्थापित होता है। यह जर्मनिक शाखा में तथा रोमन लिपि में लिखी जाती है। यह एक पश्चिम जर्मेनिक भाषा है। जिसकी उत्पत्ति इंग्लैण्ड में हुई थी[1] तथा ऐतिहासिक दृष्टि से पांचवीं शताब्दी से पुरानी अंग्रेजी मध्य अंग्रेजी में होती हुई आज आधुनिक अंग्रेजी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर राज कर रही है अतः संस्कृत-अंग्रेजी ने अपनी यात्रा के साथ वर्तमान समय में भी शब्दों का साम्य विस्मयकारी है।

अतः अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध साधिका आंग्लभाषा के संवर्धन व संरक्षण में संस्कृत-आंग्लभाषा की शब्दावली में साम्य देखने को मिलता है। यह साम्य कुछ शब्दों अधिक तो कुछ में कुछ थोड़ा उच्चारण भेद की दृष्टि से कम साम्य मिलता है। संस्कृत तथा अंग्रेजी के हजारों शब्दों में घनिष्ठ सम्बन्ध देखा जा सकता है। सर्वप्रथम वे शब्द जिनकी पहचान बहुत सरलता से हो सकती है वे साक्षात् शब्द है -

सम	=	Same
न/नो	=	No
नाम	=	Name
त्रि	=	Tri, Three
त्रय	=	Trio
गौ	=	Cow
ते	=	They
अक्षिदन्त	=	Accident (एक्सीडेन्ट)
मातृ	=	Mother
पितृ	=	Father
भ्रातृ	=	Brother
दन्त	=	Dent
नास	=	Nose
तान	=	Tone
वस्त्र	=	Vesture
अन्त	=	End

1. www.language.com, www.wikipedia.org

सिव्	=	Sew
छन्द	=	Chant
आदर	=	Adore
विधवा	=	Widow
विधुर	=	Widower
उपरि	=	Upper
नियर	=	Near
लोक	=	Look
मध्य	=	Mid
माध्यम	=	Medium
क्रूर	=	Cruel
क्लेश	=	Clash
पत्र	=	Petal
द्वार	=	Door
निर्मल	=	Normal
पथ	=	Path
अंक	=	Ink
समान	=	Common
केन्द्र	=	Centre
कर्पट	=	Carpet
रीति	=	Rite
माप	=	Map
स्थान	=	Stand
मायिक	=	Magic
स्यूत	=	Suit
वैर	=	War
समिति	=	Committee

ये वे शब्द हैं जो बहुत सरलता से साम्य रखते हैं और यदि ध्वनि विज्ञान

या भाषाशास्त्र के नियमों की सहायता ली जाए तो असंख्य शब्द अंग्रेजी भाषा के मिलेंगे जो संस्कृत शब्दावली से साम्य रखते हैं। संस्कृत के पर्याय पदों का सम्बन्ध तो लगभग हर भाषा के शब्दों से साम्य रखते हैं। नियमानुसार महर्षि यास्क लिखते हैं –

वर्णागमो वर्णविपर्ययश्च द्वौ चापरौ वर्णविकारनाशौ।
धातोस्तदर्थातिशयेन योगस्तदुच्यते पञ्चविधं निरुक्तम्।।[1]

वर्णागम– जब शब्द में कोई नया अक्षर/वर्ण जुड़ जाता है तो उसे वर्णागम कहा जाता है जैसे हरियाणवी में स्कूल को इस्कूल कहते हैं तो यहां इवर्णागम हो गया। सेव् (Serve) में R का आगम है।

वर्णविपर्यय– जब किसी शब्द के वर्णों में बदलाव हो जाता है तो उसे वर्ण विपर्यय कहा जाता है जैसे – कर्ता = तर्क, कसित = सिकता, हिंस = सिंह, प्राप्ति = Profit आदि।

वर्णविकार– अर्थात् किसी वर्ण में परिवर्तन या विकार हो जाना। जैसे शुकः = सुवा, चटका = चिड़िया, पोत = Boat आदि।

वर्णनाश– पद में किसी अक्षर या वर्ण का नष्ट हो जाना। जैसे पुस्तक = Book में स्त का नाश हो गया। इसी प्रकार स्थान = थान/थाना आदि। यही संस्कृत-अंग्रेजी शब्दों के साम्य का स्पष्टीकरण हो जाता है। जैसे प्रमुख शब्दोदाहरण –

सेव्	=	Serve	–	R का आगम
स्थान	=	Stand	–	D का आगम
प्राप्ति	=	Property	–	R का आगम
वाहक	=	Vehicle	–	L, E का आगम
इष्	=	Wish	–	W का आगम
कृ	=	Create	–	T, E का आगम
सर्प	=	Serpent	–	ENT का आगम

एकैकस्य हि शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः।[2]

कुछ में समय परिवर्तन के साथ-साथ नियमपरिवर्तन व भाषा विज्ञान के नियमानुसार भी समानता प्राप्त होती है। वे घनिष्ठ सम्बन्ध वाले प्रमुख शब्द

1. निरूक्तम्, 1.5, महर्षि यास्क
2. महाभाष्य प्रथम आह्निक

उदाहरण स्वरूप इस प्रकार हैं –

लोक	=	Folk	–	वर्णविपर्यय, F का आगम
कोण	=	Corner	–	RR का आगम
नाग	=	Snake	–	वर्णविकार व वर्णागम
अल्प	=	Half	–	H वर्णागम, प > फ वर्णविकार
चयन	=	Choice	–	वर्णविकार न > स
पत्र	=	Letter	–	प > ल, त > प वर्णविकार
स्थिर	=	Still	–	र > ल वर्णविकार
आयु	=	Age	–	य > ज वर्णविकार
शर्करा	=	Suger	–	क > ग, र वर्णनाश
अर्जन	=	Earn	–	ज वर्णनाश
चित्र	=	Picture	–	वर्ण विपर्यय P आगम
नीर	=	Tear	–	न > त/ट

इसी प्रकार अनेक शब्द हैं –

दान (Donation), गण (Gang), घास (Grass), चरित्र (Character), खण्डन (Condemn), कम्बल (Blanket), आदर (Honour), एकत्र (Together), स्मित (Smile), त्रिकोणमिति (Trigonometry)।

अन्य नियमानुसार भी द्रष्टव्य है।

मूलभाषा-सुसंबद्धाः ग्रिम-ग्रासमान-वर्नराः।
वर्णानां परिवृत्त्यैव, प्रसिद्धिं परमां गताः॥

क-त-पा-ह-थ-फाः सन्तु, घ-ध-भा ग-द-बास्तथा।
ग-द-बाः क-त-पाः सन्तु, ग्रिमाख्ये नियमे सति॥

महाप्राण-द्वयी-युक्ताः, द्व्यक्षरा मूलधातवः।
महाप्राणाद्यनाशः स्याद्, ग्रासमान-विधौ स्मृते॥

पूर्वमुदात्तयोगे तु, ग्रिमाख्यो नियमो भवेत्।
अन्यथा द्विपदा वृत्तिः, वर्नरे नियमे सति॥[1]

1. भाषा-शास्त्र, पृ. सं. 241

इन नियमों के अनुसार अंग्रेजी शब्दावली का अध्ययन करने पर और अधिक साम्य शब्दावली की प्राप्ति सम्भव है। वचन, उपसर्ग, प्रत्यय विभक्ति के अतिरिक्त संस्कृत-अंग्रेजी शब्दों का साम्य ज्यों का त्यों है। जैसे -

वासन	=	Basin	=	पात्र (बर्तन)
अभितः	=	About	=	दोनों ओर
वमित	=	Vomit	=	उल्टी करना
उच्चर	=	Utter	=	उत्तर
चाट	=	Cheat	=	छलिया
सन्तुष्ट	=	Context	=	सन्तोष
दुर्बलता	=	Debility	=	कमजोरी
एक	=	Each	=	एक
प्लुत	=	Float	=	तैरना
गम्	=	Go	=	जाना
गति	=	Gait	=	चाल
होरा	=	Hour	=	घण्टा
मर्ज्ज	=	Merge	=	डूबना
नही	=	Nay	=	नहीं
सीमन्	=	Semen	=	अण्डकोष/वीर्य
मूक	=	Mute	=	चुप्पी

यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि संस्कृत विश्व भाषाओं की जननी है। जर्मनी की एक एयर लाइन्स का नाम लुप्त हंसा है जो संस्कृत शब्द है।

उपसंहार (Conclusion)

इस शोधपत्र में अंग्रेजी-संस्कृतशब्दावली में साम्य प्रदर्शित करने का एक मात्र प्रयास किया गया है। अंग्रेजी भाषा विश्व की एक मात्र ऐसी भाषा है जिसका निर्माण वैश्विक भाषाओं के मिश्रण से किया गया है ताकि सम्पूर्ण विश्व एक भाषा को बोल, समझ व लिख सके। संस्कृत भाषा की तो खोज हुई है और अन्य विश्व की सभी भाषाओं का निर्माण हुआ है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि संस्कृत विश्वभाषा जननी के साथ अंग्रेजी की

शब्दावली का साम्य परिलक्षित होता है। मैक्स मूलर ने इसी साम्य को दर्शाते हुए कहा है -

"Sanskrit is not only the classical language but also a divine one. It has the elixir at life and is the mother of all the languages of the world."[1]

इन्दिरा गान्धी ने भी अंग्रेजी की जगह संस्कृत के बारे में कहा था कि-

"If Sanskrit was simplified, it could serve as better link among the people of diffrent states and solve the language problems."[2]

सन्दर्भग्रन्थसूची (References) -

1. भाषा-विज्ञान एवं भाषाशास्त्र - डॉ. कपिलदेव द्विवेदी, वि.वि. प्रकाशन, वाराणसी, 2014
2. निरूक्त-पञ्चाध्यायी, निघण्टु-सहिता, संस्कृत व्याख्याकारा, म.म. पं. छज्जूराम शास्त्री, मेहरचन्द लछमन दास पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 1987
3. संस्कृत व्याकरणशास्त्र का इतिहास, प्रथम भाग, युधिष्ठिर मीमांसक, भारतीय-प्राच्य-विद्याप्रतिष्ठान, 1963
4. भारतीय भाषाशास्त्रीय चिन्तन, सं. डॉ. विद्यानिवास मिश्र, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, 1976
5. भारत का भाषा सर्वेक्षण (हिन्दी अनुवाद) ग्रियर्सन जार्ज, 1967
6. अन्य - पत्र-पत्रिकाएं
7. अन्तर्जाल प्रयोग

✦✦✦

1 Miller Max – I cover the water front barricade books 2003, P-174

2. Gandhi Indira - The Hindu - Dated- 09.04.1983

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 17) ISSN : 0975-1769

संस्कृत साहित्य में वर्णित राजधर्म की वर्तमानकालिक प्रासंगिकता

-डॉ. दिनेश भारद्वाज
आचार्य (ज्योतिष साहित्य एवं दर्शन) सहायकाचार्य,
राजकीय संस्कृत महाविद्यालय-क्यार्टू
जिला-शिमला (हि.प्र.) 171201

[संस्कृतसाहित्यं सर्वविद्यानाम् आकरः विद्यते। तत्रोपवर्णिताः नैके विचाराः सार्वकालिकाः सन्ति। अस्मिन् लेखे राजधर्मः कः, आधुनिककाले का वा तस्य प्रासङ्गिकता इति न्यरूपयत्।]

संस्कृत साहित्य विश्व का प्राचीनतम साहित्य है। सहस्र-वर्षों से संस्कृत वाङ्ग्मय ने अपने उज्ज्वल ज्ञान से विश्व की अनेक सभ्यता और संस्कृति के उन्नयन और विकास में अपनी भूमिका अदा की है। सार्वकालिका, सार्वभौमिक और सार्वजानिक उपदेशों के अतिरिक्त संस्कृत वाङ्ग्मय की एक और विशेषता यह है कि शायद ही जीवन का कोई पहलू है जो यहाँ अछूता रहा हो। राष्ट्र को समृद्ध और संगठित बनाने के लिए मनु आदि स्मृतिकारों ने राजधर्म के सूत्रों का प्रणयन किया। मनुस्मृति के सप्तम अध्याय में राजधर्म वर्णन प्रसङ्ग में राजाओं के आवश्यक गुणों का उल्लेख करते हुए आदिपुरुष मनु कहते है कि राजाओं का चारीत्रिक स्तर इतना ऊंचा हो कि जनता उसका अनुकरण करें तथा कोई उस पर उंगली न उठा सके। किसी भी देश का शुभाशुभ राजा के आचार-व्यवहार पर निर्भर होता है। राजा और प्रजा के परस्पर सहयोग और समन्वय से सबका कल्याण निश्चित है। **"राजा प्रकृतिरंजनात्"** के अनुसार राजा का मुख्य कर्तव्य प्रजा की सेवा करना होता है। राजकार्य के संचालन में राजा का आचार और उसकी प्रजापालन की व्यवस्था के सम्बन्ध में स्मृतिग्रन्थों में (राजधर्म की) चर्चा की गई है। संस्कृत वाङ्ग्मय में वर्णित राजाओं की कार्यशैली और राजव्यवस्था में स्मृतिकारों के द्वारा निर्दिष्ट राजधर्म का अनुपालन दिखाई देता है। संस्कृत साहित्य के काव्य तथा नाटकों में राजा, मंत्री, दण्डविधान, करव्यवस्था, न्यायव्यवस्था आदि का यथावसर सुन्दर वर्णन प्राप्त होता है। राजव्यवस्था चलाने में प्राचीन

भारत में राजाओं की महती भूमिका रही है। धर्मशास्त्रों में निर्दिष्ट तथा संस्कृत काव्यों में प्रतिपादित राजधर्म की वर्तमान शासनव्यवस्था में महती प्रासंगिकता है। धर्मशास्त्र और काव्यों में हजारों वर्षपूर्व निर्दिष्ट एवं वर्णित ये राजसिद्धांत हमारे लिए मात्र धरोहर नहीं हैं अपितु ये हमारी बौद्धिकता और संवेदना को उत्प्रेरित भी करते हैं। काव्यों में प्रतिपादित राजाओं के पुनीत चरित्रों में आचरणशुद्धि की प्ररेकता, प्रजावत्सलता तथा विनयशीलता पदे-पदे दृष्टिगोचर होती है। इसके अतिरिक्त राजनीतिविषयक दण्डव्यवस्था और न्यायपथ का भी सुन्दर उपदेश मिलता है। रघुवंश में वर्णित राजधर्म न केवल रघुवंशी राजाओं के राजधर्म को व्यक्त करता है अपितु वर्तमान शासनव्यवस्था के शासन को प्रजा के कल्याण हेतु मार्ग भी प्रशस्त करता है। रघुवंशी राजा शास्त्रसम्मत राजकाज व्यवस्था के संवाहक थे। इस दृष्टि से यदि विचार किया जाए तो रघुवंशी राजाओं का चरित्र वास्तव में अनुकरणीय है। कालिदास ने रघुवंशी राजाओं के चरित्र की पवित्रता, कार्य के प्रति दृढ़ता तथा साम्राज्य की विशालता, शास्त्र के अनुसार आचरण, मितभाषिता एवं धर्मपरायणता का वर्णन किया है–

सोऽहम् आजन्मशुद्धानाम् आफलोदयकर्मणाम्।
आसमुद्रक्षितीशानाम् आनाकरथवर्त्मनाम्।।

यथाविधिहुताग्नीनां यथाकामार्चितार्थिनाम्।
यथापराधदण्डानां यथाकालप्रबोधिनाम्।।

त्यागाय संभृतार्थानां सत्याय मितभाषिणाम्।
यशसे विजिगीषुणां प्रजायै गृहमेधिनाम्।।[1]

महाकवि कालिदास की कालयजी रचना रघुवंश में राजधर्म बहुत्र वर्णित है। रघुवंश के प्रथम, पञ्चम, अष्टम और चतुर्दश सर्ग में कालिदास ने राजधर्म का वर्णन किया है। रघुवंशी राजा अपनी प्रजा का कल्याण करने हेतु सतत प्रयत्नशील थे। रघुवंश के प्रथम सर्ग में कहा गया है कि जिस प्रकार सूर्य हजारों गुना जल लौटाने के लिए पृथ्वी से जल ग्रहण करता है राजा दिलीप प्रजा के कल्याण के लिए प्रजा से कर लेकर उनके विकास कार्यों में लगाकर उन्हें लौटा देते थे–

प्रजानामेव भूत्यर्थं स ताभ्यो बलिमग्रहीत्।
सहस्त्रगुणम् उत्स्त्रष्टुम् आदत्ते हि रसं रविः।।[2]

---

1. रघुवंश, 1/5-7
2. रघुवंश, 1/18

राजधर्म के अंतर्गत आने वाले **"सामदानाद्युपाय"** भी राजा दिलीप के गुप्तविचारों से तथा हर्षशोकादि चिन्हों को छिपाने से अनुमान किये जाते थे- **तस्य संवृतमन्त्रस्य गूढाकारेङ्गितस्य च।**[1] राजा दिलीप प्रजा को विनम्रता का पाठ पढ़ाने तथा उनका भरण-पोषण करने के कारण उनका वास्तविक पिता था–

प्रजानां विनयाधानाद्रक्षणाद्भरणादपि।
स पिता पितरस्तासां केवलं जन्महेतवः।।[2]

किसी भी सम्राज्य की सफलता या असफलता प्रशासनिक व्यवस्था पर निर्भर करती है। प्रशासन यदि गतिशील, व्यवस्थित एवं संगठित है तो साम्राज्य सुदृढ़ होगा। रघुवंशी राजाओं में अन्यतम, प्रजाहित के प्रबल चिंतक **'रघु'** अपनी इन्हीं विशेषताओं के कारण सफल शासक हुए। राजा दिलीप और राजा रघु द्वारा प्रजाहित में किये गए कार्यों का बखान ग्राम्य बालाओं के गीतों में गूँजता हे। राम ने सीता के प्रति प्रजा द्वारा शंका व्यक्त किए जाने के पश्चात अपने व्यक्तिगत संबंध का (रिश्ते का) विचार न कर, राजधर्म के पालन हेतु उन्होंने अपनी धर्मपत्नी का त्याग कर दिया। इस विषय में महाकवि कालिदास मार्मिक भाव व्यक्त करते हुए कहते है– **'कौलीनभीतेन गृहन्निरस्ता न तेन वैदेहसुता मनस्तः।'**[3] अर्थात् लोकनिंदा के भय से श्रीराम ने सीताको घर से तो बाहर भेज दिया, परंतु मन से नहीं। प्रजा में वर्णाश्रम धर्म की व्यवस्था करना राजा का अन्य प्रमुख धर्म है। रघुवंश में महाकवि कहते है- **"नृपस्य वर्णाश्रमपालनम् यत् स एव धर्मो मनुना प्रणीतः"।**[4] आश्रम धर्म के अनुपालन में रघुवंशी राजा प्रजा के लिए आदर्शस्वरूप थे-

शैशवेऽभ्यस्तविद्यानां यौवने विषयैषिणाम्।
वार्धके मुनिवृत्तीनां योगेनान्ते तनुत्यजाम्।।[5]

इस प्रकार कालिदास ने स्मृतियों ने प्रतिपादित राजधर्म के द्वारा प्रजा तथा राजा के राजनीतिक सम्बन्ध को नैतिक तथा धार्मिक रूप देकर उसे दृढ़ स्वरूप प्रदान किया है।

कालिदास के पश्चात भारवि ने भी राजधर्म को अपने काव्य में पर्याप्त

---

1. रघुवंश, 1/20
2. रघुवंश, 1/24
3. रघुवंश, 14/84
4. रघुवंश, 14/67
5. रघुवंश, 1/8

स्थान दिया। भारवि राजनीति में निष्णात है, उनका राजधर्मविषयक व्यापक ज्ञान युधिष्ठर की उक्तियों में मूर्तिमान हो उठा है। भीम को समझाते हुए युधिष्ठर कहते है कि बिना विचार किया गया कार्य विपत्ति देने वाला होता है। जो व्यक्ति विचारपूर्वक कार्य करता है, उसके गुणों से आकृष्ट सम्पत्ति स्वयं उसके पास चली जाती है–

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदाम् पदम्।
वृणुते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव सम्पदः॥[1]

शत्रु द्वारा अपमान का स्मरण करने के कारण क्षुब्ध भीम को न्याय पथ का सुन्दर उपदेश देते हुए युधिष्ठर कहते है कि जो राजा उचित समय पर मृदुता और तीक्ष्णता धारण करता है वह सूर्य के समान अपने तेज से समस्त जगत को अपना वशवर्ती बनाता है। भीम को नीतिशास्त्र का उपदेश देते हुए धर्मराज कहते है कि यद्यपि इस समय दुर्योधन का उत्कर्ष हो रहा है फिर भी उसकी उपेक्षा करनी चाहिए क्योंकि अविनयी शत्रु को उपेक्षा से ही जीता जा सकता है।– **"विपदन्ता ह्यविनीतसंपदः"।**[2]

नीतिज्ञों की राज्य के सुव्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक नीतियों को प्रतिपादित करते हुए कवि माघ ने कहा है कि सहायादि समस्त कार्यों में पाँच अंगों के अतिरिक्त राजा का उस प्रकार दूसरा कोई मन्त्र नहीं है, जिस प्रकार उस शरीर में पाँच स्कन्धों के अतिरिक्त बौद्धों के मत से दूसरा कोई आत्मा नहीं है। राजा के पाँच अंग हैं–1. कार्यों के आरम्भ करने का उपाय, 2. कार्यों की सिद्धि में उपयोगी वस्तुओं का संग्रह, 3. देश तथा काल (स्थान और समय) का यथा योग्य विभाजन, 4. विपत्तियों के दूर करने के उपाय, 5. कार्यों की सिद्धि।

सर्वकार्यशरीरेषु मुक्त्वाङ्गःस्कन्धपञ्चकम्।
सौगतानामिवात्मान्यो नास्ति मन्त्रो महीभृताम्॥[3]

राजाओं के रहस्य आदि में पाँच अंग समायोजित रहते हैं तो उनके सन्धि, विग्रह के साथ मन्त्रणा करने की आवश्यकता नहीं रहती है। प्रत्येक राजा को अपने राज्य में इस पाँचों अंगों पर ही विशेष ध्यान देना चाहिए। कवि माघ ने पूर्व बौद्ध दर्शन की मान्यता की प्रतिपादित करते हुए राजनीति का यह उपदेश दिया है।

---

1. किरातार्जुनीयम्– 2/30
2. किरातार्जुनीयम्– 2/52
3. शिशुपालवध– 2/26

प्रहेलिका बहुधा काव्यशैल्यां विलिख्यते, यस्मात् सा मधुरा प्रतीयते।

अस्याः परम्परा प्राचीनकालादेव प्रचलिता वर्तते। ऋग्वेदीयः अयं मन्त्रः प्रमाणभूतः। यथा–

चत्वारि शृङ्गाः, त्रयोऽस्य पादाः द्वे शीर्षे सप्त हस्ताः सोऽस्य।
त्रिधा बद्धो वृषभो रौरवीति महादेवो मर्त्यां आविवेश॥[2]

अर्थात् यस्य चत्वारि शृङ्गाणि, त्रयो पादाः, द्वे शीर्षे, सप्त हस्ताश्च वर्तन्ते यश्च त्रिधा बद्धः, स मानवेषु प्रविष्टो वृषभयज्ञः वर्तते, शब्दं कुर्वन् महादेवोऽस्ति।

अस्य गूढार्थोऽयं वर्तते यत् अयं वृषभः यस्य यत्वारि शृङ्गाणि चत्वारः वेदाः सन्ति। 'प्रातः- मध्याह्न-सायंकालाः' इति त्रयः कालाः त्रयः पादाः वर्तन्ते। उदयमस्तञ्च द्वे शीर्षे विद्येते। सप्तप्रकारकाणि गायत्र्युष्णिगादीनि छन्दांसि सप्त हस्ताः सन्ति।

---

1. चन्द्रलोकः-5.1
2. ऋग्वेदः-

अयं मन्त्रः ब्राह्मणेन कल्परूपी त्रिभिः बन्धनैः बद्धः मानवे प्रविष्टो वर्तते। अस्य पर्यायाः सन्ति- प्रवल्हिका, प्रवह्लि, प्रहेली, प्रश्नदूती इति।

अयं चित्रजात्याः शब्दालङ्कारो वर्तते या च्युताक्षरदत्ताक्षरच्युतदत्ताक्षराभेदैः युता यमकरञ्जिता उक्तिरस्ति। प्रहेलिकायाः स्वरूपं -'नानाधात्वगम्भीरायमकव्यपदेशिनी' इति वर्तते।

ऋग्वेदानुसारं प्रहेलिका जनतायाः विकासोन्मुखावस्थया सहैव विकसिता जाता।

महाभारतस्य अनवरतलेखने वेदव्यासः मध्ये मध्ये कूटवाक्यामनां प्रयोगं करोति स्म। तेषां वाक्यानां सम्यग्रूपेण ज्ञानेन विना गणेशाय लिपिबद्धस्य आज्ञा नासीत्। तदा विचारयितुम् अवगन्तुं च विश्रामं लभते स्म यथासमयम्।

दण्डी प्रहेलिकां क्रीडागोष्ठीं इति उक्तवान्। अन्याः पुरुषाः च व्यामोहनाय उपयोगी इति उक्तवन्तः। दण्डिना प्रहेलिकायाः षोडश भेदाः उल्लिखिताः-

क्रीडागोष्ठीविनोदेषु तज्ज्ञैकीर्णमन्त्रणे।
परव्यामोहने चापि सोपयोगा प्रहेलिका॥[1]

एताः षोडशनिर्दिष्टाः पूर्वाचार्यैः प्रहेलिकाः।
दुष्टप्रहेलिकाश्चान्यास्तैरधीताश्चुर्दशः॥

दोषानपरिसंख्येयान् मन्यमाना वयं पुनः।
साध्वीरेवाभिधास्यामस्ता दुष्टा यास्त्वलक्षणा॥[2]

1. समायता 2. वञ्चिता 3. व्युतक्रान्ता 4. प्रमुदिता 5. पुरुषा 6. सङ्ख्याता 7. कल्पिता 8. नामान्तरिता 9. निभृता 10. सम्मूढा 11. परिहारिका 12. एकच्छन्ना 13. उभयच्छन्ना 14. समानशब्दामूढा 15. समानरूपा 16. सङ्कीर्णा (काव्यादर्शः-3. 106)

अस्यालङ्कारस्य भोजेनेत्थं प्रतिपादितं लक्षणम्-

प्रश्न एवानुत्तर प्रहेलिका[3]

---

1. काव्यादर्शः-3.97
2. काव्यादर्शः-3.103/7
3. शृङ्गारप्रकाशः- दशमः प्रकाशः, पृ.-557, प्रथमो भागः, रेवाप्रसादो द्विवेदी, सदाशिवप्रसादो द्विवेदी इन्दिरागाँधीराष्ट्रियकलाकेन्द्रम्, नई दिल्ली, कालिदाससंस्थानम्, वाराणसी, प्रथमसंस्करणम्- 2007

अर्थात् उत्तररहितः प्रश्न एव प्रहेलिका वर्तते इति शृङ्गारप्रकाशे उक्तम्। पुनः सरस्वतीकण्ठाभरणे यथा–

प्रहेलिका सकृत्प्रश्नः सापि षोढा च्युताक्षरा।
दत्ताक्षरोभयं मुष्टिबिन्दुमत्यर्थवत्यपि।।[1]

प्रहेलिका सा वर्तते, यत्र सकृदेव प्रश्नः कृतः।

इयं प्रहेलिका क्रीडागोष्ठ्यां, मनोविनोदे, अथवा क्रीडागोष्ठ्यां मनोविनोदाय प्रहेलिकायाः ज्ञातृणां सभायां मन्त्रणायै, परेषां कृते ज्ञानं न भवति, तदर्थं प्रहेलिका उपयोगिनी भवति।

वस्तुतः प्रहेलिका काव्यदृष्ट्या महत्त्वं न एति, यतोहि एषा आवश्यकगुणैः हीना, विविधदोषैः च संवलिता भवति, तथापि विदग्धमण्डले यत्र वासनाविशेषेण संस्कारिताः जनाः भवन्ति, तत्र अस्याः दोषः समाप्तिं याति।

संयोगात् भोजेन निर्दिष्टाः प्रहेलिकाः शेषेषु चतुर्दशभेदेषु एव आयान्ति। सम्भवतः भोजेन केवलं कठिना एव उल्लेखयोग्याः महत्त्वपूर्णाः च स्वीकृताः, यतोहि सरलास्तु सरला एव। रुद्रटानुसारम्–

मात्राबिन्दुच्युतके प्रहेलिका कारकक्रियागूढे।
प्रश्नोत्तरादि चान्यत्क्रीडामात्रोपयोगमिदम्।।[2]

एषा षोढा भवति–

1. च्युताक्षरा 2. दत्ताक्षरा 3. च्युताक्षरादत्ताक्षरा 4. मुष्टि 5. बिन्दुमती 6. अर्थवती च्युताक्षरा यथा– (विहङ्गिका हारेण)

पयोधरभराक्रान्ता संनमन्ति पदे पदे।
पदमेकं न का याति यदि हारेण वर्जिता।।[3]

जलधारकेण घटभारेण आक्रान्ता प्रत्येकस्मिन् पदे नमन्तिसा का, या काहारेण वर्जिता भवति चेदेकमपि पदं तथैव न याति, यथा स्तनभारेण आक्रान्ता काचित् सुन्दरी प्रतिपदे नमन्ति, हारेण विना एकमपि पदं न याति। अत्र विहङ्गि काहारेण वर्जिता न याति इति वक्तव्यमासीत् किन्तु हारेण वर्जिता इत्युक्तम्। अत्र 'क' इति अक्षरं च्युतम्। तस्मादियं च्युताक्षरा प्रहेलिका वर्तते।

---

1. स.क.–2.133
2. रुद्रटकृद् काव्यलङ्कारः–5.24
3. स.क.–2.358

दत्तक्षरा यथा- (शबरः)

कान्तयानुगतः कोऽयं पीनस्कन्धो मदोद्धतः।
मृगाणां पृष्ठतो याति शम्बरः रूढयौवनः।[1]

प्रियया अनुयातः विस्तरस्कन्धयुतः मदमत्तः, नवयौवनेन पूर्णोऽयं शम्बरः कः यः मृगान् अनुसरति। इत्यर्थः।

अत्र 'शबरः' पदस्य 'शम्बरः' इत्यस्मिन् अनुस्वारः इति दत्तः। अतोऽत्र दत्ताक्षरा प्रहेलिकायाः भेदः।

च्युतदत्ताक्षरा यथा-

विदग्ध सरसो रागी नितम्बोपरि संस्थितः।
तन्वङ्ग्यालिङ्गितः कण्ठे कलं कूजति को विटः।।[2]

अत्यन्तः निपुणः, रसयुतः, प्रेमभावसम्पन्नः, नितम्बोपरि स्थितः, कृशाङ्ग्याः कण्ठेन गृहीतः कः धूर्तः अथवा विशेषतः मधुरमस्फुटं च ध्वनिं करोति, एतादृक् विटः कः? इत्यर्थः।

'विटः' इत्यत्र 'वि' इत्यस्य त्यागात् 'घ' इत्यस्य निवेशात् 'घटः कलं ध्वनिं करोति' इति अन्य एव अर्थो निःसरति। अतः अत्र 'घ' इत्यस्य निवेशात् 'वि' इत्यस्य च्युतत्वात् प्रहेलिकायाः च्युतदत्ताक्षराभेदो वर्तते।

श्लोकादेरक्षरव्यत्यासेन कथनमक्षरमुष्टिः।[3]

श्लोकादेः अक्षराणां वैपरीत्यात् कथनमेव अक्षरमुष्टिः। अक्षरमुष्ट्यां केचन एतादृशः वर्णाः भवन्ति येषां समुचितरीत्या निवेशात् सार्थकस्य श्लोकस्य निर्माणं कर्तुं शक्यते। यथा अक्षराणां मुष्टिः-

अतिः अतिः अन्म अलं प्रीद्य रद्य जद्य फद्य।
मेलामेला मेलं मेलं फसफसफसः।।[4]

---

1. स.क.-2.359
2. शृङ्गारप्रकाशः-दशमः प्रकाशः, पृ.-557, प्रथमो भागः, रेवाप्रसादो द्विवेदी, सदाशिवप्रसादो द्विवेदी इन्दिरागाँधीराष्ट्रियकलाकेन्द्रम्, नई दिल्ली, कालिदाससंस्थानम्, वाराणसी, प्रथमसंस्करणम्- 2007
3. शृङ्गारप्रकाशः-दशमः प्रकाशः, पृ.-558, प्रथमो भागः, रेवाप्रसादो द्विवेदी, सदाशिवप्रसादो द्विवेदी इन्दिरागाँधीराष्ट्रियकलाकेन्द्रम्, नई दिल्ली, कालिदाससंस्थानम्, वाराणसी, प्रथमसंस्करणम्- 2007
4. स.क.-2.361

अतीत्यादिभिः अक्षरैः एकस्य सार्थकश्लोकस्य निर्माणं विहितम्। यथा–

अद्य मे सफला प्रीतिरद्य मे सफला रतिः।
अद्य मे सफलं जन्म अद्य मे सफलं फलम्॥[1]

अनेन प्रथमेण अकारेण प्रथमेन द्यकारेण च सह अद्य इति, 'मेलम्'इत्यस्मात् मे इति, 'फसफसफस' इत्यतः 'सफ' तथा 'मेला' इत्यतः 'ला' इति गृहीत्वा 'सफला', 'प्रीद्य' अथ च 'अतिः' 'रद्य' इत्यतः 'प्रीतिरद्य' इति निर्मितम्। पुनः द्वितीयं 'मेलम्' इत्यतः 'मे' इति, 'फसफसफस' इत्यतः 'सफ' तथा 'मेला' इत्यतः 'ला' इति गृहीत्वा 'सफला', 'रद्य' 'अतिः' इत्यतः 'रतिः' इति, पुनः 'फसफसफस' 'सफ', 'मेलम्' इत्यततः लम् इति अतः सार्थकं पदं जातम्।

'जद्य' इत्यतः ज इति अन्म इत्यतः न्म इति अतः जन्म इति, पुनः मेलं इत्यतः मे इति। श्लोकस्य अर्थः वर्तते यत् अद्य मम प्रीतिः रतिश्च सफले जाते अथ च जीवनं फलं च सफलं जाते। **"यथास्थितस्वरानुस्वारविसर्गसंयोगस्योक्तार्थस्य च श्लोकादेः कादिवर्णस्थाने बिन्दुविनिवेशो बिन्दुमती।"**[2] अर्थात् यथाक्रमं स्थितैः स्वरानुस्वारविसर्गादिभिः संयुक्तः श्लोकादीनां कादिवर्णस्थाने बिन्दुनां सन्निवेशः बिन्दुमती उच्यते। यथा–

तवापवादः प्रत्यब्धि पताका प्रतिसङ्गरम्।
फलं प्रत्यद्भुतोपायं यशांसि न तु न क्वचित्॥[3]

भवतः शासनं प्रत्येकं सागरं यावत् वर्तते। प्रत्येकस्मिन् युद्धे भवत एव ध्वजा उपरि भवति। प्रत्येकेन अद्भूतोपायेन सह फलस्य प्राप्तिर्भवति। अथ च इदमपि नास्ति यत् भवतः यशांसि सर्वत्र नास्ति अपितु सर्वत्र भवतः कीर्तिः वर्तते।

उपर्युक्तश्लोकस्य कादिनां स्थाने बिन्दूनां निवेशः कृतः, अथ च स्वरानुस्वारदयः यथाक्रमम् एव सन्ति।

००।००।० :   ०००ि०००।०।०ि०००००

०

००००ु ो०।००। ि०००००ि्[4]

००

---

1. स.क.–2.362
2. शृङ्गारप्रकाशः
3. शृङ्गारप्रकाशः
4. शृङ्गारप्रकाशः

निर्भेदः-

ठुठठा ठुठठा ठाठा ठुंठुठे ठुंठुठे ठठा।
ठाठठे ठाठठे ठिंठिं ठंठंठिठठठिठीठठः॥

उदधावुदधावाज्ञा संयुगे संयुगे जयः।
साहसे साहसे सिद्धिः सर्वत्र तव कीर्त्तयः॥[1]

योऽर्थः पूर्वश्लोकस्य आसीत् सैवास्य वर्तते। केवलं वर्णपदेषु भिन्नत्वं वर्तते। द्वितीये श्लोके आगतानां अनुस्वारविसर्गस्वाराणाम्, स्थितिः यथावत् वर्तते। अत्र वर्णविन्यासे सुविधा भवति।

अर्थप्रहलिका यथा-

अर्थप्रहेलिकायां कानिचित् विशेषाणि एतादृशानि निवेशन्यते। येषां वास्तविक वस्तुना सहैव कस्यचित् अन्यविशेषेण सहापि अन्वयः भवति। अन्यैः सह अन्विते सति भ्रमोत्पद्यते। अर्थप्रहेलिकायां न तु अपेक्षितं वस्तु दीयते न च तत्र च्युतदत्ताक्षरावत् कश्चन रूपो भवति। अत्र अपेक्षितं वस्तु एव विचार्य अवगम्यते। अत्रापि सूचितम् पक्वाम्रफलस्य ज्ञानं द्वर्थकपदानां प्रयोगात् भवति। अतोऽत्र अर्थप्रहेलिका।

उत्तप्तकाञ्चनच्छायं संदष्टदशनच्छदम्।
सरसं चुम्ब्यते हृष्टैर्वृद्धैरपि किमुज्जवलम्॥[2]

अर्थात् तप्तस्वर्णवत् भासमत्, ओष्टाभ्यां दष्टं, रसपूर्णं शुभ्रं च तत् किं उज्जवलं यं वृद्धाः अपि प्रसन्नं भूत्वा चुम्बन्ति। गूढम्-

गुप्ताक्रियापदादिप्रयोगो गूढम्।[3]

अर्थात् गुप्तपदाभिप्रायवस्तुभिस्सह क्रियाकारकसम्बन्धान् गूढकरणात्वात् गूढार्थविदः गूढस्य षड् प्रकाराः कुर्वन्ति-

क्रियागूढं, कारकगूढं, सम्बन्धगूढं, वस्तुगूढं, पादगूढं, अभिप्रायगूढं, चेति।

गूढालङ्कारे क्रियायाः कारकस्य सम्बन्धस्य पदस्य अभिप्रायस्य वस्तुनश्चेति एतेषु कस्यचित् एकस्य गोपनं भवति। तत्र क्रियागूढं यथा-

स्तनजघनभराभिरामन्दं गमनमिदं मदिरारुक्षेणायाः।
कथमिव सहसा विलोकयन्तो मदनशरज्वरजर्जरा युवानः॥[4]

---

1. शृङ्गारप्रकाशः
2. शृङ्गारप्रकाशः
3. शृङ्गारप्रकाशः
4. शृङ्गारप्रकाशः

हे युवानः! स्तनजघनानां भारेण मनोरमं, मन्दं मन्दं, मदिरारुक्षेणायाः इदं गमनम् अवलोकयन्तोऽपि यूयं सहसा कथं कामबाणेन जीर्णाः न भवत इत्यर्थः।

श्लोकेऽस्मिन् अनवधानदृष्टिपातेन पूर्णे छन्दसि क्रियायाः प्रतीतिरेव न भवति। 'स्त' 'न' इति पदद्वयं 'जघन'पदेन सह इत्यं निवेशितं यस्मात् एतयोः 'स्त' इति क्रियापदं 'न' इति अव्ययपदं स्त इति स्वीकरणे एव असङ्गत्वं प्रतीयते। किन्तु इयं क्रिया एव वर्तते, या गोपिता अस्ति। अस्या गोपनादेव क्रियागूढता वर्तते।

कारकगूढं यथा–

पिबन्तस्ते शरावेण वारि कह्लारशीतलम्।
केनेमौ दुर्विदग्धेन हृदये विनिवेशितौ॥[1]

कमलशीतलं जलं शारावेण पानसमये केन मूर्खेण इमौ तव हृदये निविशितौ? इत्यर्थः।

अत्र "शरौ" इत्यस्मिन् कर्मकारकस्य गूढत्वात् इदं कारकगूढस्य उदाहरणम्।

अस्य श्लोकस्यार्थ कारकस्य स्पष्टत्वात् अन्य एव भवति। वस्तुतः अत्र 'शरौ एण' इति पदद्वयं संयोज्य शरावेण इति कृतम् यस्मात् 'शरौ' इत्यस्य द्वितीया विभक्ति गुप्ता। तृतीयान्तपदस्य च निर्माणं भवति। अतः 'शरौ एण' इति ज्ञाते अर्थो भवति– हे मृग! कमलात् शीतलजस्य पानसमये केन तव हृदये इमौ शरौ निवेशितौ। इति।

सम्बन्धगूढं यथा–

न मयागोरसाभिज्ञं चेतः कस्मात् प्रकुप्यसि।
अस्थानरुदितैरेभिरलमालोहितेक्षणे॥[2]

मम चेतः केनापि अपराधेण परिचितं नास्ति। त्वं किमर्थं मयि कुप्यसि? हे रक्तनेत्रे! अलं रुदितेन। इति अर्थः।

अत्र 'न मे आगोरसाभिज्ञं चेतः'– मम मनः केनापि अपराधेण परिचितं नास्ति।

सामान्यतः सम्बन्धस्य गणना कारकेषु एव भवति। अतः अस्य पृथग्तया निर्देशः नावश्यक आसीत्। किन्तु संस्कृते 'सम्बन्धसम्बोधनौ' प्रधानकारकौ न स्वीकृतौ। दत्तोदाहरणस्य छन्दसि 'न मे गोरसाभिज्ञम्' इत्यस्मिन् स्थले सन्धिं विधाय 'न मयागोरसाभिज्ञम्' इति रूपे आगते। 'षष्ठ्यन्त मे इति स्थाने तृतीयान्त

---

1. शृङ्गारप्रकाशः
2. काव्याद.–3.108

मया इत्यस्य भ्रमो भवति।

वस्तुगूढं यथा- (दासी असि)

पानीयं पातुमिच्छामि श्यामे कमललोचने।
यदि दास्यसि नेच्छामि न दास्यसि पिबाम्यहम्।।[1]

हे कमलाक्षि! अहं जलं पातुमिच्छामि। यदि दास्यसि चेत् नेक्ष्यामि, न दास्यसि चेत् पास्यामि। इति एकोऽर्थः अन्योऽर्थ दास्यसि इत्यस्य विच्छदे सति- यदि दासी असि चेत् नेक्ष्यामि, दासी नासि चेत् पास्यामि इति।

अत्र क्रियाद्वस्य साम्यमेव प्रतीयते। यदि एते क्रियां मत्वा अर्थः स्वीक्रियेत चेत् विरोधउत्पद्यते। किन्तु एते वस्तुतः संज्ञायां क्रियायां च संहृतरूपं वर्तते। "दास्यसि" इत्यत्र 'दासी+असि' इत्यस्मिन् रूपे अभीष्टः वर्तते, न च लृटः क्रियायाम्। दासी इति पदं गुप्तं भूत्वा क्रियायाः रूपे प्रतीयते। अतोऽत्र वस्तुगूढम् अस्ति।

पादगूढं यथा-

द्युवियद्गामिनी तारसंरावविहतश्रुतिः।
हैमीषुमाला शुशुभे विद्युतामिव संहतिः।।[2]

शिवेन प्रक्षिप्ता सुवर्णमयी संहतिः अन्तरालमये आकाशे सञ्चरनती आसीत्, स्वकीयोच्चस्वरेण कर्णविवरं भेदयती आसीत्। अथ च विद्युन्माला इव चकासती आसित्।

अत्र स्थितेभ्यः द्वितीयप्रथमसप्तमपञ्चमैकादशनवमत्रयोदशषोडषाक्षरैः गूढः चतुर्थपादः निःसारयितव्यः। यथा विद्युतामिव संहतिः इति पादगूढम्। अतः अत्र निर्दिष्टवर्णानां क्रमिकयोजनायाः चतुर्थपादः निःसरति। सम्पूर्णपाद एव गूढोऽस्ति। तस्मादत्र पादगूढः।

अभिप्रायगुढं यथा-

जइ देवरेण भणिआ खग्गं घेत्तूण राउलं वच्च।
ता किं सेवअवहुए हसिऊण वलोइअं असणं।।

(यदि देवरेण भणिता खड्गं गृहीत्वा राजकुलं व्रज।
तत्किं सेवकवध्वा हसित्वावलोकितं शयनम्।।)[3]

---

1. शृङ्गारप्रकाशः
2. किरातार्जुनीयम्-15.43
3. शृङ्गारप्रकाशः

यदि देवरेण कथिता यत् खड्गं गृहीत्वा राजकुलं गच्छ इति, तदा किमर्थं दासी हसित्वा शय्यां दृष्ट्वती।

अत्र इदं प्रकटितं यत् श्अनया दास्या विपरीतरत्याः चिह्नस्वरूपचरणेषु लग्नं लाक्षारसादिकं दृष्टम्। अतः अयं पुरुषकरणीयकर्मसु मां नियुङ्क्ते। अनेन अभिप्रायेणैव सेवकवध्वाः शय्यां प्रति दृष्टिरासीत्। अतोऽत्र अभिप्रायगूढं प्रहेलिकायाः भेदः लक्ष्यते। यथा भोजेन अस्य प्रहेलिकाया उत्तरे भणितम्–

निरीक्षितमनेनेह पुरषायितलक्ष्म च।
पादालाक्षादिकं तेन नियुङ्क्ते मां न कर्मणि।।[1]

अत्र निरीक्षितमनेनात्र पुरुषायितलक्ष्म पादलक्षादिकं, तेन नियुङ्क्ते मां नृकर्मणि इत्यभिप्रायेण वध्वा शयनावलोकनमित्यभिप्रायगूढम्।

रसस्य परिपन्थित्वालङ्कारः प्रहेलिका।।
उक्तिवैचित्र्यमात्रं सा च्युतदत्ताक्षरादिका।।[2]

अर्थात् रसविरोधात् प्रहेलिका नालङ्कारः। स च केवलं उक्तिवैचित्र्यं वर्तते। एतस्य च्युताऽक्षरा, दत्ताऽक्षरा, च्युतदत्ताऽक्षरादयः भेदाः भवन्ति।

उदाहरणम्–

कूजन्ति कोकिलाः साले यौवने फुल्लमम्बुजम्।
किं करोतु कुराङ्गाक्षी वदनेन निपीडिता।।

अर्थः– वृक्षे कोकिलः कूजति। यौवने कमलं विकसितमस्ति। मुखेन निष्पीडिता मृगनयना कि कुर्यात्?

अत्र 'रसाले' इति कथने 'साले' इति 'र' च्युतः। अतोऽत्र प्रहेलिकायाः भेदः– च्युताक्षरा लक्ष्यते।

'वने' इत्यत्र 'यौवने' इति 'यौ' दत्तः। वदनेन इत्यत्र मदनेन इति न च्युतः 'व' दत्तः। आदिशब्दात्क्रियाकारकगुप्तादयः।

तत्र क्रियागुप्तिर्यथा–

पाण्डवानां सभामध्ये दुर्योधन उपागतः।
तस्मै गां च सुवर्णं च सर्वाण्याभर्णानि च।।

अर्थः– पाण्डवानां सभां दुर्योधन आगतः। तस्मै दुर्योधनाय गां सुवर्णं सर्वाणि

---

1. शृङ्गारप्रकाशः
2. सा.द.–10.13

च आभूषणानि अत्र 'दुर्योधनः' इत्यस्मिन् 'आदुर्योऽधनः' इति। 'अदुः' इति क्रियागुप्तिः। एवमन्यात्रापि ज्ञातव्यम्।

भामहः प्रहेलिकां खण्डयति। कथयति च यत् इयं शास्त्रम् इव व्याख्यागम्या वर्तते। (काव्यालङ्कारः-2.20)। भामहानुसारं अस्या आदिव्याख्याता रामशर्माच्युतोऽस्ति। (1.29)

विश्वनाथेन प्रहेलिकायाः भेदत्रयं प्रतिपादितम्- च्युताक्षरा, दत्ताक्षरा, च्युतादत्ताक्षरा च।

ध्वनिवादिभिः प्रहेलिका अलङ्कारत्वेन न स्वीक्रियते। अन्यैश्च सर्वैः प्रहेलिका अलङ्कारोऽङ्गीक्रियते। काव्यं सुकुमारमतीनां कृते विरच्यते। तेषां रसास्वादे विघ्नोत्पादनात् अशक्यमस्यालङ्कारत्वं काव्ये। ये च सन्ति सहृदयाः, परिपक्वमतयः विद्वान्सश्च तेषां कृतेऽयं प्रहेलिकाऽलङ्कारः रसास्वादस्य विषयो भवितुं शक्नोति। तेऽत्रानन्दं प्राप्तुं शक्नुवन्ति। तेभ्यः चमत्कारोत्पाकोऽयं अलङ्कारः वर्तते। यदि अस्माभिः मन्यते यत् केवलं सुकुमारमतीभ्य उपदेशं दानमेवास्ति काव्यस्य प्रयोजनं चेदस्य अलङ्कारत्वं सिद्धं न भवितुं शक्यते। साहित्यदर्पणकारोऽपि वक्ति यत् परिपक्वमतिवद्भिः एतत् सेव्यमस्ति तदाऽस्यालङ्कारत्वं सिद्धं भवति।

भोजादिभिराचार्यैः यत् प्रहेलिकाया अलङ्कारत्वं प्रतिपादितम् तत् परिशीलवतां बुद्धिनां कृते आह्लादत्वमुत्पादयितुं एव इति मे धीः। किन्तु मम्मटादयः प्रहेलिका अलङ्कारत्वेन न स्वीकुर्वन्ति यतोहि एषा सुकुमारमतीनां रसास्वादने बाधामुत्पादयति।

एवमिह प्रहेलिकालङ्कारः समीक्षितः।

✦✦✦

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 17) ISSN : 0975-1769

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में योग की आवश्यकता

-डॉ. सुभद्रा झा
तिमारपुर, नई दिल्ली

[वर्तमानसन्दर्भे हि अष्टाङ्गयोगानां कीदृशी उपयोगिता वर्तते? किञ्च तस्य स्वरूपं विद्यते? इति विषयमवलम्ब्य लेखिका स्वविचारान् शोधलेखे प्रास्तौत्।]

इस संसार में सबसे अद्‌भुत कुछ है तो वह है ईश्वर के द्वारा मनुष्य की रचना। इस विश्वरूपी सागर में प्रत्येक मनुष्य अपना विशेष व्यक्तित्व लेकर जन्म लेता है इसलिए मनुष्य संसार के अन्य प्राणियों की अपेक्षा श्रेष्ठ है। मानव शरीर अद्‌भुत आश्चर्यों से भरा होता है इसके द्वारा ही भौतिक और आध्यात्मिक जगत् के अनेक चमत्कारों का ज्ञान होता है। जीवित रहने की इच्छा मानव जाति का सर्वोपरि सिद्धान्त है। इस सिद्धान्त की पूर्ति मानव शरीर द्वारा ही सम्भव है इसलिए इस शरीर का स्वस्थ रहना अत्यन्त आवश्यक है। हमारे शरीर को स्वस्थ रखने में योग महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अत्यन्त प्राचीन काल से ही मनुष्य ने योग के मर्म को अनुभव कर लिया था। जब हम योग का नाम लेते हैं तो हम अपनी चेतना को परम सत्य के साथ जोड़ने की बात करते है।[1] इस कलियुग में सामान्य व्यक्ति के लिए यह सम्भव नहीं कि वह घर छोड़कर किसी पर्वत या जंगल में एकान्त स्थान पर जाकर योगाग्भास करे आधुनिक युग की विशेषता है अल्पकालिक जीवन को सही ठंग से व्यतीत करने के लिए कड़ी मेहनत और घोर संर्घष करना। इस संघर्ष में मनुष्य तभी विजयी होता है जब उसका शरीर और मन दोनों स्वस्थ हों। शरीर और मन के बीच सनातन काल से परस्पर सम्बन्ध रहा है। शरीर का प्रभाव मन पर पड़ता है तथा मन का शरीर पर। योग हमारे मन और शरीर के बीच तादात्म्य स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह एकव्यक्ति को सभी आयामों

1. श्रीमद् भगवद् गीता यथारूप- श्री मद् ए. सी भक्तिवेदान्त स्वामी प्रभुपाद पृष्ठ सं. 236

पर मानसिक, सामाजिक और बौद्धिक स्तर पर उच्च कोटि की संवेदनशीलता प्रदान करता है।

इस व्यवहार जगत में जहाँ मनुष्य को अनेक विरोधी तत्त्वों से संघर्ष करना होता है उसके लिए मन को वश में कर पाना अत्यन्त कठिन है दिखावटी रूप में मनुष्य संतुलन बनाए रखने का प्रयास कर भी ले किन्तु स्वाभाविक रूप में ऐसा कर पाना कठिन है। कठोपनिषद् में कहा गया है-

आत्मानं रथिनं विद्धि शरीरं रथमेव च
बुद्धिं तु सारथिं विद्धि मनः प्रगृह्यमेव च
इन्द्रियाणि हयानाहुर्विषयास्तेषु गोचरान्
आत्मेन्द्रियमनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः॥[1]

अर्थात् प्रत्येक व्यक्ति इस भौतिक शरीर रूपी रथ पर आरुढ़ है और बुद्धि इसका सारथी है मन लगाम है तथा इन्द्रियाँ घोडे है इस प्रकार मन तथा इन्द्रियों की संगति से यह आत्मा सुख या दुःख का भोक्ता है यद्यपि बुद्धि को मन का नियन्त्रण करना चाहिए किन्तु मन इतना प्रबल और हठी है कि इसे अपनी बुद्धि से जीत पाना कठिन हो जाता है जिस प्रकार कभी-कभी अच्छी से अच्छी दवा द्वारा भी रोग वश में नही हो पाता है। ऐस ही प्रबल मन को सिर्फ योगाभ्यास द्वारा वश में किया जा सकता है।

योग शब्द संस्कृत के युज् धातु से बना है जिसका अर्थ है जुड़ना। यह जुड़ना ईश्वर से हो या स्वयं से या अपने लक्ष्य की प्राप्ति से।

विभिन्न दार्शनिकों ने योग के भिन्न-भिन्न अर्थ व्यक्त किए हैं जिन्हें यदि हम सम्यक् रूप से समझ ले तो जीवन काफी हद तक सुगम हो सकता है। श्री कृष्ण ने गीता में कहा है "योगः कर्मसु कौशलम्" जो कर्म सहज सुन्दर स्वाभाविक रूप से हो जाए वही योग है।[2]

महर्षि पतञ्जलि ने योगदर्शन में योग का लक्षण बताया है

योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः

अर्थात् चित की वृत्तियों का निरोध ही योग है। अन्य विषयों से चित्त को हटाकर एक ही विषय के प्रति चित्त को एकाग्र करना। ये चित्त की एकाग्रता योग के द्वारा ही लाई जा सकती है। किसी भी कार्य को सही ठंग से करने के लिए चित्त की एकाग्रता होना अत्यन्त आवश्यक है।

1. कठोपनिषद्-1.3.34
2. गीता-2.50

विवेकानन्द जी भी कहते थे कि तुम जो भी कार्य कर रहे हो पूरा दिमाग उसी में लगाओ। यदि तुम निशाना लगा रहे हो तो तुम्हारा ध्यान सिर्फ अपने लक्ष्य पर होना चाहिए। फिर आगे, पीछे, दाएँ, बाएँ कौन है सब भूल जाओ। निश्चित रूप से बेहतर और सकारात्मक परिणाम मिलेंगें। योग में भी इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि जो कुछ करो सच्चे हृदय से एकाग्रमन से तन्मय होकर करो मंजिल तुम्हारे समाने होगी।

इस तथ्य को यदि हम अपने सामाजिक जीवन में भी लागू करें तो काफी हद तक समस्याएँ हल हो सकती हैं जैसे जब हम किसी को समय दे रहे हैं खासतौर पर परिवार को तो जो सदस्य जिस कालखंड का अधिकारी है उसे वह पूरी तरह से दें उस समय से छेड़छाड़ न करें। दूसरा-जब भी किसी को सुनें शतप्रतिशत उदार रहें। लोग भरे पड़े हैं बोलने के लिए। आप खाली हो जाएँ सुनने के लिए प्रकृति का ये उसूल है वह वहाँ नहीं लौटाती जहाँ आप देते हैं लेकिन किसी न किसी रूप में अवश्य लौटाती है। ये सब सम्भव है योग के द्वारा।

योग के आठ अङ्गो में पहले पांच बहिरङ्ग है क्योंकि उनका सम्बन्ध विशेषतया बाहरी क्रियाओं से है आधुनिक युग में सांसारिक मनुष्य यदि इन पांच अङ्गों की विशेषता को अपने जीवन में सही ढंग से अपना ले तो वह निश्चित रूप से सभी तनावो से मुक्त होकर अपने जीवन का लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर सकता है।

सामान्यतः मनुष्य मन के व्यग्र होने पर ध्यान करने का प्रयास करते हैं परन्तु उन्हें सफलता नहीं मिलती इसका कारण यही है कि वह योग के बाहरी अङ्ग यम नियम आदि का पालन सही ढंग से नही करता। जैसे नीव के बिना मकान नहीं ठहर सकता वैसे ही यम नियम का पालन किए बिना ध्यान और समाधि का सिद्ध होना असम्भव है। ये बाहरी अङ्ग यम नियम आसन प्राणायाम और प्रत्याहार योग की नीव है इनके बिना कोई भी योग का अधिकारी नहीं हो सकता। मनुस्मृति में भी कहा गया है-

यमान् सेवेत् सततं न नियमान् केवलान् बुधः।
यमान् पतत्यकुर्वाणो नियमान् केवलान् भजन्॥[1]

बुद्धिमान् पुरुष नित्य निरन्तर यमों का पालन करता हुआ ही नियमों का पालन करे। केवल नियमों का पालन करने वाला यमों का पालन न करने से अपने लक्ष्य से साधन पथ से गिर जाता है। इसलिए नियम से पहले यम का पालन आवश्यक है।

1. मनुस्मृति-4/204

योग के इन पांच बहिः अङ्गो का वर्णन इस प्रकार है, यम- अंहिसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह, यम है।

1. अहिंसा- किसी को मन, वचन, कर्म से कष्ट न पहुँचाना अहिंसा है।

2. सत्य- अन्तःकरण और इन्द्रियों के द्वारा जैसा भाव हमारे मन में है वैसा ही प्रकट करना सत्य है।

3. अस्तेय- अन्याय पूर्वक किसी का धन, द्रव्य, अधिकार न लेना अस्तेय है।

4. ब्रह्मचर्य- शरीर और मन वचन कर्म एवं इन्द्रियों?

5. अपरिग्रह- आवश्यकता से अधिक धन सम्पत्ति योग विलास की वस्तुएँ एकत्र न करना अपरिग्रह है।

नियम- शौचसन्तोषतपःस्वाध्यायेश्वरप्रणिधानाानि नियमाः[1]

अर्थात् पवित्रता, सन्तोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर प्रणिधान पे पांच नियम है।

1. पवित्रता- पवित्रता दो प्रकार की होती है बाहरी और आंतरिक। जल मिट्टी साबुन आदि से पात्र, वस्त्र और शरीर के अङ्गों को शुद्ध और स्वच्छ रखना, शुद्ध सात्विक आहार से शरीर को सात्विक और निरोग रखना बाह्य पवित्रता है। ईष्या, अभिमान, घृणा काम क्रोध के त्याग से भीतरी पवित्रता आती है।

2. सन्तोष- सुख-दुःख, लाभ-हानि, अनुकूलता-प्रतिकूलता सब में प्रसन्नचित्त बने रहना संन्तोष है।

3. तप- मन और इन्द्रियो के संयम के लिए किए जाने वाले व्रत, उपवास आदि तप कहे जाते हैं।

4. स्वाध्याय- ओंकार सहित गायत्री मंत्र का जप वेद उपनिषद् आदि कल्याणकारी शास्त्रों का अध्ययन स्वाध्याय है।

5. ईश्वर प्रणिधान- मन वचन और शरीर द्वारा ईश्वर की भक्ति ईश्वर प्रणिधान है।

---

1. योगदर्शन-2/32 साधनपाद
2. योगदर्शन-2/46 साधनपाद
3. योगदर्शन-2/49 साधनपाद

आसन– स्थिर सुखमासनम्[2] आराम् से स्थिर होकर बिना हिले डुले बैठना आसन है।

प्राणायाम – तस्मिन् सति श्वासप्रश्वासयोर्गतिविच्छेदः प्राणायामः।।[3]

आसन से स्थिर हो जाने पर श्वास प्रश्वास की गति को रोकना प्राणायाम है। बाहर की वायु का नासिका द्वारा अन्दर प्रवेश करना श्वास है और भीतर की वायु का बाहर निकलना प्रश्वास है। प्राणायाम अनुभवी योगियों से ही सीखना चाहिए नहीं तो इससे शारीरिक हानि भी हो सकती है।

प्रत्याहारः– स्वविषयासम्प्रयोगे चित्तस्यस्वरूपानुकार इवेन्द्रियाणां प्रत्याहारः।[1]

विमुख होना। इसमें इन्द्रियों अपने बहिर्मुखी विषयों से पीछे हटकर अन्तर्मुखी होती है इस कारण इसे प्रत्याहार कहा गया है। प्रत्याहार से मनुष्य की इन्द्रियाँ वश में हो जाती है।

महर्षि पतञ्जलि ने योग दर्शन में योग का लक्षण बताया है – योगश्चित्तवृत्ति निरोधः[2] अर्थात् योग के मुख्य रूप से आठ अङ्ग बताए गए है– यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि। इनमें पहले पांच बाह्य अङ्ग है बाकी तीन अन्तरङ्ग है। योग के तीन अन्तरङ्ग अङ्ग धारणा, ध्यान, समाधि का प्रयोग सभी कार्यो में होता है। इनमें प्रथम धारणा अर्थात एकाग्रता है जब योगाभ्यास द्वारा हमारा चित्त एकाग्र हो जाता है तो एक प्रकार से ध्यान की अवस्था में हम अवस्थित हो जाते हैं।

विवेकानन्द जी भी कहते थे कि तुम जो भी कार्य कर रहे हो पूरा दिमाग उसी में लगाओ। यदि तुम निशाना लगा रहे हो तो तुम्हारा ध्यान सिर्फ अपने लक्ष्य पर होना चाहिए फिर आगे, पीछे दाएँ बाएँ कौन है सब भूल जाओ। निश्चित रूप से बेहतर और सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। योग में भी इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि जो कुछ करो सच्चे हृदय से एकाग्रमन से तन्मय होकर करो तो मंजिल तुम्हारे सामने होगी। जब हम ध्यान में अवस्थित हो जाते हैं तो हमारा मन इस तरह निमग्न हो जाता है। कि हम ध्येय प्राप्ति के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित हो जाते हैं इसी अवस्था को समाधि कहते हैं। किसी भी कार्य को सम्पन्न होने में ये तीनों धारणा, ध्यान समाधि अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। न केवल आध्यात्मिक ज्ञान के लिए अपितु लोक व्यवहार के लिए भी।[3]

---

1. योगदर्शन–2/54 साधनपाद
2. पातञ्जलय योग दर्शन–समाधिपाद–सूत्र 2
3. योगाङ्क–गीता प्रेस गोरखपुर

हर मनुष्य की इच्छा स्वयं से और पर्यावरण से सामञ्जस्य बैठा कर जीवित रहने की होती है। परन्तु मनुष्य की महत्त्वाकांक्षाओं ने उसके जीवन से शांति को खत्म कर दिया है जिसके परिणामस्वरूप वह व्यग्र और व्याकुल रहने लगा है उनमें संयम का निरन्तर अभाव होता जा रहा है। हर कोई स्वयं को श्रेष्ठ साबित करने में लगा है। जिन्दगी की दौड़ में कहीं पिछड़ न जाऐं इस भावना नें उसे और अधिक व्यग्र बना दिया है। मानवीय संवेदनाएँ और नैतिक मूल्यों का निरन्तर ह्रास हो रहा है। महत्त्वाकांक्षा को ओट में मनुष्य ने अपनी आवश्यकताएँ भी बढ़ा ली है। जिसके पूर्ण न होने पर उसके अन्दर विभिन्न तरह की उलझने उत्पन्न होती हैं जो निरन्तर विषाद और हताशाओं को जन्म देती हैं ऐसी स्थिति में योग मनुष्य की हताशा और विषाद को दूर करके, उसमें स्थिरता लाता है और शांति प्रदान करता है। वास्तव में योग एक मनोदशा है एक भाव है, एक जुड़ाव है। इस भाव और जुड़ाव को अनुभव करने की आवश्यकता है। इसके अनुभव से हमारी मनोदशा काफी हद तक बदल जाती है। हममें (व्यक्ति में) सकारात्मक बदलाव आता है। योग हमारी व्यक्तिगत विशेषता को निखारकर बाहर लाती है। योग का सम्बन्ध केवल धर्म, कर्म, परमात्मका की प्राप्ति या मोक्ष प्राप्ति से नही है अपितु इसका सम्बन्ध हमारी सोच से भी है। जो जिन्दगी में सही ढंग से आगे बढ़ने में हमारी मदद करता है।[1]

वास्तव में योग एक जीवन शैली है। मनुष्य चाहे तो उसका सम्पूर्ण जीवन ही योगमय हो सकता है। इस क्लेशमय संसार में रहते हुए शांति का अनुभव कर सकता है। जैसे नदी जहाँ पर अधिक गहरी होती है वहाँ बिल्कुल शान्त और स्थिर होती है वैसे ही मनुष्य को शान्ति प्राप्त करने के लिए और मानसिक तनाव को दूर करने के लिए अपने अन्दर गहराई के भाव को लाना होगा। मन की गहराई एवं हृदय की शान्ति योग और ध्यान के द्वारा लाई जा सकती है। योग के माध्यम से हमारे अङ्ग प्रत्यङ्ग का व्यायाम हो जाता है जिससे हमारे अन्दर के विकार स्वयं ही बाहर निकल जाते हैं। जब शरीर के विकार स्वयं ही बाहर आ जाएंगे तो मन में शांति का अनुभव होना स्वाभाविक ही है। योग स्वयं के बारे में समझ जीवन का प्रयोजन और ईश्वर से हमारा तादात्म्य स्थापित करने में सहायता करता है। यह जीवन का प्रकाश है विश्व की चेतना है जो सदैव सजग रहते हुए मनुष्य को भी सजग रहने को प्रेरित करती है।

✦✦✦

1. दैनिक भास्कर समाचार पत्र-जीने की राह-पं. विजयशंकर मेहता

संस्कृत-विमर्शः 2019 (अङ्कः 17) ISSN : 0975-1769

भारतेन्दु और उनका 'मुद्राराक्षस'

-डॉ. मंजुला दास
सहाचार्या एवं कार्यवाहक प्राचार्या
सत्यवती महाविद्यालय, दिल्ली

[संस्कृतनाटकसाहित्ये मुद्राराक्षसस्य विशिष्टस्थानं विद्यते। तस्य हिन्दीभाषायाम् अनुवादः भारतेन्दु-महोदयेन कृतमस्ति। अस्मिन् लेखे नाटकवैशिष्ट्यं, नाट्यशास्त्रीयविषयाः सम्यक् निरूपिताः।]

'मुद्राराक्षस' विशाखदत्त कृत प्रसिद्ध संस्कृत-नाटक है, जिसका प्रथम हिन्दी-अनुवाद भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा प्रस्तुत किया गया था। नाटक की प्रस्तावना में उपलब्ध उल्लेख के अनुसार विशाखदत्त सामन्त वटेश्वरदत्त के पौत्र तथा महाराज भास्करदत्त के पुत्र थे।[1] कुछ विद्वानों ने, जो 'भास्कर' के स्थान पर 'पृथु' को शुद्ध पाठ मानते हैं, इन्हें अजमेर के राजा पृथुराय से सम्बद्ध माना है। इनमें पाश्चात्य विद्वान् विल्सन मुख्य हैं। पाटलिपुत्र के प्रति विशाखदत्त की आस्था और काश, हंस, हिम आदि के उल्लेख के आधार पर उन्हें उत्तर भारत का निवासी माना गया है। वह वैदिक धर्म के अनुयायी थे, इसीलिये मंगलाचरण के श्लोक में उन्होंने शिव की उपासना की है। चतुर्थ अंक में राक्षस ने जीवसिद्धि के दर्शन को अशुभ माना है, जिससे यह संकेत मिलता है कि बौद्धों के प्रति वह उतने सहिष्णु नहीं थे।

विशाखदत्त के स्थिति-काल के विषय में विभिन्न मत हैं। इस सन्दर्भ में सर्वप्रथम 'मुद्राराक्षस' के भरतवाक्य के अन्तर्गत 'चन्द्रगुप्त' का उल्लेख अन्तःसाक्ष्य के रूप में द्रष्टव्य है-

वाराहीमात्मयोनेस्तनुमतनुबलामास्थितस्यानुरूपां!
यस्य प्राग्दन्तकोटिं प्रलयपरिगतां शिश्रिये भूतधात्री॥
म्लेच्छैरुद्विज्यमाना भुजयुगमधुना पीवरं राजमूर्तेः।
स श्रीमद्बन्धुभृत्यश्चिरमवतु महीं पार्थिवश्चन्द्रगुप्तः॥

---

1. आज्ञापितोखस्मि परिषदा यथाद्य त्वया सामन्तवटेश्वरदत्तपौत्रास्य महाराज भास्करदत्तसुनोः कवेर्विशाखदत्तस्य कृतिरभिनवं मुद्राराक्षसं नाम नाटक...।

अन्तिम शब्द 'चन्द्रगुप्त' को प्रामाणिक मानने वाले विद्वान् उन्हें चन्द्रगुप्त द्वितीय (375-413 ई.) के समय का मानते हैं तथा कालिदास का भी उनसे सम्बन्ध जोड़ देते हैं। 'मुद्राराक्षस' के प्रसिद्ध टीकाकार ढुण्डिराज इस भरतवाक्य को नाटक के पात्र चन्द्रगुप्त मौर्य का यशोगान मानते हैं, पर इस मन्तव्य को इस आधार पर अस्वीकार किया गया है कि चन्द्रगुप्त मौर्य की यत्र-तत्र प्रशंसा होने पर भी प्रस्तुत कृति में राक्षस, मलयकेतु आदि विरोधी पात्रों ने उसकी पर्याप्त निन्दा की है। स्वयं चाणक्य उसे 'वृषल' जैसे निन्दनीय नाम से पुकारता है जिससे चन्द्रगुप्त के विशाखदत्त का आश्रयदाता होने के विषय में सन्देह उपजता है। 'चन्द्रगुप्त' के स्थान पर 'अवन्तिवर्मा', 'दन्तिवर्मा' अथवा 'रन्तिवर्मा' पाठ को शुद्ध मानने वाले विद्वानों ने उन्हें कन्नौज या काश्मीर से सम्बद्ध मानकर नवम शताब्दी में उनका स्थिति-काल स्वीकार किया है। डॉ. कीथ तथा डॉ. दासगुप्त का यही मन्तव्य है। किन्तु, काश्मीर के राजा को 'मुद्राराक्षस' में म्लेच्छ कहा गया है तथा भरतवाक्य में उल्लिखित म्लेच्छों का आक्रमण अवन्तिवर्मा आदि के समय नहीं हुआ था। इसके विपरीत चन्द्रगुप्त द्वितीय 'शकारि' के नाम से प्रसिद्ध रहे हैं। डॉ. जायसवाल ने विशाखदत्त की समासरहित सरल शैली को देखकर उनका समय छठी शताब्दी के पूर्व निर्धारित किया है जो इस मत के अनुकूल है। साथ ही उन्होंने यूनानी सेनापति सेल्यूकस के नाम का पहले 'शलयकेतु' और पश्चात् 'मलयकेतु' के रूप में नामान्तर स्वीकार किया है। श्री कृष्णाचार्य तो 'मुद्राराक्षस' की मूल प्रेरणा चन्द्रगुप्त द्वितीय के हूणों और शकों के साथ हुए युद्ध को ही मानते हैं, क्योंकि चन्द्रगुप्त मौर्य के समय में हूणों का आक्रमण नहीं हुआ था। एक अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि 'देवीचन्द्रगुप्त' नामक विशाखदत्त का एक अन्य नाटक भी प्राप्त हो चुका है, जो पूर्णतया चन्द्रगुप्त द्वितीय के जीवन पर आधारित है और उनके चरित्र की निष्कलंकता को सप्रयास सिद्ध करता है। विशाखदत्त और चन्द्रगुप्त द्वितीय का समकालिक होना इससे भी सिद्ध होता है।

'मुद्राराक्षस' के हिन्दी-रूपान्तरकार भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (1850-1885 ई.) ने मौलिक और अनूदित दोनों प्रकार के नाटकों की रचना की है। 'सत्य हरिश्चन्द्र', 'नीलदेवी', 'वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति', 'भारत-दुर्दशा' आदि उनके मौलिक नाटक हैं। प्राचीन गाथाओं द्वारा जनता को राष्ट्रीय-सांस्कृतिक उद्‌बोध प्रदान करना उनका मुख्य उद्देश्य था। भाषा का रूप अधिक प्रखर न होने पर भी उनकी शैली में उल्लेखनीय विदग्धता थी। अनूदित नाटकों में उन्होंने शब्दानुवाद का आश्रय न लेकर भाव-रूपान्तरण पर बल दिया है। जहाँ आवश्यकता समझी, वहाँ उन्होंने अपनी ओर से भी कुछ जोड़ दिया। नान्दी, प्रवेशक और पद्यों के अनुवाद में इस प्रवृत्ति को सहज ही लक्षित किया जा

सकता है। उनकी अनूदित रचनाओं में 'विद्यासुन्दर' (1868), 'पाखण्डन विडम्बन' (1872), 'धनंजय-विजय' (1873), 'कर्पूरमंजरी' (18750) तथा 'मुद्राराक्षस' (1878) उल्लेखनीय हैं। 'मुद्राराक्षस' में भी अनुवादक की रुचि यथासम्भव सहजता की ओर रही है। इसीलिये ज्योतिषशास्त्र और राजनीति से सम्बन्धित प्रसंगों की उन्होंने मौलिक व्याख्या भी प्रस्तुत कर दी है। प्रस्तुत सन्दर्भ में इसी अनूदित कृति के आधार पर विशाखदत्त की नाट्यकला और भारतेन्दु की अनुवाद-पद्धति का विवेचन अभीष्ट है।

भारतीय नाट्यशास्त्र की दृष्टि से समीक्षा

सामान्यतः नाट्यविवेचन में सम्प्रति पाश्चात्य नाट्यशास्त्र का अवलम्बन लिया जाता है, किन्तु प्रस्तुत कृति में भारतीय नाट्यशिल्प का निर्वाह ही सर्वप्रथम ध्यान आकृष्ट करता है। भारतीय नाट्यशास्त्र के आधारभूत तत्त्व हैं- वस्तु, नेता और रस।

वस्तु

नाटक के मूल कथ्य को 'वस्तु' कहते हैं, जो तीन प्रकार की होती है- ऐतिहासिक, काल्पनिक तथा इतिहास-कल्पना-मिश्रित। 'मुद्राराक्षस' का कथानक यद्यपि इतिहास-सम्मत है, तथापि विभिन्न सन्दर्भों में कल्पना का आश्रय लिये जाने के फलस्वरूप इसे 'मिश्रित' कहना ही उचित होगा। कथा-गठन की दृष्टि से विचार करने पर सर्वप्रथम आधिकारिक और प्रासंगिक कथाओं की ओर ध्यान जाता है। नाटक के मुख्य कथानक अर्थात् आधिकारिक कथावस्तु के अन्तर्गत सामान्यतः प्रमुख पात्रों के क्रियाकलाप का वर्णन रहता है, जबकि प्रासंगिक कथाओं से अभिप्राय उन विभिन्न संक्षिप्त सन्दर्भों से हैं, जो मुख्य कथानक को गति प्रदान करते हैं। 'मुद्राराक्षस' में चाणक्य द्वारा राक्षस को चन्द्रगुप्त का मन्त्री बनाने के लिए किये गये प्रयत्न और राक्षस की विफलता आधिकारिक कथा से सम्बद्ध प्रसंग हैं तथा मलयकेतु, भागुरायण, चन्दनदास आदि से सम्बद्ध कथांश नाटककार की उद्देश्य-सिद्धि में सहायक होने के कारण प्रासंगिक कथाओं के रूप में गणनीय हैं।

कथावस्तु का विभाजन दृश्य और सूच्य, इन दो आधारों के अनुसार भी किया जाता है। दृश्य कथा को रंगमंच पर दर्शकों के सम्मुख प्रत्यक्ष रूप में प्रस्तुत किया जाता है जबकि सूच्य कथा किसी भी पात्र द्वारा सूचित कर दी जाती है। 'मुद्राराक्षस' में प्रत्यक्ष घटनाक्रम कम है, अधिकांश घटनाएँ सूच्य ही हैं। उदाहरणार्थ राक्षस के कार्य-साधन में प्रवृत्त विषकन्या, दारुवर्म्म आदि की जिस भाँति मृत्यु हुई, उसे गुप्तचर विराधगुप्त द्वारा राक्षस के समक्ष सूच्य-रूप में ही

प्रस्तुत किया गया है। सूच्य कथावस्तु की योजना के लिए नाटक में विष्कम्भक, अंकास्य, चूलिका, प्रवेशक, अंकावतार आदि का विधान रहता है। विशाखदत्त ने इनमें से प्रथम दो को प्रस्तुत नाटक में स्थान नहीं दिया, किन्तु अन्य उपकरणों को उन्होंने यथास्थान ग्रहण किया है। चूलिका अथवा नेपथ्य की योजना इसमें आद्यन्त लक्षित की जा सकती है। चतुर्थ और पंचम अंकों के आरम्भ में पूर्व-घटित घटनाक्रम की सूचना देने के निमित्त 'प्रवेशक' का भी सफल समावेश हुआ है। इसी प्रकार सप्तम अंक में 'अंकावतार' की स्थिति है, क्योंकि इसमें छठे अंक में सूचित घटनावली को स्थान प्राप्त हुआ है।

कथानक में प्रभाव अथवा नाटकीयता के समावेश के लिए भारतीय नाट्यशास्त्र में संवादों की विशिष्ट पद्धति से योजना पर भी बल दिया गया है। इस दृष्टि से कथावस्तु के तीन भेद किये गये हैं- श्राव्य, अश्राव्य तथा नियतश्राव्य। 'श्राव्य' को रंगमंच पर उपस्थित पात्र तथा सभी दर्शक सुन सकते हैं, 'अश्राव्य' अर्थात् स्वगत को बोलने वाला पात्र ही सुन सकता है और 'नियतश्राव्य' कुछ विशेष पात्रों की श्रवण-सीमा में ही आते हैं। वर्तमान काल में इनमें से 'श्राव्य' को ही महत्त्व प्राप्त है- अन्य दोनों प्रकार के संवादों से युक्त कथावस्तु को मनोविज्ञान के विरुद्ध समझा जाता है। किन्तु, 'मुद्राराक्षस' में उपर्युक्त तीनों प्रकार के संवादों की योजना मिलती है।

'मुद्राराक्षस' में नान्दी-पाठ, प्रस्तावना, भरतवाक्य आदि का नियोजन भी भारतीय नाट्यशास्त्र के अनुरूप हुआ है। नान्दी-पाठ को 'प्रस्तावना' के अन्तर्गत स्थान देते हुए नाटककार ने उसके उद्घात्यक, कथोद्धत, प्रयोगतिशय, प्रवर्तक और अवगलित नामक भेदों में से उद्घात्यक को स्थान दिया है। सूत्रधार द्वारा चन्द्रग्रहण के पक्ष में कथित 'चन्द्र बिंब पूरन भए...' प्रभृति शब्दों का चाणक्य द्वारा चन्द्रगुप्त के पक्ष में अर्थ-ग्रहण होने से 'मुद्राराक्षस' में उद्घात्यक प्रस्तावना की स्थिति सहज स्पष्ट है, जिसका संकेत सूत्रधार की इस उक्ति में भी मिलता है-

चन्द्रग्रहण को नाम सुनत निज नृप को मानी।
इतही आवत चन्द्रगुप्त पै कछु भय जानी॥

कथावस्तु को उत्कर्ष प्रदान करने वाले अर्थात् उद्देश्य-सिद्धि में सहायक कुछ अन्य तत्त्व भी नाटक में अपेक्षित होते हैं। ये हैं- अर्थप्रकृतियाँ, कार्यावस्थाएँ, नाट्यसन्धियाँ तथा नाट्यवृत्तियाँ। विशाखदत्त ने 'मुद्राराक्षस' के कथा-गठन को प्रभावी बनाने के लिए इनके नियोजन की ओर यथास्थान ध्यान दिया है।

अर्थप्रकृतियाँ- भारतीय नाट्यशास्त्र के अनुसार नाटक की कथा पाँच सोपानों में विभाजित रहती है- 'बीज' के अन्तर्गत कथानक का मुख्य आरम्भिक

भाग आता है, 'बिन्दु' कथानक की विकासावस्था के आरम्भ से सम्बद्ध है, 'पताका' अर्थात् मुख्य प्रासंगिक कथा आधिकारिक कथा के साथ-साथ विकासमान रहती है, 'प्रकृरी' के अन्तर्गत गौण अर्थात् प्रासंगिक कथांश आते हैं और 'कार्य' से नाटक के मुख्य उद्देश्य की सिद्धि अभिप्रेत है। 'मुद्राराक्षस' में इन अर्थप्रकृतियों का सन्धान सरलता से हो जाता है। प्रथम अंक में चाणक्य जहाँ राक्षस को चन्द्रगुप्त का मन्त्री बनाने का निश्चय करता है, वहाँ 'बीज' है। 'बिन्दु' के अन्तर्गत चाणक्य को राक्षस की मुद्रा प्राप्त होना, शकटदास से धोखे से पत्र लिखवाना, राक्षस का कुटुम्ब सौंपने के लिए चन्दनदास पर दवाब डालना और अन्ततः उसे बन्दी बना लेना प्रभृति घटनाओं का उल्लेख किया जा सकता है। सिद्धार्थक तथा भागुरायण चाणक्य के पक्ष में जो कार्य करते हैं, उन्हें 'पताका' में परिगणित किया जा सकता है। 'प्रकरी' के अन्तर्गत चन्द्रगुप्त और चाणक्य के कृत्रिम वाग्यु और राक्षस को इसकी प्रतीति से सम्बद्ध घटनाक्रम आता है। राक्षस द्वारा विवश भाव से चन्द्रगुप्त का अमात्य-पद ग्रहण करना 'कार्य' है।

कार्यावस्थाएँ- अर्थप्रकृतियों की भाँति कथा-विकास को कार्यावस्थाओं में भी विभाजित किया जाता है। इनकी संख्या भी पाँच है- प्रारम्भ, प्रयत्न, प्राप्त्याशा, नियताप्ति और फलागम। प्रस्तुत नाटक में चाणक्य को राक्षस की मुद्रा प्राप्त होने तक की घटना 'प्रारम्भ' के अन्तर्गत आती है। 'प्रयत्न' में चाणक्य द्वारा मलयकेतु और राक्षस में विरोध उत्पन्न कराना, शाकटदास के वध का मिथ्या अभिनय करना आदि घटनाएँ आ जाती हैं। 'प्राप्त्याशा' के रूप में राक्षस द्वारा आक्रमण की योजना और चन्द्रगुप्त तथा चाणक्य की मिथ्या विग्रहावस्था का उल्लेख किया जा सकता है। चाणक्य द्वारा राक्षस की योजनाओं को असिद्ध कर देना 'नियताप्ति' और राक्षस द्वारा चन्द्रगुप्त का मन्त्रित्व ग्रहण कर लेना 'फलागम' है। 'मुद्राराक्षस' में कथानक की ये विकास-अवस्थाएँ अत्यन्त सहज रूप में अन्तःसम्बद्ध रही हैं।

नाट्यसन्धियाँ- मुख्य तथा गौण कथाओं में सम्बन्ध-स्थापना नाट्यसन्धियों का कार्य है। 'सन्धि' का आधारभूत तत्त्व है- कार्यावस्थाओं और अर्थप्रकृतियों का पारस्परिक सहयोग। फलस्वरूप इसके भी पाँच सोपान होते हैं- मुख सन्धि, प्रतिमुख सन्धि, गर्भ सन्धि, विमर्श सन्धि और निर्वहण सन्धि। 'प्रारम्भ' और 'बीज' के विन्यास को 'मुख सन्धि' कहते हैं। 'मुद्राराक्षस' में सूत्रधार के गमन के पश्चात् जब चाणक्य रंगमंच पर प्रवेश करता है और राक्षस को लक्षित करके स्वगत कहता है कि इसी से तो हम लोग इतना यत्न करके तुम्हें मिलाना चाहते हैं कि तुम अनुग्रह करके चन्द्रगुप्त के मन्त्री बनो[1] वहाँ 'प्रारम्भ' नाम्नी कार्यावस्था है। इस लक्ष्य की सिद्धि के लिए प्रथम अंक में ही उसे समस्याओं में उलझा

1. मुद्राराक्षस, प्रथम अंक, पृ. 50

हुआ दिखाकर भावी उद्योग की बीज-सृष्टि की गई है। सन्धि-प्रकरण में इसी को 'मुख सन्धि' कहा जायेगा। 'प्रतिमुख सन्धि' में 'बिन्दु' और 'प्रयत्न' का संयोग होता है। चाणक्य द्वारा जाली पत्र लिखवाने का प्रयत्न तथा चन्दनदास का पकड़ा जाना इसी सन्धि के अन्तर्गत आनेवाली घटनाएँ हैं, क्योंकि ये फल-प्राप्ति के लिए साधन-स्वरूप हैं। 'गर्भ सन्धि' में 'पताका' और 'प्राप्त्याशा' का योग रहता है। इसमें 'बीज' के उद्यमों के असफल होने की आशंका रहती है, पर पुनः उसी में आस्था दृढ़ हो जाती है। जब द्वितीय अंक में हमारा साक्षात्कार राक्षस की कुटिल राजनीति से होता है, तो फल के नष्ट हो जाने की शंका रहती है, किन्तु विराधगुप्त द्वारा राक्षस की योजनाओं की विफलता की सूचना पाने से हम पुनः आशान्वित हो जाते हैं। 'प्रकरी' तथा 'नियताप्ति' के सहयोग से 'विमर्श सन्धि' का निर्माण होता है। इस सन्धि में फल के विपक्ष का प्राधान्य रहता है। यद्यपि तृतीय अंक में चाणक्य और चन्द्रगुप्त का विरोध मिथ्या है, किन्तु उसके सत्य हो जाने की शंका रहती है; फलस्वरूप वहाँ 'विमर्श सन्धि' है। यदि राक्षस-पक्ष पर विचार किया जाये, तो मलयकेतु और राक्षस में विरोध-सृष्टि भी इसी स्थिति की सूचक है। 'निर्वहण सन्धि' के अन्तर्गत 'कार्य' और 'फलागम' का योग रहता है। 'मुद्राराक्षस' के अन्तिम अंक में राक्षस का आत्मसमर्पण इसी सन्धि का द्योतक है।

नाट्यवृत्तियाँ- भरत मुनि ने नाट्यवस्तु में 'वृत्ति' अथवा 'अर्थवृत्ति' को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया है। वृत्ति के चार भेद मान्य हैं- 1. कैशिकी (सुकुमार-चेष्टायुक्त प्रसंग, यथा- नृत्य, गीत, शृंगार-प्रकरण), 2. सात्त्वती (उग्र भावों से सम्बद्ध अर्थात् वीर, रौद्र आदि रसों में प्रयुक्त वृत्ति), 3. आरभटी (छलकपटपूर्ण सन्दर्भों का विन्यास), 4. भारती (प्रधान वृत्ति, जो सभी रसों में प्रयुक्त होती है)। 'मुद्राराक्षस' का कथानक राजनीतिक घात-प्रतिघात पर आधारित है और इसमें छल, कपट, हत्या आदि प्रसंगों का बाहुल्य है; फलस्वरूप इसमें आरभटी वृत्ति को स्थान प्राप्त हुआ है। किन्तु, प्रस्तुत कथानक का साध्य शुभ है और समस्त कुटिल साधन उसी सात्त्विक साध्य को प्राप्त करने के लिए उपयोग में लाये गये हैं; अतः आरभटी वृत्ति के साथ ही इसमें सात्त्वती का भी संयोग है। इस सन्दर्भ में यह ज्ञातव्य है कि सात्त्वती वृत्ति के चार भेदों- उत्थापक, परिवर्तक, संलापक और संघातक-में से 'मुद्राराक्षस' में 'संघातक' को स्थान प्राप्त हुआ है। 'संघातक' की स्थिति तब होती है जब नाट्यवस्तु में संघर्ष का बीजवपन या तो मित्र-हित के लिए हो अथवा सम्बद्ध पात्र की नियति उसे अनायास उसी ओर प्रवृत्त करे। आलोच्य कृति में चाणक्य और राक्षस के विराध के मूल में स्वामी के प्रति हितेच्छा तो विद्यमान है ही; राक्षस इस विरोध का मूल कारण भाग्य को भी

मानता है। अतः यह स्पष्ट है कि विशाखदत्त ने 'मुद्राराक्षस' की नाट्यवस्तु के संयोजन में भारतीय नाट्यशास्त्र के तत्त्वों का भलीभाँति निर्वाह किया है।

नेता- भारतीय नाट्याचार्यों ने नाटक में नायक अथवा नेता के पद को सर्वाधिक गौरवपूर्ण माना है। दशरूपककार ने 'नेता' की गुणावली का निर्धारण इन शब्दों में किया है-

नेता विनीतो मधुरस्त्यागी दक्षः प्रियंवदः।
रक्तलोकः शुचिर्वाग्मी रूढवंशः स्थिरो युवा॥

बुद्धयुत्साहस्मृतिप्रज्ञाकलामानसमन्वितः।
शूरो दृढश्च तेजस्वी शास्त्रचक्षुश्च धार्मिकः॥

नायकों को विविध गुणों के आधार पर चार कोटियों में विभाजित किया गया है-

1. धीरललित- मृदुभाषी और कलाप्रिय व्यक्ति।
2. धीरप्रशान्त- द्विजादि की भाँति आचरणशील।
3. धीरोदात्त-तेजस्वी, गम्भीर, अहंकार-रहित और सहिष्णु।
4. धीरोद्धत- कठोर स्वभाववाला, जिसमें गर्व और ईर्ष्या का सम्मिश्रण हो।

'मुद्राराक्षस' में प्रायः पच्चीस पुरुष-पात्र हैं, स्त्री-पात्रों की संख्या नगण्य है। इनमें से नायक कौन है, यह प्रश्न पर्याप्त विवादास्पद है। सामान्यतः इस सन्दर्भ में तीन नाम प्रस्तावित किये जाते हैं- चन्द्रगुप्त, राक्षस और चाणक्य। नायक के लिए तीन गुण आवश्यक हैं- एक तो वह कथा का सूत्रधार होता है; दूसरे, पुरुष-पात्रों में उसका स्थान प्रधानतम होता है और तीसरे, घटनाओं के केन्द्र में रहने के कारण वही फल का भोक्ता होता है। इस दृष्टि से चन्द्रगुप्त के नायकत्व पर विचार करने पर दो बातें सामने आती हैं- एक तो उच्चवंशीय क्षत्रिय और राजा होने के नाते उसे प्रमुख पात्र माना जा सकता है; दूसरे, फल की सिद्धि (राज्यलक्ष्मी का स्थिर होना) भी उसी को होती है। कीथ के अनुसार नाटक के भरतवाक्य में चन्द्रगुप्त का उल्लेख है, फलस्वरूप उसी को नायक स्वीकार किया जाना चाहिए। उन्होंने 'द संस्कृत ड्रामा' में इस मत का प्रबल प्रतिपादन किया है, किन्तु अब इस विषय में सन्देह प्रकट किया जाता है कि भरतवाक्य में राक्षस ने चन्द्रगुप्त मौर्य की प्रशस्ति की है; अपितु यह सिद्ध किया जा चुका है कि वहाँ नाटककार द्वारा चन्द्रगुप्त द्वितीय की प्रशंसा की गई हैं फिर, चन्द्रगुप्त मौर्य की एक कमी अत्यन्त स्पष्ट है- वह सम्पूर्ण नाटक में निष्क्रिय रहा है। उसका व्यक्तित्व चाणक्य पर निर्भर करता है, फलस्वरूप कथा का सूत्रधार वह कदापि नहीं है।

रस- भारतीय साहित्यशास्त्र में काव्य को रसात्मक वाक्य की संज्ञा दी गई है[1]; फलस्वरूप नाटक में भी रसविशेष का अंगी रस के रूप में, और एकाधिक अन्य रसों का सहायक रसों के रूप में, समावेश अभीष्ट होता है। वस्तुतः ह्रसास्वाद ही यहाँ साहित्य या कला का चरम अभिप्राय समझा जाता रहा है। मुद्राराक्षस जैसे राजनैतिक नाटक में भी हम इतिहास, राजनीति आदि बौद्धिक तत्त्वों को रसोन्मुख पाते हैं।[2] भारतीय आचार्यों ने शान्त रस के अतिरिक्त प्रायः अन्य समस्त रसों को नाटक के लिए अनुकूल माना है। इस दृष्टि से 'मुद्राराक्षस' में वीर रस और उसके स्थायी भाव 'उत्साह' की आद्यन्त व्याप्ति रही है। किन्तु, वीर रस को इसमें परम्पराभुक्त रूप में ग्रहण नहीं किया गया है। युद्ध में शस्त्र-कौशल दिखाने की अपेक्षा इसमें राजनीतिक कूट चालों का आश्रय लिया गया है। यद्यपि इसमें परोक्ष रूप में हत्या और छल-प्रपंच को मुख्य स्थान प्राप्त रहा है, किन्तु इसके साथ ही लेखक की दृष्टि सदुद्देश्यपूर्ण कथानक पर भी केन्द्रित रही है। फलस्वरूप न तो इसमें कोई युद्ध-दृश्य है और न रक्तपात का प्रत्यक्ष चित्रण, भले ही षष्ठ अंक में राक्षस खड्ग खींचकर 'समर साध' इत्यादि पढ़ते हुए 'इधर-उधर टहलता है।'[3] इसी भाँति पर्वतेश्वर, दारुवर्म्म आदि पात्रों की हत्या तो करायी गई है, किन्तु इसके लिए युद्ध अथवा संघर्ष की भूमिका प्रस्तुत न कर नाटककार ने राजनीति-कौशल का आश्रय लिया है। डॉ. सुरेशचन्द्र गुप्त के अनुसार, प्रस्तुत नाटक में वीर रस के एक नवीन भेद-राजनीतिवीर-की उद्भावना की गई है, जिसे 'युद्धवीर' की अंगभू प्रवृत्ति माना जा सकता है।[4] 'मुद्राराक्षस' की एक अन्य विशेषता यह है कि इसमें आद्यन्त एक ही रस का निर्वाह हुआ है। शृंगार, वात्सल्य, हास्य प्रभृति रसों की योजना इसमें नहीं की गई अन्यथा किसी स्त्री-पात्र और चन्दनदास के पुत्र के माध्यम से प्रथम दो रसों; और विदूषक को स्थान देकर हास्य रस का समावेश कुछ अनुचित न होता। संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि रस-योजना के सन्दर्भ में विशाखदत्त ने इस कृति को सर्वथा मौलिक स्वरूप प्रदान किया है।

✦✦✦

---

1. 'वाक्यं रसात्मकं काव्यम्', साहित्यदर्पण 1/3
2. चिन्ताधारा (1955), जानकीवल्लभ शास्त्री, 'संस्कृत-साहित्य में एकांकी' शीर्षक लेख, पृ. 37
3. मुद्राराक्षस, छठा अंक, पृ. 143
4. मुद्राराक्षस, (1968), राधाकृष्ण प्रकाशन, पृ. 22